वर्ष 72 ▸ अंक 213 ▸ पृष्ठ 12
रीवा, शुक्रवार 02 मई, 2025
वैशाख शुक्ल पक्ष 05, विक्रम संवत् 2082
नगर ▸ मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

> जाति कोई दीवार नहीं है, जो हिंदुओं को एक-दूसरे से मिलने-जुलने से रोकती है, इसलिए गिरा देना चाहिए। जाति एक धारणा है; यह मन की एक अवस्था है।
> – बी. आर. अंबेडकर




### जाति जनगणना कराने की घोषणा के बाद सरकार और विपक्ष में श्रेय लेने की होड़

# हेडलाइन दे दी, लेकिन कब मिलेगी डेडलाइन, बढ़ाएं आरक्षण की सीमा


**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्र सरकार की ओर से जातिगत जनगणना की घोषणा के बाद अब इसका श्रेय लूटने की होड़ शुरू हो गई है। कांग्रेस ने गुरुवार को सरकार पर हमला करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुर्खियां बनाने में माहिर हैं। हेडलाइन तो दे दी है, लेकिन डेडलाइन कहां है। कांग्रेस ने मांग की कि जातिगत जनगणना जल्दी से जल्दी होनी चाहिए। यह मांग कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने दिल्ली में पार्टी कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए की। उधर, भाजपा की ओर से केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जाति आरक्षण के कट्टर विरोधी थे।

वहीं पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बेंगलुरू में कहा कि वह जनगणना के लिए पर्याप्त धनराशि आवंटित करे और समय सीमा भी तय करे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने जाति जनगणना की मांग की थी और इसके लिए पूरे देश में आंदोलन किया था और अब वे खुश हैं कि उन्होंने जो चाहा था, वह हासिल कर लिया है। खड़गे ने कहा– मैंने दो साल पहले जनगणना के साथ जाति जनगणना कराने के लिए एक पत्र लिखा था, तब प्रधानमंत्री सहमत नहीं हुए लेकिन अब सरकार ने जनगणना के साथ जातिगत गणना कराने का निर्णय लिया है। यह अच्छी बात है और हम पूरा सहयोग करेंगे लेकिन भाजपा को नेहरू पर अनावश्यक टिप्पणी नहीं करनी चाहिए कि वह इसके विरोध में थे। बल्कि समय बताना चाहिए कि यह कब से शुरू होगी और कब जातियों के आंकड़े आएंगे। उन्होंने कहा कि जब तक आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत है, तब तक जातिगत जनगणना से सामाजिक न्याय का लक्ष्य हासिल नहीं होगा।

## कांग्रेस का आरएसएस पर हमला, भाजपा ने नेहरू को बनाया निशाना

### आरएसएस आरक्षण के खिलाफ

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जन्म से ही आरक्षण के खिलाफ हैं और ऐसे लोग कांग्रेस पर जाति जनगणना के पक्ष में नहीं होने का आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने मोहन भागवत का एक पुराना बयान याद दिलाते हुए कहा–संघ प्रमुख ने एक बार कहा था कि आरक्षण नीति की समीक्षा होनी चाहिए। पता लगाया जाना चाहिए कि आरक्षण किसको, कब तक जरूरत है। ऐसे लोग कांग्रेस को आरक्षण विरोधी ठहरा रहे हैं।



वे (भाजपा) लोगों के मन में भ्रम पैदा करने की कोशिश करते हैं और यह दिखाने की कोशिश करते हैं कि केवल वे ही देश का कल्याण चाहते हैं। राजनीतिक उद्देश्यों के लिए वे हमेशा ऐसी चीजें करते हैं। उन्होंने कहा, मैं राजनीति में नहीं जाना चाहता। जो भी अच्छा है, मैं उसका स्वागत करता हूं और जो भी बुरा है, मैं उसका विरोध करता हूं, क्योंकि आखिरकार देश महत्वपूर्ण है, लोग महत्वपूर्ण हैं। हमें सामाजिक न्याय का लक्ष्य हासिल करना है।

### पूरी कांग्रेस आरक्षण विरोधी: प्रधान

उधर, भाजपा ने भी जातिगत जनगणना का श्रेय लेने की कोशिश शुरू कर दी है। गुरुवार को केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने प्रेस कॉन्फ्रेस की। इसमें उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू का जिक्र किया।



उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस आरक्षण का श्रेय लेने की कोशिश कर रही है। जब बात आ ही गई है तो खुलकर चर्चा होनी चाहिए। 1951 में किसकी सरकार थी। अगर महात्मा गांधी और बाबा साहेब न होते, संविधान सभा में बहस नहीं होती, सामाजिक संवेदना नहीं होती तो आरक्षण भी नहीं होता। यह जगजाहिर है कि पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जाति आरक्षण के कट्टर विरोधी थे। उनका विरोध केवल बयानों तक सीमित नहीं था। उन्होंने राज्यों के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कहा था कि आरक्षण से गुणवत्ता घट जाएगी। ऐसी ही इंदिरा गांधी थीं। काका कालेकर की रिपोर्ट को सामने नहीं लाने का फैसला उन्हीं का था। मंडल रिपोर्ट को 10 साल तक किसने कालकोठरी में बंद रखा?

### कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक आज

जाति जनगणना के मुद्दे पर कांग्रेस अपनी रणनीति मजबूत करने के लिए सक्रिय हो गई है। शुक्रवार को कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक बुलाई गई है, इसमें इस मुद्दे पर पार्टी की स्थिति और भविष्य की दिशा तय की जाएगी। यह बैठक शाम 4 बजे नई दिल्ली में होगी। कांग्रेस इस कोशिश में है कि उसकी मांग पूरी हो गई है, तब उसे राजनीतिक लाभ भी मिलना चाहिए। राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना की घोषणा को अपनी पार्टी की जीत के रूप में पेश किया है। अब इसका फायदा उठाने की तैयारी है।

### 50 प्रतिशत रिजर्वेशन का बैरियर तोड़ने के लिए संसद में बिल लाए सरकार : असदुद्दीन ओवैसी



एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने जातीय जनगणना शुरू होने से पहले ही केंद्र सरकार से एक और बड़ी मांग कर दी है। हालांकि, कांग्रेस भी इस तरह की मांग कर चुकी है। ओवैसी ने कहा, जातीय जनगणना होनी चाहिए ताकि यह पता लगाया जा सके कि किस जाति के लोग विकसित हैं या किस जाति के लोग विकसित नहीं हैं। सकारात्मक कार्रवाई और इस देश में न्याय करने के लिए यह बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा– सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी आरक्षण 27 प्रतिशत पर रोक दिया है। यह गलत है। पूरा आरक्षण 50 प्रतिशत की सीमा पर रुका पड़ा है। सरकार को चाहिए कि वह 50 प्रतिशत रिजर्वेशन का बैरियर तोड़ने के लिए संसद में बिल लाए। ओवैसी ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को बधाई भी दी। उन्होंने कहा, मैं तेलंगाना में ऐतिहासिक जाति जनगणना को लागू करने के लिए उनकी सराहना करता हूं। उन्होंने कहा, यह स्वतंत्र भारत में अपनी तरह की ऐसी पहली पहल थी, जिससे पता चला था कि राज्य की 56.32 प्रतिशत जनसंख्या पिछड़ी जातियों की है। मोदी सरकार को तेलंगाना के मॉडल पर ही जातिगत जनगणना करानी चाहिए।

# आतंकी हमले की जांच की मांग बेतुकी: सुप्रीम कोर्ट

### फटकार: सुरक्षाबलों का मनोबल न गिराएं

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की न्यायिक जांच का आदेश देने से इंकार कर दिया है। इसके साथ ही जस्टिस सूर्यकांत और एनके सिंह की बेंच ने याचिकाकर्ता को फटकार भी लगाई।



कोर्ट ने कहा कि यह संवेदनशील समय है। पूरा देश एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ खड़ा है। क्या आप सिक्योरिटी फोर्स का मनोबल गिराना चाहते हैं। ऐसी याचिकाएं कोर्ट में मत लाइए। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, ऐसी जनहित याचिकाएं दायर करने से पहले जिम्मेदारी से काम लें। देश के प्रति भी आपका कुछ कर्तव्य है। आप रिटायर्ड जज से जांच करने के लिए कह रहे हैं। हम जांच (आतंकी हमले) के एक्सपर्ट कब से बन गए। हमारा काम केवल फैसला सुनाना है। हालांकि कोर्ट ने कहा स्टूडेंट की सुरक्षा से जुड़े मुद्दे पर आप हाईकोर्ट जा सकते हैं।

#### तीन लोगों ने दायर की थी याचिका

यह जनहित याचिका कश्मीर के रहने वाले मोहम्मद जुनैद ने दायर की थी। याचिकाकर्ताओं में फतेश कुमार साहू और विकी कुमार भी शामिल थे। इस याचिका में मूल मांग यह की गई थी कि पहलगाम हमले की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट एक रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में न्यायिक आयोग का गठन करे। हालांकि, कोर्ट की फटकार के बाद याचिका को वास ले लिया गया।

दरअसल, याचिका में केंद्र सरकार, जम्मू-कश्मीर प्रशासन, सीआरपीएफ और एनआईए को निर्देश देने की अपील की गई थी कि वे पर्यटक क्षेत्रों में नागरिकों की सुरक्षा के लिए एक ठोस एक्शन प्लान तैयार करें। इसके तहत वास्तविक समय में निगरानी, खुफिया समन्वय और त्वरित प्रतिक्रिया टीमों की तैनाती जैसे उपाय सुझाए गए थे। याचिका में यह भी मांग की गई थी कि पहाड़ी और संवेदनशील इलाकों में पर्यटकों की सुरक्षा के लिए सशस्त्र बलों की तैनाती की जाए।

# हर तरह के अवैध निर्माण को तोड़ना अनिवार्य: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अवैध और अनधिकृत निर्माण पर अपने रुख की पुष्टि करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता में एक गैरकानूनी इमारत के नियमितीकरण की मांग करने वाली याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा– ऐसे मामलों में कोई उदारता नहीं दिखाई जानी चाहिए और संरचना को ध्वस्त कर दिया जाना चाहिए। अवैध संरचनाओं को बिना किसी अपवाद के विध्वंस का सामना करना चाहिए। इनके नियमितीकरण के सभी रास्ते बंद कर दिए जाने चाहिए। कानून को उन लोगों के बचाव में नहीं आना चाहिए जो इसकी कठोरता की धज्जियां उड़ाते हैं। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की खंडपीठ ने कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले की पुष्टि की।

#### यह है मामला

कोलकाता में एक इमारत बनाई गई। इस पांच मंजिला इमारत की दो मंजिलों को बिना परमीशन के बना लिया गया। नगर निगम ने जब इन दोनों अवैध मंजिलों को तोड़ने की कोशिश की तो मकान मालिक ने कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दी। हालांकि हाईकोर्ट से उसे राहत नहीं मिली।

## ऑफ बीट

### खतरनाक स्नाइपर जिससे कांपती थी हिटलर की सेना

*इतिहास में कई ऐसी महिला हुईं, जिन्हें उनकी वीरता के लिए जाना जाता है। ऐसी ही एक महिला थी ल्यूडमिला पवलिचेंको, जिनका नाम शायद आपने नहीं सुना होगा। इस महिला का नाम इतिहास में दर्ज है। यह महिला इतिहास की सबसे खतरनाक महिला शूटर (स्नाइपर) मानी जाती है। ऐसी शूटर जिसने जर्मन तानाशाह हिटलर की नाजी सेना की नाक में दम कर दिया था। इस महिला को सोवियत संघ के हीरो के तौर पर भी जाना जाता है। ल्यूडमिला द्वितीय विश्व युद्ध के समय सोवियत संघ की रेड आर्मी में थीं, वो भी तब जब महिलाओं को आर्मी में नहीं रखा जाता था। महज 25 साल की उम्र में ल्यूडमिला ने अपनी स्नाइपर राइफल से कुल 309 लोगों को मार गिराया था।*

### विशेष सूचना

**ये दुनिया मिल भी जाये तो क्या है...**

(पढ़ें सम्पादकीय पेज पर)

### आईपीएल में आज

IPL 2025 TATA IPL

**गुजरात बनाम हैदराबाद**

समय : शाम 7.30 बजे से

प्रसारण: स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

**परिणाम: मुंबई ने राजस्थान को 100 रन से हराया।**






खराब फील्डिंग, धीमी बल्लेबाजी और कम बाउंड्री बनी सीएसके की प्लेऑफ से जल्द विदाई की वजह (पेज 11)



# इंतजार खत्मः नये कोर्ट भवन का लोकार्पण 4 को

## उप मुख्यमंत्री ने तैयारियों का लिया जायजा



**जागरण, रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का 4 मई को रीवा जिले का भ्रमण प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री रीवा में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। रीवा के नवनिर्मित न्यायालय भवन का लोकार्पण कार्यक्रम भी 4 मई को प्रस्तावित है। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने नवीन कोर्ट परिसर का भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### सोशल साइट्स से राजनीति चमकाने वाले कई नेता और माननीय ने बना ली दूरी

# फेसबुक और ट्वीटर पर सिर्फ डिप्टी सीएम और सांसद ही सबसे ज्यादा चमक रहे, बाकी का रंग फीका

## कुछ ने विस चुनाव में ही पोस्ट किया था
## कुछ ने यूट्यूब चैनलों को पसंद बना लिया

**जागरण, रीवा।** लोकसभा और विधानसभा में सोशल साइट्स में खूब एक्टिव होने वाले माननीयों ने इससे दूरी बना ली है। कुछ ने तो बिल्कुल ही पोस्ट करना बंद कर दिया है, कुछ अभी एक्टिव हैं। इसमें टॉप पर डिप्टी सीएम और सांसद हैं। इसके अलावा कुछ विधायक भी पोस्ट साझा कर रहे हैं। समय के साथ माननीयों ने अपने प्रचार-प्रसार का जरिया बदल लिया है। अब नए ट्रेंड की तरफ बढ़ चले हैं। ज्ञात हो कि चुनाव में नेता अब जनता के बीच प्रचार प्रसार करने से ज्यादा उसे सोशल मीडिया और सोशल साइट्स पर ज्यादा भुनाते हैं। राजनीतिक प्रचार प्रसार का ट्रेंड बदल गया। पहले अखबार और पोस्टर, बैनर से प्रचार प्रसार होता था। जब से हाथों में मोबाइल आया तब से सभी नेताजी स्मार्ट हो गए। उन्होंने भी स्मार्ट वर्क शुरू कर दिया। पिछले चुनाव में चुनाव लड़ने वाले नेताओं ने सोशल साइट्स का भरपूर उपयोग किया था। चुनाव के बाद जो जीते उसमें से कुछ ही अब भी एक्टिव हैं। कुछ पूरी तरह से इस राह से दूर हो गए हैं।

### कौन है सोशल साइट्स पर ज्यादा एक्टिव

यदि माननीयों की बात करें तो डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ला सोशल साइट्स पर ज्यादा एक्टिव हैं। इनकी हर दिन 8 से 10 पोस्ट फेसबुक और एक्स पर पोस्ट हो रही हैं। गुरुवार को डिप्टी सीएम के फेसबुक एकाउंट से 10 और एक्स पर 11 पोस्ट हुईं। इसी तरह दूसरे नंबर पर सांसद जनार्दन मिश्रा हैं। गुरुवार को फेसबुक पर 7 और एक्स पर एक पोस्ट की गई। मऊगंज विधायक ने फेसबुक पर 6 और एक्स पर 6 पोस्ट हुई हैं। मनगवां विधायक इंजीनियर नरेन्द्र प्रजापति के फेसबुक पर 5 मैसेज पोस्ट हुए। इसी तरह त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी लंबे समय से फेसबुक पर एक्टिव नहीं दिखे। एक्स पर जरूर इनकी पोस्ट हर दिन आ रही है। गुरुवार को एक्स पर 6 पोस्ट की गईं। इसी तरह सेमरिया विधायक अभय मिश्रा भी फेसबुक पर लंबे समय से एक्टिव नहीं हैं। एक्स पर ही इनकी पोस्ट देखने को मिलती है। गुरुवार को 2 पोस्ट दिखीं। इसके अलावा देवतालाब विधायक और गुढ़ विधायक किसी भी सोशल साइट्स पर एक्टिव नजर नहीं आए।

### सोशल मीडिया अब ज्यादा पसंद आने लगा है

राजनीति से जुड़े नेताओं और माननीयों को अब सोशल मीडिया ज्यादा पसंद आने लगा है। इसमें ब्यूअर भी पर्याप्त मिल रहे हैं। यूट्यूब पर खबरों में माननीय ज्यादा असर छोड़ते हैं। यही वजह है कि सोशल साइट्स की जगह पर अब कई माननीयों ने यूट्यूब को तवज्जों देना शुरू कर दिया है। आए दिन किसी न किसी मुद्दे पर बयानबाजी करते नजर आ ही जाते हैं। इसमें ऑडियो और वीडियो दोनों रहता है। इससे इन माननीयों को राजनैतिक फायदा भी ज्यादा मिलता है।

### फोटो मीटर रीडिंग में फिर गड़बड़ी, जबलपुर से रीवा पहुंचा अल्टीमेटम

# रीवा में 80 से अधिक मीटर रीडरों को बाहर किया, नए रखे फिर भी गड़बड़ी

## मुख्य महाप्रबंधक जबलपुर ने मीटर रीडरों पर कार्रवाई के दिए निर्देश

## मीटर रीडरों को बाहर करके अधिकारियों ने चहेतों को रखा, अब हालात पहले जैसे

जागरण, रीवा

फोटो मीटर रीडिंग अनिवार्य की गई है। फोटो रीडिंग में गड़बड़ी करने पर 80 से अधिक मीटर रीडरों पर गाज गिरी। सभी को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। इनकी जगह पर नई नियुक्ति की गई। इसके बाद भी गड़बड़ी नहीं रुक रही। जबलपुर से इस गड़बड़ी पर एक्शन के निर्देश दिए हैं। साथ ही नुकसान की भरपाई डीई और एसई से करने को कहा गया है।

ज्ञात हो कि विद्युत विभाग में आउटसोर्स कर्मचारियों की नियुक्ति और बाहर किए जाने का बड़ा खेल चल रहा है। इस खेल में अधिकारी मालामाल हो रहे हैं। वहीं कर्मचारी मानसिक रूप से परेशान किए जा रहे हैं। कंपनी की गड़बड़ी की सजा कर्मचारियों को झेलनी पड़ती है। सभी घरों में मीटर नहीं लगाए गए। जहां लगे थे, वह गायब है। इसके बाद भी शहरी, इंडस्ट्रियल क्षेत्रों में फोटो मीटर रीडिंग अनिवार्य कर दी गई है। फोटो मीटर रीडिंग दर्ज नहीं होने पर रीवा जिला मे कई मीटर रीडरों पर गाज भी गिरी। उन्हें नौकरी से बाहर कर दिया गया। उनकी जगह पर फिर से डिवीजन स्तर पर नई भर्तियां की गई। इन भर्तियों के बाद उम्मीद थी कि काम बेहतर होगा। हालांकि ऐसा नहीं हुआ। अधिकारियों ने फोटो मीटर रीडिंग के काम में चहेतों को ही लगा दिया। कोई रिश्तेदार नौकरी कर रहा तो कोई किसी का खास फोटो मीटर बन बैठा है। इसी का परिणाम अब सामने आया है। मीटर रीडरों की गड़बड़ियां जस की तस बनी हैं। हाल ही में इन गड़बड़ियों का लेखा-जोखा जबलपुर से सभी कार्यपालन अभियंताओं को भेजा गया है। साथ ही चेतावनी भी दे दी गई है कि इस नुकसान की भरपाई अधिकारियों से की जाएगी। अब सभी के कान खड़े हो गए हैं।



### इस तरह जनवरी और फरवरी में दिखी गड़बड़ी

जनवरी महीने में शहरी क्षेत्र में 61 हजार 235 उपभोक्ताओं का फोटो मीटर रीडिंग लिया गया। इसमें 16 हजार 444 उपभोक्ताओं के रीडिंग में गड़बड़ी देखने को मिली। इसका प्रतिशत 27 रहा। इसी तरह फरवरी में गैर घरेलू उपभोक्ताओं की संख्या 22 हजार 920 रही। इनमें से 8492 उपभोक्ताओं के फोटो मीटर रीडिंग में गड़बड़ी मिली। इनके गड़बड़ी का प्रतिशत 37 रहा। फरवरी महीने में 2207 इंडस्ट्रियल उपभोक्ताओं की फोटो रीडिंग ली गई। इसमें 782 में गड़बड़ी सामने आई थीं। इसी तरह घरेलू और इंडस्ट्रियल उपभोक्ताओं को जोड़ दें तो यह संख्या 1 लाख 7 हजार 75 रही। इसें से 33428 उपभोक्ताओं के फोटो रीडिंग में गड़बड़ी मिली।

### मुख्य महाप्रबंधक ने पत्र लिखकर कार्रवाई की दी चेतावनी

फोटो मीटर रीडिंग में आए वायलेशन को लेकर जबलपुर मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनीके मुख्य महाप्रबंधक ने सभी अधीक्षण अभियंता और कार्यपालन अभियंता को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि बीआईयू सेल द्वारा प्रतिमाह औद्योगिक, गैर घरेलू और शहरी घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं की प्रत्येक फोटो मीटर रीडिंग का मिलान मीटर वाचकों द्वारा ली गई उपभोक्ताओं की रीडिंग से किया गया है। श्रेणीवार उपभोक्ताओं पीएमआर वॉयलेशन की रिपोर्ट संबंधित संचारण संधारण संकाय को प्रेषित की जाती है। रिपोर्ट के अनुसार फरवरी 25 में मीटर वाचकों ने औद्योगिक और गैर घरेलू श्रेणी के कनेक्शनों की 33-33 प्रतिशत मीटर रीडिंग गलत ली गई है। शहरी घरेलू कनेक्शनों में जनवरी 25 में 21 फीसदी मीटर रीडिंग गलत ली गई है। प्रत्येक गलत रीडिंग पर हुए कंपनी और लागत की भरपाई कार्यपालन अभियंता से करने के लिए कहा गया है।

### विद्युत विभाग में यह चल रहा है खेल

विद्युत विभाग में सारे काम आउटसोर्स से चल रहे हैं। करीब 1 हजार आउटसोर्स कर्मचारी विद्युत विभाग के पांचों डिवीजन में पदस्थ हैं। इन आउटसोर्स कर्मचारियों की नियुक्ति का ही खेल चल रहा है। सभी डिवीजन में पहले से जमे आउटसोर्स को बाहर किया जाता है। इसके लिए उन्हें तरह तरह से प्रताड़ित किया जाता है। पद रिक्त होने के बाद फिर इनकी जगह पर नए कर्मचारियों की नियुक्ति को लेकर भी सौदेबाजी की जाती है। इसी नियुक्ति में अधिकारी से लेकर कर्मचारी मालामाल हो रहे हैं। खूब धन बरस रहा है। यही वजह है कि आए दिन विभागों में आउटसोर्स कर्मचारियों को लेकर विवाद की स्थिति खड़ी हो रही है।

### निकाले गए मीटर रीडर लड़ रहे हैं लड़ाई

जो गड़बड़ी हाल ही के महीनों में सामने आई हैं, उन्हीं गड़बड़ियों को लेकर नौकरी से बाहर किए गए मीटर रीडर लड़ाई लड़ रहे हैं। मुख्य अभियंता कार्यालय के बाहर भी धरने पर बैठे थे। इन सभी को मुख्य अभियंता ने जांच कराने के बाद वापस से नौकरी पर रखने की बात कही थी। अब फिर से वही स्थिति बन गई है। पुराने कर्मचारी वापस नौकरी पर रखने की मांग कर रहे हैं तो नए वालों पर कार्रवाई के निर्देश पहुंच गए हैं।

# 8 सहायक राजस्व निरीक्षकों के एक दिन का वेतन काटने के निर्देश

**जागरण, रीवा।** शहर के कई वार्डों में समग्र ई-केवाईसी की प्रक्रिया अत्यंत धीमी होने के कारण निगमायुक्त द्वारा 8 सहायक राजस्व निरीक्षकों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये गये हैं। इन सहायक राजस्व निरीक्षकों की जिन वार्डों में ड्यूटी लगाई गई थी उन वार्डों में अपेक्षानुसार समग्र ई-केवाईसी नहीं की गई है। समग्र ई-केवाईसी करने की 30 अप्रैल आखिरी तारीख थी। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा समस्त नागरिकों का समग्र का आधार के साथ शत-प्रतिशत ई-केवाईसी पूर्ण किये जाने का अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत सभी नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी अनिवार्य है, एवं ई-केवाईसी पश्चात ही नागरिक मध्यप्रदेश शासन के कार्यों से जुड़ सकेंगे। निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे द्वारा नगर निगम क्षेत्र अंर्तगत सभी नागरिकों के समग्र का आधार के साथ ई-केवाईसी पूर्ण कराये जाने हेतु जोन क्र. 1, 2, 3 एवं 4 में पदस्थ सहायक राजस्व निरीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी, किन्तु कुछ वार्डों में आपेक्षित प्रगति नहीं हो पाई जिससे कार्य की गति प्रभावित हुई है एवं इन वार्डों में केवाईसी प्रक्रिया नगण्य पाई गई है। इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुये निगमायुक्त ने संबंधित कर्मचारियों के एक-एक दिन के वेतन की कटौती करने के निर्देश दिये है। जिन कर्मचारियों कीवेतन कटौती की जानी है उनमें शिवप्रसाद पाण्डेय प्रभारी सहायक राजस्व निरीक्षक वार्ड 9, प्रेमचन्द्र मिश्रा प्रभारी सहायक राजस्व निरीक्षक वार्ड 12, हरीश कुमार अहिरवार सहायक राजस्व निरीक्षक वार्ड 12, राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय प्रभारी सहायक राजस्व निरीक्षक वार्ड 16, प्रत्यूष कुमार सिंह सहायक राजस्व निरीक्षक वार्ड 14, रामकरण वर्मा प्रभारी सहायक राजस्व निरीक्षक वार्ड 25, रोहित भारत प्रभारी सहायक राजस्व निरीक्षक वार्ड 39 एवं विकास सिंह सहायक राजस्व निरीक्षक वार्ड 40 आदि शामिल हैं। निगमायुक्त ने कहा कि कर्मचारियों द्वारा भविष्य में निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप प्रभावी कार्यवाही न किये जाने पर अनुशासनात्मक एवं कड़ी कार्यवाही की जावेगी। ई-केवाईसी पश्चात ही नागरिकों को मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।

■ **शहर के कई वार्डों में पूरी नहीं हो पाई है समग्र ई-केवाईसी की प्रक्रिया**

## डॉक्टर साहब कहिन



### हर चौथा कपल निःसंतानता से पीड़ित

बदलते समय और परिवेश ने दाम्पत्य जीवन को भी प्रभावित कर दिया है। अब विवाह के बाद पति-पत्नी बच्चे के लिए परेशान हो रहे हैं। निःसंतानता की समस्या तेजी से बढ़ रही है। इसके पीछे वजह कई हैं। यदि छोटी छोटी बातों पर गौर करें और इनसे दूरी बनाई जाए तो निःसंतानता या फिर बांझपन जैसी समस्या से भी मुक्ति पाई जा सकती है। रीवा में भी अब ऐसी सुविधाएं उपलब्ध हैं जो मां की सूनी कोख को भर सकती हैं। स्त्री रोग विशेषज्ञ के पास पहुंचने वाले मरीजों में हर चौथा कपल निःसंतानता से जूझ रहा है। यदि कोई वैवाहिक जोड़ा इस समस्या से ग्रसित है तो वह परेशान न हो। डॉक्टर से संपर्क करे।

**कैसे समझें की समस्या अब बढ़ गई है**

यदि कोई शादीशुदा कपल एक साल साथ में रहे, लगातार दोनों बिना किसी तरह के परिवार नियोजन के साधन उपयोग किए फिजिकल रिलेशन में रहें, इसके बाद भी यदि बच्चा नहीं होता है तो यह समझ लें कि समस्या बढ़ गई है। उन्हें तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

**यह है निःसंतानता की बड़ी वजह**

वर्तमान समय में सभी की दिनचर्या बदल गई है। बदली दिनचर्या ही सबसे बड़ी वजह है। इसके अलावा अधिक मोटापा, धूम्रपान का सेवन करना, तनाव, इसके अलावा कई बार एबॉर्शन, देर से शादी होना, लंबे समय से पति-पत्नी के बीच में दूरी होना। शारीरिक संबंध स्थापित नहीं होना भी वजह बन सकती है। उम्र के साथ महिला पुरुष में प्रजनन और गर्भधारण की क्षमता कम होने लगती है। पुरुषों में शुक्राणुओं की संख्या का कम होना, गतिशीलता की कमी, महिलाओं में अंडोत्सर्जन की समस्या, फेलोपियन ट्यूब में रुकावट, एंडोमेट्रियोसिस, पीसीओएस मुख्य वजह होती हैं।

**निःसंतानता का उपचार अब संभव है**

ऐसे दम्पति का इलाज अब रीवा में भी संभव है। ऐसे दम्पति की काउंसलिंग करनी पड़ती है। मेल और फीमेल की समस्याओं का समझा जाता है। इसके बाद ही इनका ट्रीटमेंट शुरू होता है। इसमें सबसे पहले समस्या की जड़ तलाशी जाती है। यदि हर तरह से इलाज फेल हो जाता है तो अंतिम में आईवीएफ विकल्प बचता है। इसमें अंडाणु और शुक्राणु को शरीर के बाहर मिलाकर भ्रुण को गर्भाषण में इनजेक्ट किया जाता है।



**डॉ निकिता सेन**
**प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, रीवा**

# दीनदयाल धाम कॉलोनी में ९.९० लाख रुपए की लागत से बनेगी रोड और नाली

**जागरण, रीवा।** शहर के वार्ड क्रमांक 3 में दीनदयाल धाम कॉलोनी के पास शिवम किराना स्टोर से लेकर वीडी श्रीवास्तव के घर तक 9.90 लाख रुपये की लागत से रोड और नाली का निर्माण किया जाएगा। वार्ड पार्षद सपना वर्मा के प्रयासों से बनने जा रही इस रोड और नाली के निर्माण से अब लोगों को बरसात के महीने में होने वाली परेशानी से निजात मिलेगी। 9.90 लाख रुपये की लागत वाली रोड और नाली का भूमिपूजन वार्ड पार्षद सपना अशोक वर्मा की मौजूदगी में वार्ड के वरिष्ठ भाजपा नेता चंद्रशेखर तिवारी द्वारा किया गया। भूमिपूजन के अवसर पर अटल मंडल के उपाध्यक्ष दिलीप तिवारी, वार्ड संयोजक बृजेश तिवारी बेटू भैया, पुष्पेंद्र दुबे, रामस्वरूप विश्वकर्मा, चंद्रकली शुक्ला, सरोज द्विवेदी, विशाल वर्मा एवं वार्ड के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। इस रोड और नाली के निर्माण को लेकर लोगों का कहना है कि उन्हें अब बहुत ही अच्छी सुविधा मिलेगी।

**वार्ड पार्षद सपना अशोक वर्मा की मौजूदगी में किया गया भूमिपूजन**



## जिले भर में आज मनाया जाएगा लाडली लक्ष्मी उत्सव

**रीवा।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अन्य विभागों के सहयोग से दो मई को जिले भर में लाडली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिला तथा विकासखण्ड मुख्यालय के साथ-साथ प्रत्येक ग्राम पंचायत नगरीय निकाय में इसका आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास प्रतिभा पाण्डेय ने बताया कि कार्यक्रम प्रातः 11 बजे आरंभ होगा। लाडली लक्ष्मी उत्सव में स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, लाडली लक्ष्मी बालिकाएं एवं उनके अभिभावक शामिल होंगे। कार्यक्रम में कन्यापूजन करके लाडली लक्ष्मी बेटियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में सफलताएं प्राप्त करने वाली बालिकाओं को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में संचालन और भाषण की जिम्मेदारी भी लाडली बालिकाएं ही उठाएंगी। कार्यक्रम में अपराजिता योजना के तहत महिलाओं की आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट का प्रदर्शन किया जाएगा। समारोह में लाडली बालिकाओं द्वारा गीत, संगीत एवं नृत्य सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# नेहरू नगर और आसपास के मोहल्लों की सुबह से शाम तक बंद रहेगी बिजली

## सब स्टेशन में पावर ट्रांसफार्मर का किया जाएगा अपग्रेडेशन

**जागरण, रीवा।** नेहरू नगर सब स्टेशन से निकलने वाली सभी फीडरों की लाइनें बंद रहेंगी। सुबह से शाम तक नेहरू नगर सहित आसपास के मोहल्लों में बिजली बंद रहेगी। शाम 7 बजे के बाद ही बिजली बहाल होगी।

ज्ञात हो कि इस समय रीवा शहर के अंदर बिजली की समस्या से लोगों को झुटकाना दिलाने के लिए नए सब स्टेशन बनाए जा रहे हैं। पुराने सब स्टेशन में लगे पावर ट्रांसफार्मरों का अपग्रेडेशन किया जा रहा है। कुछ दिन पहले विवि सब स्टेशन में पावर ट्रांसफार्मर को अपग्रेड किया गया था। यहां 3.15 एमबीए का पावर ट्रांसफार्मर लगा हुआ था। इसे अपग्रेड कर 5 एमबीए का कर दिया गया है। अब नेहरू नगर सब स्टेशन के पावर ट्रांसफार्मर को अपग्रेड करने की कार्रवाई की जा रही है। यहां 5 एमबीए का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। इसे अपग्रेड कर 8 एमबीए का किया जाना है। शुक्रवार को अपग्रेडेशन का ही काम किया जाना है। इसी वजह से सुबह 6 बजे से शाम 7 बजे तक बिजली बंद रखी जाएगी। सब स्टेशन से निकलने वाले सभी फीडरों की सप्लाई दिन भर बंद रहेगी। अपग्रेडेशन के कारण जनता कॉलेज, गंगोत्री कॉलोनी, शारदा ठीहा, संजय नगर, शारदापुरम, न्यू बस स्टैण्ड एवं नेहरू नगर की बिजली सप्लाई बंद रहेगी। विद्युत विभाग ने इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को पानी आदि की व्यवस्था पहले से करने की अपील की है। जिससे उन्हें किसी तरह की परेशानी न उठानी पड़े।

### बिजली की समस्या हो जाएगी खत्म

रीवा शहर में उपभोक्ताओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है। बिजली की डिमांड भी बढ़ रही है। यही वजह है कि अधिक लोड के बढ़ने के कारण बार बार लोगों को ट्रिपिंग जैसी परेशानी झेलनी पड़ रही है। नेहरू नगर में यह समस्या सबसे ज्यादा थी। पावर ट्रांसफार्मर के लगने से अब यह समस्या नहीं रह जाएगी। मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी रीवा के अधीक्षण अभियंता बीके शुक्ला का कहना है कि यह पहल रीवा वालों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। कुछ ही दिनों में पीटीएस सब स्टेशन भी बन कर तैयार हो जाएगा। इससे ओव्हर लोड, ट्रिपिंग आदि की समस्या खत्म हो जाएंगी।

## मजदूरों की शहादत को याद कर अर्पित की श्रद्धांजलि



**रीवा।** मई दिवस के मौके पर शहर के विकास कॉलोनी में सेन्ट्रल ऑफ इण्डियन ट्रेड यूनियन सीटू द्वारा संगठन के पदाधिकारियों व मजदूर किसान नेताओं की उपस्थिति में मजदूरों की शहादत को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एकता यूनियन के नेता किशोरी वर्मा ने कहा कि केन्द्र सरकार जिस प्रकार श्रम कानूनों में परिवर्तन कर चार श्रम संहिता लेकर आई है, वह मजदूरों के लिए काला कानून है, उसका जोरदार विरोध करना है। सभा को सीटू के महासचिव सौरभ मिश्रा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि मजदूर वर्ग को अपनी एकता व ताकत के आधार पर 20 मई को होने वाली ऐतिहासिक हड़ताल को सफल बनाना है। सीटू के सहायक महासचिव विनय शंकर मुफलिस ने कहा कि सभी मजदूर किसानों को 20 मई की राष्ट्रीय हड़ताल को सफल बनाने के लिए एकजुट होकर लड़ाई तेज करना है।

# आधी रात को विवाह घरों का निरीक्षण करने पहुंचे कमिश्नर, कई को लगाई फटकार

## नियमों विपरीत संचालित पाए गए मैरिज गार्डन, नोटिस जारी किया जाएगा

**जागरण, रीवा।** अक्षय तृतीया को रात्रि के दौरान शहर में संचालित प्रमुख व्यावसायिक मैरिज गार्डनों का निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने नगर निगम के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया कई मैरिज गार्डनों में न तो पार्किंग की व्यवस्था थी ओर न ही फायर सेफ्टी के इंतजाम थे। मैरिज गार्डनों में बारात पहुंचने के दौरान अधिकांश में सड़क पर वाहन पार्क पाये गये। इस पर कमिश्नर ने नाराजगी जताई। नियम विरुद्ध चल रहे मैरिज गार्डन को कमिश्नर ने नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।

निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे द्वारा बुधवार को संस्कृति ग्रीन गार्डन, यूकेएस पैलेस, परिणय वाटिका, लक्ष्मी गार्डेन, लैंडमार्क, हनुमान वाटिका एवं राजवाड़ा पैलेस जैसे प्रतिष्ठित गार्डनों का निरीक्षण कर पार्किंग व्यवस्था, अग्निशमन सुरक्षा, बल्क वेस्ट और वैध अनुमति पत्रों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कई गार्डनों में अनियमितताएं पाई गईं। कुछ स्थानों पर फायर सेफ्टी के उपकरण अनुपलब्ध एवं एक्सपायर पाए गए। कई गार्डनों में कचरा प्रबंधन स्वच्छता व्यवस्था संतोषजनक नहीं थी। इस पर निगमायुक्त ने नाराजगी जताते हुए मैरिज गार्डन संचालकों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। आयुक्त डॉ. सोनवणे ने कहा कि व्यावसायिक रूप से संचालित सभी मैरिज गार्डनों के लिए नगर निगम से लाइसेंस एवं अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य है। सभी बारात घरों का निरीक्षण कर अनियमितताएं पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि बिना लाइसेंस और मानकों का उल्लंघन करने वाले गार्डनों पर जुर्माना लगाने के साथ-साथ सील बंदी की कार्यवाही की जावेगी। निगमायुक्त ने यह भी निर्देश दिए कि अग्निशमन सुरक्षा, स्वच्छता और पार्किंग की सुविधा सुनिश्चित करते हुए गार्डनों को नियमित रूप से निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही की जाए। निरीक्षण के दौरान सहायक यंत्री अम्बरीष सिंह, अभिनव चतुर्वेदी, सहायक अग्निशमन अधिकारी दीपक सिंह तोमर, विक्रम सिंह तिवारी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



INTEGRITY SCHOOL OF EXCELLENCE (SR.SEC.)
TRANSFORMING EDUCATION | Affiliated to CBSE (1031237)
Enroll Now
For Best Education And Healthy Environment
NURSERY TO XII
Humanities | Science | Maths | Commerce Stream
SCHOOL ADMISSION OPEN 2025-26
SALIENT FEATURE OF OUR SCHOOL
• SMART CLASSES • SCIENCE LAB • LARGE PLAYGROUND • LIBRARY
Ward no 43 Badraon, Gurh Road Rewa (M.P.)
9993270266, 8318429143, 8878826819

मजबूत टिकाऊ उत्तम साइज
काशी विश्वनाथ / केसरवानी कार्पोरेशन
IST ईंट की पहचान | कोयले से पकी हुई ईंट
9415215523
9838933337
9598327051
नकली IST से सावधान
पता- इशादतगंज, रीवा रोड, घूरपुर, प्रयागराज 212111
(काशी विश्वनाथ फ्यूल्स, पेट्रोल पंप के पास- आईओसी)

वर्ष 72 अंक 213 पृष्ठ 12
रीवा, शुक्रवार 02 मई, 2025
वैशाख शुक्ल पक्ष 05, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

शांति का अर्थ महज संघर्ष की गैर मौजूदगी नहीं है, बल्कि यह संघर्ष को शांतिपूर्ण तरीकों से संभालने की क्षमता है।
– रोनाल्ड रीगन

## संक्षिप्त खबरें

### कॉमर्शियल गैस सिलेंडर अब 17 रुपए सस्ता

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ऑइल मार्केटिंग कंपनियों ने महंगाई से राहत देते हुए कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 17 रुपए की कटौती कर दी है। नए भाव 1 मई, 2025 से लागू भी हो गए हैं। दिल्ली में अब इसके



दाम 1747.50 रुपए हो गए हैं।घरों में इस्तेमाल होने वाले 14.2 किलो वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। ऐसे में कंपनियों के इस फैसले से आम लोगों को कोई राहत नहीं मिलेगी। कॉमर्शियल एलीपीजी सिलेंडर की कीमतों में हुई इस कटौती से रेस्टॉरेंट, होटल मालिकों को राहत मिलेगी। दिल्ली में इस सिलेंडर की कीमतों में इस साल 5 में से 4 बार कटौती हुई है, जबकि एक बार इसके दाम बढ़ाए गए थे। 1 जनवरी को इसकी कीमतों में 14.5, 1 फरवरी को 7, 1 मार्च को 6 रुपए की बढ़ोतरी, 1 अप्रैल को 41 रुपए की कटौती की गई थी। इसके बाद 1 मई को इसमें 14.50 रुपए की कटौती हुई है।

### दुनिया भर के आईफोन पर 'मर्सनरी स्पाइवेयर' का खतरा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** टेक दिग्गज ऐपल ने एक साथ 150 देशों के आईफोन यूजर्स को बड़े खतरे के प्रति आगाह किया है। यह खतरा 'मर्सनरी स्पाइवेयर अटैक' का है। कंपनी का कहना है कि

**ऐपल ने अपने यूजर्स को किया आगाह**

यह हमले आम साइबर हमलों से ज्यादा खतरनाक हैं। साइबर अपराधी कुछ लोगों और उनके आईफोन को निशाना बनाना चाह रहे हैं। कंपनी का कहना है कि जो भी लोग इन हमलों के पीछे हैं, उनके पास बहुत सारा पैसा और रिसोर्स हैं, जिस वजह से यह अटैक सामान्य साइबर अटैक से बड़ा और गंभीर है। मर्सनरी स्पाईवेयर अटैक का तरीका समय के साथ बदलता रहता है, इसलिए यह स्पष्ट तौर पर नहीं कहा जा सकता कि हमले का अंदाज और पैटर्न क्या होगा। ऐसे हमलों का पता ऐपल अपनी जांच से लगाती है। कहा जाता है कि इस तरह का अटैक बहुत पैसा खर्च करके होता है और कम लोगों को निशाना बनाया जाता है। यही वजह है कि मर्सनरी अटैक को रोकना मुश्किल है।

### 90 प्रतिशत झुलसी गिरिजा व्यास का निधन

**अहमदाबाद, जेएनएन।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और सीनियर कांग्रेस लीडर डॉ. गिरिजा व्यास का निधन हो गया। अहमदाबाद स्थित जायडस अस्पताल में गुरुवार शाम उन्होंने अंतिम सांस ली। वे एक महीने पहले गणगौर पूजा के दौरान



चुन्नी में आग लगने से झुलस गई थीं। 90 प्रतिशत झुलसने से उनकी हालत बिगड़ गई थी। उनका अहमदाबाद में इलाज चल रहा था। गिरिजा व्यास के भाई गोपाल शर्मा ने बताया कि पहले उनकी तबीयत में सुधार हो रहा था, लेकिन दो दिन से तबीयत फिर बिगड़ गई थी। उन्होंने बताया कि गिरिजा व्यास का पार्थिव शरीर गुरुवार देर रात उदयपुर पहुंच जाएगा। शुक्रवार सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए उनके देत्य मगरी आवास पर रखा जाएगा। शाम 4 बजे उदयपुर में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। बता दें कि गिरिजा व्यास केंद्र और राज्य में मंत्री रहीं। वे राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष भी रहीं।

## भोपाल में 18 दिन से लापता बच्ची के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने लिया स्वतः संज्ञान, खामियों पर उठाए सवाल

# मुख्य सचिव, डीजीपी को एनएचआरसी का नोटिस, 14 दिन में दें रिपोर्ट

**नई दिल्ली/ भोपाल, जेएनएन।**

प्रदेश की राजधानी भोपाल के कोहेफिजा क्षेत्र में 18 दिन पहले एक छह वर्षीय बच्ची के लापता होने के मामले में अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होने पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने स्वतः संज्ञान लेते हुए प्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस भेजते हुए दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। इस मामल में मानवाधिकार आयोग ने मीडिया में प्रकाशित रिपोर्ट के आधार पर स्वतः संज्ञान लिया और अपनी कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए जवाब मांगा है।

### क्या है मामला

कोहेफिजा इलाके में एक अंडरब्रिज के पास एक 6 साल की बच्ची अचानक गायब हो गई थी। यह घटना 18 दिन पहले की है, लेकिन अब तक पुलिस न तो बच्ची का कोई सुराग ढूंढ पाई है और न ही किसी संदिग्ध को गिरफ्तार कर पाई है।

### नोटिस में मांगी यह जानकारी

1. बच्ची की गुमशुदगी की अब तक की जांच में हुई प्रगति क्या है?
2. पीड़ित परिवार को क्या कोई सहायता या सुरक्षा दी गई है?
3. राज्य में महिला और बाल सुरक्षा के लिए क्या व्यवस्थाएं हैं?
4. ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत कितनी बच्चियों को अब तक रेस्क्यू किया गया है?

### सख्त टिप्पणी

"राज्य में सीसीटीवी कैमरों का नेटवर्क कमजोर है, त्वरित प्रतिक्रिया दल (रैपिड रिस्पॉन्स टीम) प्रभावी ढंग से काम नहीं कर रहे हैं और पुलिस इकाइयों के बीच समन्वय का भी अभाव है। ऐसे में लापता मामलों की जांच बेहद प्रभावित हो रही है। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा शुरू किया गया 'ऑपरेशन मुस्कान', जिसका उद्देश्य लापता लड़कियों को खोजकर उन्हें पुनर्वास देना था, अब तक किसी भी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच पाया है।
– **राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग**

### बिना परिणाम के 'ऑपरेशन मुस्कान'

एनएचआरसी ने कहा है कि प्रदेश सरकार के 'ऑपरेशन मुस्कान' अभियान के तहत बच्चियों की बरामदगी में कोई उल्लेखनीय प्रगति नहीं हुई है। खासकर इस केस में, बच्ची की मां जो खुद बेघर है और आठ बच्चों की देखभाल करती है, उसने पुलिस को शक जाहिर किया है कि उसके किसी रिश्तेदार की भूमिका हो सकती है। लेकिन न तो पुलिस ने अब तक उस दिशा में जांच आगे बढ़ाई है, न ही किसी को हिरासत में लिया गया है। एनएचआरसी ने कोहफिजा वाले मामले में कहा है कि अगर खबर में बताए गए तथ्य सही हैं, तो यह एक बेहद संवेदनशील और गंभीर मामला है, जो राज्य में कानून-व्यवस्था और महिला-बाल सुरक्षा पर सवाल खड़े करता है।

### 3 साल में 3,400 से अधिक महिलाएं-बच्चियां गायब

मध्यप्रदेश पुलिस के आंकड़े भी इस गहराते संकट की ओर इशारा करते हैं। बीते तीन साल में राज्य से 3,400 से अधिक महिलाएं और बच्चियां लापता हुई हैं। इनमें से कई मामलों में आज तक कोई ठोस सुराग नहीं मिल पाया है।

**कश्मीर में कत्लेआम** अरब सागर में एंटी शिप-एंटी एयरक्राफ्ट युद्धाभ्यास

# तनाव के बीच 'आईएनएस सूरत' हजीरा में अलर्ट पर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बना हुआ है। इस मामले में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेग्सेथ से फोन पर बात की। हालांकि इसकी डिटेल सामने नहीं आई है। इस बीच नेवी का जंगी जहाज आईएनएन-सूरत गुरुवार को पहली बार सूरत के हजीरा पोर्ट पर तैनात किया गया है। यहां नेताओं और नेवी अफसरों ने इसका स्वागत किया। मीडिया रिपोर्ट में यह भी दावा किया जा रहा है कि इंडियन नेवी ने अपने सभी वॉरशिप को अलर्ट पर रखा है। पिछले दिनों अरब सागर में एंटी शिप और एंटी एयरक्राफ्ट फायरिंग की प्रैक्टिस की गई। गुजरात के नजदीक कोस्ट गार्ड को भी अलर्ट पर रखा गया है।

उधर, पहलगाम आतंकी हमले की जांच का जिम्मा संभालने के बाद एनआईए के महानिदेशक सदानंद दाते गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम पहुंचे। उन्होंने बैसरन घाटी का दौरा किया और सुरक्षा अधिकारियों से हमले से जुड़ी जानकारी ली। एनआईए ने संदेह के आधार पर 150 लोगों को हिरासत में लिया। अब तक एनआईए दो हजार से अधिक संदिग्धों से पूछताछ कर चुकी है। इसके अलावा, 18 एफआईआर भी दर्ज की जा चुकी हैं।

इस बीच राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री से अपील की है कि हमले में मारे गए लोगों को शहीद का दर्जा दिया जाए। वे पीड़ित परिवारों के दुख में साथ हैं और इस मांग का समर्थन करते हैं।



### 13.1 करोड़ डॉलर के सैन्य उपकरण देगा अमेरिका

गुरुवार को अमेरिका ने भारत को 13.1 करोड़ डॉलर के सैन्य उपकरण और रसद देने का ऐलान किया। पेंटागन की सुरक्षा सहयोग एजेंसी डीएससीए ने सैन्य आपूर्ति के लिए जरूरी निर्देश दिए हैं। संभावित बिक्री के बारे में अमेरिकी कांग्रेस को भी सूचित कर दिया है। यह मंजूरी ऐसे समय में दी गई है, जब ट्रंप प्रशासन सैन्य खरीद बढ़ाने का दबाव डाल रहा है।

### जयशंकर और पाक पीएम से अमेरिकी विदेश मंत्री की बात

अमेरिका, भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव कम करने की कोशिशों में जुट गया है। इसके मद्देनजर अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर से फोन पर बात की। उन्होंने दोनों से तनाव कम करने का आग्रह किया। शहबाज और जयशंकर से अलग-अलग बातचीत के बाद अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका आतंकवाद से लड़ाई में भारत का समर्थन करता है और पाकिस्तान से पहलगाम हमले की जांच में सहयोग करने का भी आग्रह करता है।

### मुनीर ने दी धमकी-भारत को दुस्साहस का जवाब देंगे

पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने गुरुवार को भारत के खिलाफ जमकर जहर उगला। उन्होंने कहा-भारत ने अगर इस बार किसी तरह का सैन्य दुस्साहस किया तो उसका त्वरित, दृढ़ और अत्यंत कठोर जवाब दिया जाएगा। मुनीर सशस्त्र बलों द्वारा आयोजित प्रशिक्षण अभ्यास को देखने के लिए टिल्ला फायरिंग रेंज पहुंचे थे। यहां उन्होंने टैंक पर खड़े होकर भाषण दिया और सैनिकों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा- हम क्षेत्रीय शांति के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए हमारी तैयारी पूरी है।



# जबलपुर में नाबालिग को तीन दिन बंधक बनाकर गैंगरेप, आरोपी फरार

**जागरण, जबलपुर।** मंडला के एक युवक ने जबलपुर की नाबालिग से पहले स्नैपचेट पर दोस्ती की। इसके बाद तीन दिन तक बंधक बनाकर उसके साथ गैंगरेप किया। जानकारी के मुताबिक, दोस्ती के बाद पीड़िता को कान्हा नेशनल पार्क घुमाने का कहकर मंडला बुलाया। यहां युवक ने दोस्त के घर में पीड़िता को तीन दिन बंधक बनाकर रखा। दोनों आरोपियों ने गैंगरेप की वारदात की। आरोपियों धमकी देकर पीड़िता को जबलपुर भेज दिया। घर पहुंचकर पीड़िता ने माता-पिता को जानकारी दी।

नाबालिग की शिकायत पर गढ़ा थाना पुलिस ने गैंग रेप का प्रकरण दर्ज किया है। जबलपुर पुलिस की एक टीम मंडला में डेरा डालकर आरोपियों की तलाश में जुट गई है। पुलिस की पूछताछ में नाबालिग ने बताया कि जब राजन उसे अपने साथ ले गया था, उस दौरान बहुत अंधेरा था। बाइक में कुछ समझ ही नहीं आ रहा था कि रास्ता कहां का और कैसा है, उसने पुलिस को बताया कि जिस दौरान राजन अपने दोस्त के साथ बस स्टैंड छोड़ने आया था, उस दौरान भी बहुत ही सकरी गलियों से लाया था, जिसके चलते उसे रास्ता ध्यान नहीं है।

### स्नैपचैट पर दोस्ती, फिर मंडला बुलाकर की वारदात

7वीं क्लास में पढ़ने वाली पीड़िता की 6 महीने पहले मंडला के राजन से स्नैपचैट पर दोस्ती हुई। दोनों के बीच बातें होने लगीं। दोनों ने एक-दूसरे का मोबाइल नंबर ले लिया। चार दिन पहले राजन ने नाबालिग को फोन लगाया और कान्हा नेशनल पार्क घुमाने का झांसा देकर मंडला बुलाया। वह बहकावे में आ गई और सहेली के घर जाने का बहाना बनाकर 26 अप्रैल को मंडला पहुंच गई। राजन उसे अपने दोस्त के घर ले गया, जहां तीन दिन बंधक बनाकर राजन और उसके दोस्त ने रेप किया। राजन और उसका दोस्त बुधवार दोपहर पीड़ित को बाइक पर बैठाकर मंडला बस स्टैंड पहुंचे और यह कहते हुए उसे बस में बैठा दिया कि अगर घर या पुलिस को कुछ भी बताया तो ठीक नहीं होगा। राजन ने धमकी दी कि जबलपुर में भी उसके दोस्त हैं, जो कि तेरे घर तक पहुंच सकते हैं।

### डीओजीई कार्यकाल को मस्क ने बताया तनावपूर्ण

**वॉशिंगटन/नई दिल्ली, जेएनएन।** मशहूर उद्यमी और टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन में डिपार्टमेंट ऑफ गवर्मेंट एफिसिएंसी (डीओजीई) के प्रमुख के रूप में अपने 100 दिनों के कार्यकाल को 'बेहद तनावपूर्ण लेकिन रोमांचक' बताया है। उन्होंने कहा कि यह विभाग एक स्टार्टअप जैसा था जहां नई ऊर्जा, नई चुनौतियां और नई सोच थी।



मस्क ने साफ किया कि मई में उनका सीमित कार्यकाल समाप्त हो रहा है, लेकिन वे आगे भी ट्रंप प्रशासन के साथ हफ्ते में 'एक-दो दिन' काम करने को तैयार हैं। ■ शेष पृष्ठ 7 पर

# ट्रंप ने चीन के टैरिफ संकट का 'खिलौना गणित' से किया बचाव

**बोले-बच्चों के पास 30 की जगह 2 गुड़िया हो सकती हैं, लेकिन नुकसान चीन को होगा**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्वीकार किया है कि उनकी आक्रामक टैरिफ नीतियों से अमेरिका में उपभोक्ता सामान कम और अधिक महंगे हो सकते हैं, जिससे यह संकेत मिलता है कि अमेरिकी बच्चों के पास '30 की जगह दो गुड़ियां' हो सकती हैं। 2025 की पहली तिमाही के दौरान अमेरिकी अर्थव्यवस्था में 0.3 फीसदी संकुचन के बावजूद ट्रंप जोर देकर कहते हैं कि चीन को चल रहे व्यापार युद्ध से अधिक नुकसान होगा। आलोचकों का तर्क है कि उनके टैरिफ आर्थिक अस्थिरता पैदा कर रहे हैं, जिससे मुद्रास्फीति बढ़ रही है और संभावित मंदी की आशंका है। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में कैबिनेट की बैठक में कहा, हो सकता है कि बच्चों को 30 गुड़िया के बजाय दो गुड़िया मिलें। तो हो सकता है कि दो गुड़िया की कीमत सामान्य से कुछ डॉलर अधिक हो। मंदी का मुख्य कारण आयात में तेजी थी, क्योंकि कारोबारियों ने स्टील, एल्युमीनियम और ऑटोमोबाइल जैसे सामानों पर नए टैरिफ को मात देने की होड़ लगाई। जीडीपी के आंकड़ों ने वित्तीय बाजारों को हिला दिया, ट्रंप ने पोस्ट किया, यह बिडेन का स्टॉक मार्केट है, ट्रंप का नहीं। टैरिफ जल्द ही शुरू हो जाएंगे और कंपनियां रिकॉर्ड संख्या में यूएसए में आना शुरू कर रही हैं। हमारा देश फलेगा-फूलेगा, लेकिन हमें बिडेन के 'ओवरहैंग' से छुटकारा पाना होगा।

# असम के सीएम के खिलाफ थानों में कई शिकायतें दर्ज

**गुवाहाटी, जेएनएन।** असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा के कथित आपत्तिजनक बयान के खिलाफ गुरुवार को राज्यभर के विभिन्न जिलों के पुलिस थानों में कई शिकायतें दर्ज कराई हैं। मुख्यमंत्री ने यह बयान हाल ही में हुए पंचायत चुनाव प्रचार के दौरान महिलाओं के बारे में दिया था, जिसे कांग्रेस ने 'अपमानजनक और महिला विरोधी' बताया है। पुलिस ने फिलहाल एफआईआर दर्ज नहीं की है, लेकिन जांच जारी है। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि कार्रवाई नहीं हुई, तो राज्यव्यापी आंदोलन किया जाएगा।



कांग्रेस का आरोप है कि 28 अप्रैल को चुनावी सभा में सीएम सरमा ने असम लोक सेवा आयोग की 2013 और 2014 की परीक्षाओं में कथित गड़बड़ियों की जांच रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा था कि 'महिलाओं को नौकरी पाने के लिए गलत रास्ता अपनाना पड़ा।' ये नियुक्तियां कांग्रेस शासनकाल के दौरान हुई थीं।

इस बयान के विरोध में कांग्रेस ने मुख्यमंत्री का पुतला जलाया और राष्ट्रीय महिला आयोग को पत्र लिखकर सरमा के खिलाफ ■ शेष पृष्ठ 7 पर

# अभी नहीं होगा क्लेट-यूजी की मेरिट लिस्ट में संशोधन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के बाद फिलहाल क्लेट-यूजी 2025 की मेरिट लिस्ट को संशोधित करने का फैसला टल गया है। सुप्रीम कोर्ट ने मेरिट लिस्ट को संशोधित करने के दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी है। हाई कोर्ट ने नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज के कंसोर्टियम को अंडरग्रेजुएट (यूजी) एडमिशन के लिए कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (क्लेट) 2025 की मेरिट लिस्ट में कुछ प्रश्नों में गलतियों के कारण संशोधन करने का निर्देश दिया था। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की पीठ ने 23 अप्रैल को हाईकोर्ट की बेंच द्वारा दिए गए फैसले के खिलाफ दायर याचिका पर नोटिस जारी करते हुए अंतरिम आदेश पारित किया।



### दिल्ली हाई कोर्ट ने पाई थीं चार सवालों में गलतियां

दिल्ली हाईकोर्ट ने सेट बी, सी और डी प्रश्नपत्रों में चार सवालों में गलतियां पाई थीं। अदालत ने निर्देश दिया था कि इन प्रश्नों के लिए उन उम्मीदवारों को अंक दिए जाएं, जिन्होंने उक्त सेटों को हल किया था। क्लेट कंसोर्टियम को चार हफ्ते की अवधि के भीतर मेरिट सूची को संशोधित करने का निर्देश दिया गया था। हालांकि, हाईकोर्ट ने ए सेट को हल करने वाले उम्मीदवारों को यह लाभ नहीं दिया और कहा कि इस सेट में कोई गलती नहीं थी।

ए सेट को हल करने का प्रयास करने और अखिल भारतीय रैंक 22 हासिल करने वाले अभ्यर्थी ने सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में तर्क दिया कि हाईकोर्ट के निर्देश ने ए सेट प्रश्नपत्र प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को बी,सी और डी सेट प्राप्त करने वाले छात्रों की तुलना में नुकसान में डाल दिया है। इसलिए, उच्च न्यायालय के निर्देश ने याचिकाकर्ता को समान अवसर से वंचित कर दिया।

फरवरी 2025 में, सुप्रीम कोर्ट ने देश के विभिन्न हाई कोर्ट में लंबित याचिकाओं को दिल्ली हाईकोर्ट में स्थानांतरित किया था ताकि एकरूपता से इस विवाद का निपटारा हो सके। सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई इस अंतरिम राहत के चलते फिलहाल क्लेट-यूजी 2025 की वर्तमान मेरिट सूची यथावत बनी रहेगी। शीर्ष अदालत अब इस मामले में विस्तृत सुनवाई करेगा।

### अब 5 मई को सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट में पेटीशनर ने कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट के मार्कशीट्स के रिवीजन करने के फैसले का वो पीड़ित है। बेंच ने कंसोर्टियम और अन्य लोगों को नोटिस जारी किया है और अगली सुनवाई 5 मई की रखी गई है। कोर्ट ने कंसोर्टियम से कहा कि अगली सुनवाई से पहले अपनी वेबसाइट पर कोर्ट में दायर अर्जी की जानकारी साझा करें।

**किचन क्रांति** | तैयार हो गई है भविष्य की रसोई, एआई शेफ से बदलेगा कुकिंग का तरीका

# न चाकू उठाना, न कलछी चलाना, रोबोट बनाएगा खाना

**नई दिल्ली, जेएनएन।** खाना बनाना अब महज परंपरा या जरूरत नहीं, एक तकनीकी क्रांति बन चुका है। दुनिया भर में रोबोट शेफ और एआई आधारित किचन सिस्टम हमारी रसोई की तस्वीर बदल रहे हैं। हाल ही में इंग्लैंड की कंपनी मोली रोबोटिक्स ने पूरी तरह से ऑटोमेटेड किचन लांच किया है और इसे अच्छा रिस्पांस मिला है। इसमें बस आपको रेसिपी क्लिक करनी है, बाकी काम एआई रोबोट करेगा।

इसी क्रम में अमेरिका का फ्लिपी रोबोट और भारत में मुकुंदा फूड्स जैसे स्टार्टअप्स ने इस दिशा में कदम बढ़ाए हैं। ये रोबोट न केवल खाना बना सकते हैं, बल्कि सीख भी सकते हैं कि किसे क्या पसंद है। भारत में अभी ये तकनीक प्रीमियम सेक्टर और क्लाउड किचन तक सीमित है, लेकिन सस्ती होते ही यह आम घरों तक पहुंच सकती है।

### मोली रोबोटिक्स का ऑटोमेटेड किचन

इसमें दो रोबोटिक 'हाथ' होते हैं जो इंसानी शेफ की तरह खाना बना सकते हैं। स्क्रीन पर रेसिपी चुनिए, बाकी सब काम काटना, पकाना, सॉस डालना और परोसना आदि यह खुद करता है। यह दुनिया का पहला पूरी तरह ऑटोमैटिक किचन रोबोट है।



### भारत के होटल और टेक स्टार्टअप कर रहे इस्तेमाल

कुछ 5-स्टार होटल और टेक स्टार्टअप ने प्रयोग के तौर पर शामिल किया है। जैसे जोमाटो/स्विगी जैसी कंपनियां भी एआई आधारित किचन की ओर बढ़ रही हैं। फिलहाल भारतीय घरों में इनके आने की उम्मीद नहीं है, क्योंकि कीमत बहुत ज्यादा है। मोली किचन का रोबोट 3 लाख डॉलर (करीब ढ़ाई करोड़ रुपए) से ज्यादा का है। हालांकि तकनीक सस्ती और कॉम्पैक्ट होगी तो भविष्य में स्मार्टकिचन में रोबोट शेफ आम चीज हो सकते हैं। अभी रेसिपी में बदलाव, भावनात्मक स्वाद (इंसानी अंदाज), और भारतीय खाने की जटिलता पूरी तरह एआई से संभालना मुश्किल है।

### भारत में 2025 के अंत तक बाजार में होंगे एआई शेफ

- **अमेरिका का नाला रोबोटिक्स:** यह एआई किचन रोबोट कई तरह के व्यंजन बना सकता है। खुद से सीख सकता है कि कौन-सा खाना किसे पसंद आया।
- **मिसो रोबोटिक्स का फ्लिपी:** खासतौर पर बर्गर, फ्राई बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। व्हाइट कैसल जैसे रेस्टोरेंट्स में इसका प्रयोग हो रहा है।
- **भारत का रोबोशेफ:** मुकुंदा फूड्स ने ऑटोमेटिक डोसा और इडली मैकिंग मशीन बनाई है। अब बिरियानी, कढ़ी, चावल के लिए एआई आधारित कुकिंग मॉड्यूल्स बनाए जा रहे हैं।
- **सैमसंग बोट शेफ:** यह एआई आधारित रोबोटिक आर्म चॉपिंग, मिक्सिंग, ग्रैबिंग जैसे काम करता है। इसमें वॉइस कमांड की सुविधा है। आप कह सकते हैं नमक डालो और वह यह करेगा। अभी यह प्रोटोटाइप फेज में है।
- **निम्बल का जूलिया:** भारतीय स्टार्टअप निम्बल ने हाल ही में जूलिया नाम का स्मार्ट किचन रोबोट बनाया है। यह खासतौर पर भारतीय खाने जैसे सांभर, सब्जी, पोहा, पुलाव आदि बनाने में पूरी तरह सक्षम है। आप मोबाइल ऐप से रेसिपी चुनते हैं और यह तय मात्रा में सामग्री डालकर पकाता है। भारत में इसे 2025 के अंत तक कमर्शियल रूप से लॉन्च करने की योजना है।
- **स्मार्ट किचन सिस्टम:** सोनी, पैनासोनिक और एलजी जैसे ब्रांड स्मार्ट किचन सिस्टम ला रहे हैं। ये पूरे खाना नहीं बनाते लेकिन एआई के जरिये खाना पकाने में मदद करते हैं। जैसे-टाइमिंग ऑटोमैटिक सेट करना, तापमान सेंसर, रेसिपी सुझाव, स्मार्ट स्टोव और ग्राइंडर आदि काम करते हैं।

# 'नपुंसक' कहना आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं: कोर्ट

### ससुराल वालों पर था दामाद को 'नपुंसक' कहने का आरोप

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने पति के ससुराल वालों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 306 के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले को खारिज करते हुए कहा कि वैवाहिक विवाद के बाद अपनी बेटी (मृतक की पत्नी) को उसके मायके ले जाते समय दामाद को आपत्तिजनक भाषा में 'नपुंसक' कहना आत्महत्या के लिए उकसाने के बराबर नहीं है। पति के ससुराल वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई, जब पति का सुसाइड नोट मिला। इसमें उसने अपने ससुराल वालों पर पत्नी को उसके मायके ले जाते समय उसे परेशान करने और नपुंसक कहने का आरोप लगाया।

मद्रास हाईकोर्ट ने ससुराल वालों के खिलाफ एफआईआर खारिज करने से इनकार कर दिया, जिसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में अपील की। हाईकोर्ट के निर्णय को दरकिनार करते हुए जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस एजी मसीह की खंडपीठ ने कहा कि सुसाइड नोट में प्रत्यक्ष प्रलोभन या लगातार क्रूरता का संकेत नहीं था। न्यायालय ने कहा कि केवल आहत करने वाली टिप्पणियों (जैसे, नपुंसक) से उकसावे की पुष्टि नहीं होती। न्यायालय ने कहा कि आत्महत्या पति को कथित रूप से अपमानित किए जाने के लगभग एक महीने बाद हुई और इस बीच की अवधि में मृतक और आरोपी के बीच कोई संपर्क नहीं था। अदालत ने कहा, सुसाइड नोट से यह साबित नहीं होता कि आरोपी ने मृतक को उकसाया या कोई लगातार क्रूरता या उत्पीड़न किया गया, जिससे आत्महत्या के लिए उकसाने का अपराध बनता हो। ■ शेष पृष्ठ 7 पर

## हिनौती गौधाम में निर्माणाधीन कार्य 15 जून तक पूर्ण करें: उप मुख्यमंत्री

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि हिनौती गौधाम में निर्माणाधीन कार्यों को 15 जून तक अनिवार्यतः पूर्ण कराएं। प्रशासनिक भवन तथा गौवंश पशु शेड के कार्यों को गति देते हुए शीघ्र पूर्ण करें। राजनिवास सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन कार्यों की धीमी प्रगति पर अप्रसन्नता व्यक्त की तथा निर्माण एजेंसी को कार्य में गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने गौधाम में पानी की उपलब्धता तथा गौवंश के लिए की जा रही अन्य व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी प्राप्त की। इस दौरान समाजसेवी राजेश पाण्डेय, एसडीएम राजेश सिन्हा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्वामी ऋषि कुमार जयंती 4 को

**रीवा।** स्वामी ऋषि कुमार की 111वीं जयंती के अवसर पर पचमठा आश्रम में आगामी 04 मई रविवार को सांयकाल 4.00 बजे से सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया है। सुन्दरकाण्ड पाठ उपरांत सांयकाल 7.00 बजे महाआरती एवं भण्डारा प्रसाद का आयोजन किया गया है। उक्त आशय की जानकारी पचमठा आश्रम के प्रमुख विजय शंकर ब्रह्मचारी ने प्रेस विज्ञप्ति में देते हुए नगर के सभी श्रद्धालु जनों, गणमान्य नागरिकों तथा आमजनमानस से पचमठा आश्रम पहुँचकर भण्डारा प्रसाद ग्रहण करने का अनुरोध किया है।

## करहिया मंडी में प्याऊ का शुभारंभ




**रीवा।** भीषण गर्मी के बीच आम जन व कराहिया कृषि मंडी में आने वाले किसानों के लिए प्याऊ की व्यवस्था की गई है। यह व्यवस्था कृषि उपज मंडी प्रांगण में कृषि आदान विक्रेता संघ द्वारा मजदूर दिवस के दिन की गई। इस दौरान अध्यक्ष विकास सिंह, सचिव राघवेन्द्र सिंह राघव, जिला प्रतिनिधि संजय खरे, अजय पटेल, वीरेन्द्र मिश्रा, पवन तिवारी, उमाकांत तिवारी, रवीन्द्र वर्मा, विनोद सिंह व राजा गुप्ता मौजूद रहे।

## परीक्षा पूर्व निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए आवेदन 15 मई तक

**रीवा।** मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति कल्याण द्वारा संचालित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में बैंकिंग, रेलवे, एसएससी, बीमा, नर्सिंग एवं म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल में चयन के लिये अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों से आगामी 15 मई तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। इस संबंध में प्राचार्य परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र ने बताया कि आवेदन पत्र स्वयं अथवा रजिस्टर्ड डाक से कार्यालय में जमा किये जा सकते हैं। आवेदक मध्यप्रदेश का मूल निवासी तथा अनुसूचित जाति अथवा जनजातीय का सदस्य होना चाहिए। आवेदक की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच हो। इस संबंध में विस्तृत जानकारी परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र शा. ज्ञानोदय विद्यालय अनुसूचित जाति कल्याण विभाग परिसर से प्राप्त की जा सकती है। जानकारी प्राप्त करने के लिए फोन नंबर 07662-299221 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

## सांसद के जन्मदिवस पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने दी बधाई

**रीवा।** भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा के जन्मदिवस पर कार्यकर्ताओं के साथ अंगवस्त्र व मिठाई खिलाकर उनको बधाई दी। इस अवसर जिला उपाध्यक्ष उमाशंकर पटेल, जिला मंत्री शरद साहू, राजेश प्रताप सिंह, विवेक पाण्डेय शास्त्री, अशोक तनवानी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष मो. इमरान गुलाब, जिला सह संयोजक सोशल मीडिया आकाश चौरसिया आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अधिवक्ता उमेश शुक्ला के निधन पर सांसद ने जताया दुख

**रीवा।** न्यायालय के युवा अधिवक्ता उमेश शुक्ला का विगत रात्रि सड़क दुर्घटना से आकस्मिक निधन पर रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है की श्री शुक्ला कर्मठ अधिवक्ता थे। कम उम्र में विधि क्षेत्र में महत्वपूर्ण स्थान हासिल कर लिया था। सड़क दुर्घटना से निधन पर उनके परिवार जनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। रीवा सांसद ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। नोटरी महासंघ के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद तिवारी संरक्षक योगेंद्र शुक्ला इंद्रेश चतुर्वेदी विनोद शर्मा ऊषा जैन जीवेश तिवारी भोला प्रसाद पटेल मोतीलाल पटेल प्रदीप सिंह दीपिका पांडे अनिल कुमार श्रीवास्तव अनुज परिवार राम सजीवन शुक्ला रघुवंश पटेल अशोक कुमार शर्मा आदि ने अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।




# लोकसेवा केन्द्र में अव्यवस्था, सब परेशान



## कोई आय, कोई जाति प्रमाण-पत्र तो कोई नाम सुधरवाने काट रहा चक्कर

**जागरण, रीवा।** लोक सेवा केन्द्र में नियत अवधि में शहरवासियों को आय, जाति, मूल निवासी प्रमाण-पत्र सहित भूमि सीमांकन, नाम सुधार आदि कार्य तय की गई समय सीमा में बनाकर देना अनिवार्य है, लेकिन यहां पर भी कभी सर्वर डाउन है, कभी लिंक नहीं खुल रही आदि बोलकर आने वाले आवेदकों को चलता कर दिया जाता है, कई लोग ऐसे हैं जो एक प्रमाण-पत्र पाने दसों चक्कर काट चुके हैं, लेकिन आज तक उनका काम नहीं हो पाया। किसी को पिता की मृत्यु के बाद पेंशन पाने बैंक में दस्तावेज पेश करना है, किसी को बच्चे को प्रवेश दिलवाना है, कोई खुद के कॉलेज प्रवेश के प्रमाण-पत्र बनने की राह देख रहा है, किन्तु लोक सेवा केन्द्र में नियत अवधि से कई गुना समय बीतने के बाद भी उनके काम नहीं हो पा रहे।

### 15 दिनों से कटवा रहे चक्कर



जाति प्रमाण-पत्र में नाम बदलवाना है। 4-5 बार चक्कर काट चुके हैं, मम्मी का आय प्रमाण-पत्र मांगा, बनाकर दे दिया, और जो कागजात बोले बनाकर दे चुके। पिछले पंद्रह दिनों से यहां के कर्मचारी चक्कर कटवा रहे हैं। आज भी हमारे जाति प्रमाण-पत्र में नाम नहीं बदला गया। करीब दसों बार चक्कर काट चुके हैं।

**प्रमिला वर्मा, रीवा**



**आवेदन ही गुम हो गया :** बच्चे को स्कूल में प्रवेश दिलवाना है, प्रमाण-पत्र के लिए गत वर्ष आवेदन जमा कर गए थे, उस समय यहां के कर्मचारियों ने कहा था कि आपको फोन पर सूचना मिल जाएगी, लेकिन कइयों दिन बीतने के बाद जब फोन नहीं आया तो यहां आकर पूछा, पूछने पर पता चला कि मेरे द्वारा दिया गया आवेदन ही नहीं मिल रहा, यानी आवेदन ही गुम हो चुका, फिर से अवेदन तैयार करके दे रहे हैं।

**मो. नूर अंसारी, रीवा**

## विनोद, विजय, अविराज संरक्षक सदस्य, उमेश बने कार्यकारी अध्यक्ष

**रीवा।** हिन्दू धर्म परिषद के उद्देश्यों और कार्य प्रणाली को देखकर विंध्य के हिन्दू धर्म एवं सनातन के प्रति श्रद्धा रखने वाले गणमान्य लोग स्वैच्छिक सदस्यता ग्रहण कर पुनीत कार्यक्रमों में सहभागी होना चाहते हैं। हिन्दू धर्म परिषद के संस्थापक नारायण डिगवानी, आजीवन संरक्षक सुरेश विश्नोई, मार्गदर्शक डॉ.सी.बी.शुक्ला की अनुशंसा पर संयोजक सुमित मॉंजवानी ने शामिल होने वाले धर्म प्रेरकों की घोषणा की है, साथ ही परिषद के कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर उपस्थिति का आग्रह किया है। जारी होने वाली सूची में विंध्य क्षेत्र के नामी टेनिस खिलाड़ी एवं रिदम म्यूजिकल ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. विनोद तिवारी, ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय मोहन तिवारी, वरिष्ठ समाज सेवी अविराज को संरक्षक मंडल का सदस्य बनाया गया है। साथ ही नगर के धार्मिक कार्यो में अग्रणी भूमिका निभाने वाले समाजसेवी उमेश कुशवाहा निपनिया को युवा शाखा का कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। परिषद के नये पदाधिकारियों की नियुक्ति पर संरक्षक मंडल के डॉ.के.के.परौहा, डॉ. ज्योति सिंह, डॉ. राहुल मिश्रा, डॉ. नरेश बजाज, डी.पी. सिंह परिहार, अवधेश श्रीवास्तव, संजय तिवारी मुन्नू, पप्पू कनौजिया, बीके प्रकश, शिव कुशवाहा, वरिष्ठ अध्यक्ष डॉ. प्रवीर चंद्र दुबे, ग्रामीण अध्यक्ष आशीष तिवारी निर्मल, मऊगंज जिला अध्यक्ष शिवेन्द्र मिश्रा एड., हर्ष व्यक्त करते हुये बधाई प्रेषित की है। आगामी 04 मई को निकलने वाली भगवान चित्रगुप्त जयंती पर निकलने वाली शोभा यात्रा का स्वागत करने की स्वीकृति प्रदान की है।

# छात्र ऊर्जा उपकरणों के उपयोग हेतु आमजन को करेंगे जागरूक

## महाविद्यालयों में गठित होंगे क्लब, विभाग ने दिए कार्यवाही के निर्देश

**जागरण, रीवा।** जिले के सरकारी व गैर सरकारी महाविद्यालयों में ऊर्जा क्लब का गठन होगा। इस बाबत सभी महाविद्यालयों को उच्च शिक्षा विभाग ने विगत माह निर्देशित किया है। निर्देश के तहत महाविद्यालयों को शीघ्र क्लब का गठन कर विभाग को अवगत कराना होगा। विभाग द्वारा इस संबंध में उचित कार्यवाही करने पत्र जारी किया गया है। जारी पत्र के मुताबिक छात्रों को ऊर्जा संरक्षण और ऊर्जा कुशल उपकरणों के उपयोग से बड़े पैमाने पर ऊर्जा बचत हेतु जागरूक करना इस क्लब का मुख्य उद्देश्य है। इसके अलावा, क्लब में शामिल छात्रों के माध्यम से अनावश्यक बिजली खर्च पर अंकुश लगाने का प्रयास भी किया जायेगा। इसके लिए छात्रों द्वारा स्वयं आगे बढ़कर कार्य किए जायेंगे तथा ऊर्जा बचत हेतु वह स्वयं अपने आस-पास के नागरिकों को भी जागरुक करेंगे।

उल्लेखनीय है कि इस प्रगतिशील युग में उद्योग, संचार, कृषि तथा जीवन के अन्य क्षेत्रों में ऊर्जा एक महत्वपूर्ण घटक के रुप में काम कर रहा है। उक्त कार्यों में देश की आधे से अधिक आबादी संलग्न है, जो निरंतर ऊर्जा का दोहन कर रही है। इसमें से 30 प्रतिशत से अधिक ऊर्जा का लापरवाही के चलते दुरुपयोग हो रहा है। इस ऊर्जा दुरुपयोग की स्थिति में नियंत्रण लाने की पहल विभाग द्वारा ऊर्जा क्लब के माध्यम से की जानी है।

### प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन

इस क्लब में महाविद्यालय के दो शिक्षक बतौर एनर्जी लीडर तैनात किए जायेंगे। ऐसे ही, उत्साही एवं जागरुक छात्रों को क्लब में एनर्जी मॉनीटर बनाया जायेगा। इस क्लब के जरिये महाविद्यालय में प्रश्नमंच, निबंध, भाषण, चित्रकला, मॉडल निर्माण, तात्कालिक भाषण, नाटक, स्लोगन जैसी अन्य प्रतियोगिताएं होंगी। इन प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रमाण-पत्र दिया जायेगा। इस ऊर्जा साक्षरता अभियान के तहत छात्रों को ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करने प्रोत्साहित किया जाना है।

# छात्रों को नहीं मिल पाई स्मार्ट क्लास की सुविधा

**रीवा।** जिले के सरकारी महाविद्यालयों के छात्रों को स्मार्ट क्लास के जरिये ज्ञान नहीं मिल पाया। और न ही, जिले के सभी सरकारी महाविद्यालयों में इंटीग्रेटेड मशीन लग पाई। स्मार्ट क्लास योजना के तहत यह कार्यवाही होनी थी। योजना को अमलीजामा पहनाने उच्च शिक्षा विभाग ने मार्च 2019 में कार्यवाही शुरू की थी, जिसके तहत जिले के कुछ सरकारी महाविद्यालयों को भोपाल में प्रशिक्षण भी दिलाया गया। इसके उपरांत सरकारी महाविद्यालयों से उक्त तकनीकी सिस्टम स्थापित करने प्रस्ताव मांगे गए। अब प्रस्ताव प्राप्त करने के बाद से विभाग द्वारा इस दिशा में कोई कार्यवाही नहीं की गई। जबकि प्रस्ताव भेजने वाले महाविद्यालयों को उक्त मशीन क्रय करने की अनुमति विभाग को देनी थी। मशीन महाविद्यालयों को स्वयं के खर्च से डेढ़ लाख रूपये में खरीदनी थी। अब कह सकते हैं कि योजना के क्रियान्वयन में लगा पैसा और समय सब बेकार हो गया तथा छात्रों को नई तकनीक के माध्यम से ज्ञान का लाभ नहीं मिल पाया। बताते हैं कि यदि सभी सरकारी महाविद्यालयों में इंटीग्रेटेड मशीन लग जाती तो सभी शिक्षक कम्प्यूटर ऑपरेटेड इस मशीन का उपयोग अपने प्रेजेंटेशन डाटा के लिए कर पाते। इस तरह शिक्षक कक्षाओं में छात्रों को बेहतर तरीके से प्रायोगिक व मौलिक ज्ञान देने में सक्षम होते।

**इंटीग्रेटेड मशीन की दी थी जानकारी :** गौरतलब है कि मार्च 2019 में हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षकों को नई इंटीग्रेटेड मशीन की जानकारी दी गई। साथ ही मशीन को चलाने व उसके नये फंक्शन से शिक्षकों को अवगत कराया गया। उक्त तकनीकी सिस्टम में शिक्षक पॉवर प्वाइंट, वीडियो या अन्य तरह की डाटा फाइल का उपयोग कर सकते हैं। बच्चों को पढ़ाने के लिए बनी ऐसी फाइल को इस मशीन में सीडी, पेन ड्राइव के जरिये दिया सकता है। यह मशीन अत्याधुनिक मशीन सफेद दीवार पर भी फोकस कर काम करती है। लेक्चर या प्रेजेंटेशन के समय शिक्षक को सुधार का विकल्प भी मिलता है, इसके लिए मशीन के साथ एक सेंसर पेन होता है। यह प्रोजेक्ट ऑनलाइन वर्चुअल क्लास से इतर ऑफलाइन काम करता है।

# जल संरक्षण के सभी कार्य 5 मई तक अनिवार्य रूप से प्रारंभ कराए: कलेक्टर



## अनुपस्थित उपयंत्री की संविदा सेवा समाप्त करने के निर्देश

**जागरण, रीवा।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की। कलेक्टर ने जल संरक्षण के सभी कार्यों को 5 मई तक अनिवार्यतः प्रारंभ करने तथा लक्ष्य अनुरूप कार्यों की साप्ताहिक कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कार्ययोजना में शामिल खेत तालाब, अमृत सरोवर सहित अन्य जल संरक्षण के कार्यों की तकनीकी और प्रशासनिक स्वीकृति जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट तौर पर कहा कि नियत समय सीमा में कार्य प्रारंभ न होने व टीएस व एएस जारी न होने पर संबंधितों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के एक माह पूर्ण होने पर भी लंबित एएस और टीएस पर नाराजगी व्यक्त की तथा निर्देश दिए कि 31 मई तक कोई कार्य लंबित न रहे। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित जवा जनपद के उपयंत्री जयशंकर पटेल की संविदा सेवा समाप्त करने के निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने जिला पंचायत के मनरेगा प्रभारी को सतत मॉनिटरिंग करने तथा जनपद के एपीओ को एक-एक कार्य की वस्तुस्थिति से अवगत रहने के निर्देश दिए। उन्होंने वृक्षारोपण के लिए कम्युनिटी पौधारोपण हेतु स्थल चिन्हित करने तथा बोरवेल रिचार्ज के सोकपिट पूर्ण किए जाने के निर्देश बैठक में दिए। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत चिन्हित कार्यों की जानकारी प्राप्त की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आद्योगिक इकाइयों में 15 मई तक वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम न बनाने वाली इकाइयों के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान शासन की उच्च प्राथमिकता का कार्यक्रम है। इसमें शामिल सभी विभाग जल संरक्षण की गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल रहें। प्रत्येक दिन के कार्य की जानकारी वाट्सएप ग्रुप पर अच्छे फोटोग्राफ के साथ उपलब्ध कराएं। जनसम्पर्क अधिकारी जल संरक्षण की गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। कार्यपालन यंत्री जल संसाधन अभियान के तहत नहरों की साफ-सफाई और सुधार का कार्य प्राथमिकता से कराएं। वन मण्डलाधिकारी जल गंगा अभियान के दौरान वन क्षेत्र के जल स्रोतों की साफ-सफाई, स्टापडैम, चेकडैम तथा अन्य जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण कराएं। वृक्षारोपण की भी पूरी तैयारी कर लें।

## खाली पेट कैसे होगा मोबाइल चार्ज: कल्चुरी



**रीवा।** ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्लॉक मध्यप्रदेश के कार्यवाहक अध्यक्ष नागेन्द्र सिंह कल्चुरी ने मजदूर दिवस के अवसर पर रीवा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भानपुर में रह रहे पल्लेदारों को श्रम दिवस की बधाई देते हुए कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार दुनिया में सार्वभौमिक शांति तब तक स्थापित नहीं हो सकती जब तक कि विकास का लाभ हर व्यक्ति को न्याय एवं समानता के साथ न मिले। विज्ञान एवं विकास दोनों का लाभकारी बंटवारा समानता के सिद्धांत के अनुसार होना ही चाहिए। श्री कल्चुरी ने कहा कि कम्प्यूटर, मोबाइल व इंटरनेट ने सब कुछ बदल दिया। संयुक्त राष्ट्र ने भी गरीबी उन्मूलन के लिए सूचना तकनीक को हथियार के रूप में इस्तेमाल करने के लिये अनेक योजना बनाई, प्रयास सार्थक भी हुए क्योंकि मोबाइल आज गरीब की जेब तक अपनी पहुंच बना चुका है। परन्तु खाली पेट मोबाइल चार्ज कैसे होगा, इस पर भी विचार करते हुये कुछ आवश्यक कदम उठाने की आवश्यकता है। श्री कल्चुरी ने कहा कि पहले भी मजदूरों का शोषण होता था, वह बदस्तूर आज भी जारी है, आवश्यकता इस बात की है कि मजदूरों का शोषण बंद हो। सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनायें धरातल पर उतरें और गरीब मजदूर तक पहुंचे, बाल श्रम बंद हो, बंधुआ मजदूरी प्रथा पूर्णतया समाप्त हो, गरीब मजदूरों के साथ सरकारी भेदभाव समाप्त हो तभी हमारा देश पूर्ण वैभव को प्राप्त होगा। इस अवसर पर नत्थूलाल कोल, दिनेश कोल, अनिल कोल, मथुरा कोल, सनी कोल, देवराज कोल, पप्पू कोल, रामरती कोल, गीता कोल, परदेशी कोल, तेरसिया कोल आदि उपस्थित रहे।

# दो आरोपियों को हुई आजीवन कारावास की सजा

## थप्पड़ के बदले कर दी थी युवक की हत्या

**जागरण,रीवा।** जिला न्यायालय ने 6 वर्ष पूर्व हुए हत्या के मामले में अहम फैसला सुनाते हुए आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। आरोपियों ने थप्पड़ का बदला लेने के लिए युवक को पहले बुलाकर शराब पिलाई और फिर गुप्ती घोंप कर उसकी हत्या कर दी थी। इस मामले में लोक अभियोजन द्वारा प्रस्तुत किए गए सबूतों और साक्ष्यों से सहमत होकर अष्टम अपर सत्र न्यायाधीश जिला न्यायालय रीवा ने आरोपियों को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास सहित 5हजार के अर्थ दंड से दंडित किया है। दरअसल मामला रीवा शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र का है, जहां साल 2019 में संजय शुक्ला नामक युवक की हत्या कर दी गई थी। उक्त मामले में पुलिस ने अधिमन मुड़हा और दीपक उर्फ दीपू कोल को गिरफ्तार किया था। बताया गया कि आरोपी अधिमन का मृतक संजय से विवाद हुआ था, जिस दौरान मृतक ने आरोपी को थप्पड़ मारे और इसी का बदला लेने आरोपी ने हत्या की योजना बनाई और अपने साथी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दे डाला। फिलहाल इस मामले में जिला अभियोजन अधिकारी सुशील कुमार शुक्ला एवं वरिष्ठ सहायक जिला अभियोजन अधिकारी सूर्य प्रकाश पांडे के मार्गदर्शन में विचारण के दौरान शासन की ओर से पैरवी करते हुए विशेष लोक अभियोजक संतोष कुमार शुक्ला, सत्यनारायण मिश्रा एवं अंजू पांडे के तर्कों से सहमत होकर माननीय विशेष न्यायालय अष्टम अपर सत्र न्यायाधीश ने आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है।

## घायल पुलिसकर्मी को देखने पहुंचे डिप्टी सीएम



**जागरण, रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा स्थित निजी चिकित्सालय पहुंचकर उपचाररत पुलिसकर्मी के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों से घायल पुलिसकर्मी के उपचार के संबंध में पूछताछ की तथा समुचित उपचार के निर्देश दिए। इस दौरान आईजी गौरव राजपूत तथा पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि सतना जिले के जैतवारा थाना में पदस्थ पुलिसकर्मी को गत दिनों गोली मारकर घायल कर दिया गया था।

# मुख्यमंत्री दौरा: कलेक्टर ने अधिकारियों को दी जिम्मेदारी

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 4 मई को एक दिवसीय प्रवास पर रीवा आ रहे हैं। प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम में नवीन सर्किट हाउस तथा नवीन न्यायालय भवन के लोकार्पण का कार्यक्रम शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ यादव जवा तहसील के ग्राम नष्टिगवां (दिव्यगवां) में भगवान बिरसा मुण्डा शासकीय महाविद्यालय भवन का लोकार्पण भी करेंगे। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने प्रस्तावित दौरे की तैयारियों के लिए विभिन्न अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। ग्राम नष्टिगवां में कालेज भवन के लोकार्पण तथा आमसभा की सम्पूर्ण व्यवस्थाओं के लिए आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे को तैनात किया गया है। उनके सहयोग के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर को तैनात किया गया है। नवीन न्यायालय भवन के लोकार्पण के लिए अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी को समस्त व्यवस्थाओं का प्रभारी बनाया गया है। नवीन न्यायालय भवन के लोकार्पण समारोह में समस्त व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी एसडीएम हुजूर वैशाली जैन को दी गई है। डॉ अनुराग तिवारी एसडीएम गुढ़ को सर्किट हाउस के लोकार्पण, रीवा एयरपोर्ट, एवं हेलीपैड के लिए तैनात किया गया है। इसके साथ-साथ हेलीपैड दिव्यगवां में एसडीएम त्योंथर संजय जैन, सभा स्थल नष्टिगवां में सेक्टर व्यवस्था के प्रभारी के रूप में एसडीएम मनगवां पीएस त्रिपाठी तथा एसडीएम जवा पीयूष भट्ट को तैनात किया गया है। इन्हें सहयोग देने के लिए राजस्व विभाग तथा अन्य विभागों के अधिकारी तैनात किए गए हैं।

**ट्यूशन हेतु शिक्षक की आवश्यकता है**

कक्षा 10वीं सीबीएसई (गणित) अंग्रेजी माध्यम।
पता:- बुलेट एजेंसी के सामने मेन रोड रतहरा रीवा,
मो. न. 9993217514, 8839450252 (आरएन. जीएम सर 02/05)

**लोन**

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944

## माह के प्रथम कार्य दिवस की शुरुआत वंदे मातरम गान से हुई

**रीवा।** माह के प्रथम कार्य दिवस पर कलेक्ट्रेट में वंदे मातरम गान का गायन हुआ। कलेक्ट्रेट में अधिकारियों, कर्मचारियों ने वंदे मातरम गान के उपरांत माह के प्रथम कार्य दिवस की शुरुआत की। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, जिला ई गवर्नेंस मैनेजर आशीष दुबे, लोक सेवा प्रबंधक रविकांत पाण्डेय सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अरहर उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 15 तक

**रीवा।** शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य 7550 रुपए प्रति क्विंटल पर जिले भर में अरहर का उपार्जन किया जाएगा। खरीफ वर्ष 2024-25 में ई उपार्जन पोर्टल पर अरहर (तुअर) फसल के उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 15 मई तक होगा। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कहा है कि उपार्जन के लिए किसान ई उपार्जन पोर्टल में अपना पंजीयन 15 मई से पहले करा लें। सभी सहकारी समिति प्रबंधक तुअर उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन सुनिश्चित करें। पंजीकृत किसानों को ही समर्थन मूल्य पर तुअर के उपार्जन का लाभ मिलेगा।

## कृषि तथा संबद्ध विभागों की संभागीय बैठकें जारी

**रीवा।** कमिश्नर बीएस जामोद की विशेष पहल पर कृषि, उद्यानिकी, मछलीपालन तथा पशुपालन विभाग की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी जिलों में संयुक्त संभागीय बैठकें एवं प्रशिक्षण आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें जिला तथा विकासखण्ड स्तर के अधिकारी इन सभी विभागों की योजनाओं की जानकारी लेने के साथ इनके क्रियान्वयन में अपनी भूमिका का निर्धारण कर रहे हैं।

**नाम सुधार सूचना**

मैं गणेश कुमार प्रजापति पिता-प्रेमलाल प्रजापति उम्र लगभग 32 वर्ष निवासी ग्राम बांसी, बंसी 429, तमाराबसी, रीवा जिला रीवा (म.प्र.) का हूं। शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरा पुत्र सिद्धार्थ प्रजापति केन्द्रीय विद्यालय नं. रीवा (म.प्र.) में शिक्षा सत्र 2025-26 में कक्षा 8वीं में अध्यनरत है, जिसमें मेरे पुत्र के विद्यालय रिकार्ड में पिता का नाम अर्थात मुझ शपथकर्ता का नाम गणेश प्रजापति दर्ज है, जबकि मेरा सही व रिकार्डेड तथा पूरा नाम गणेश कुमार प्रजापति है। जिस समय मेरे पुत्र का प्रवेश जिस रिकार्ड के आधार पर किया गया था, उस समय मेरा नाम गणेश प्रजापति ही रहा है, किन्तु बाद में मैने अपना सही व रिकार्डेड नाम गणेश कुमार प्रजापति सुधरवा लिया था, जिससे मेरे समस्त रिकार्डो में मेरा नाम गणेश कुमार प्रजापति ही है, ऐसी स्थिति में छात्र के रिकार्डो को लेकर भविष्य में किसी प्रकार की विसंगतियां उत्पन्न ना हो, जिससे मैं अपने पुत्र के समस्त शैक्षणिक रिकार्डो व विद्यालयीन रिकार्डो से छात्र के पिता के नाम में संशोधन कराकर 'गणेश प्रजापति' के स्थान पर 'गणेश कुमार प्रजापति' दर्ज कराना चाहता हूँ। अतः मेरे पुत्र के विद्यालय रिकार्ड में पिता का नाम 'गणेश प्रजापति' के स्थान पर 'गणेश कुमार प्रजापति' दर्ज किया जाए एवं लिखा पढ़ा व जाना जाए।

RN- 82229 — गणेश कुमार प्रजापति

**M.P. STATE COOPERATIVE UNION LTD.**
E-8/77, Shahpura, Trilanga Road Bhopal - 462039
E-mail : rajyasanghbpl@yahoo.co.in
Website: www.mpscu.in, Tel. : 0755-2926160

**INVITES RATE FOR PURCHASE OF MACHINERY FOR CFC BHOPAL**

The detailed terms and conditions of the Tender are given on our website **www.mpscu.in** Interested agencies may download application form and other documents from the website **www.mpscu.in** or procure hard copy from our Head office MP STATE COOPERATIVE UNION LTD.E-8/77, SHAHPURA, TRILANGA ROAD BHOPAL- 462039.
The interested agencies may apply as per the directives mentioned in the document on or before 15.05.2025 by 5 P.M. in the office of under signed. The Managing Director reserves the right to cancel this assignment.

**Tender Documents uploaded from our Website :-**

1. Profile of the Organization
2. Technical Bid form
3. Financial Bid form
4. Check List.
5. Special Conditions for Bidder.
6. General Conditions for Bidder.

M.P. Madhyam/119868/2025 — **MANAGING DIRECTOR**

**न्यायालीन आम सूचना**
**न्यायालय साजिद मोहम्मद**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड मऊगंज जिला रीवा (म.प्र.)**

प्रोसेस क्रमांक: Q/2025
प्रकरण क्र.: MJCSUC/08/25
तारीख पेशी दिनांक 28/06/2025

01-धर्मवती सिंह पत्नी स्व. श्री राजेन्द्र सिंह उम्र 85 साल 02-आनन्द प्रताप सिंह पिता स्व. राजेन्द्र सिंह उम्र 54 साल, 03- श्रीमती सूर्यकली सिंह पत्नी स्व. श्री श्रवण कुमार सिंह उम्र 55 साल, सभी निवासी ग्राम रतनगवाँ पोस्ट आफिस रतनगवाँ थाना मऊगंज, तहसील मऊगंज जिला मऊगंज (म.प्र.)
.........आवेदकगण

बनाम

01-आम जनता, 02- शासन मध्यप्रदेश राज्य द्वारा जिलाध्यक्ष महोदय मऊगंज, जिला मऊगंज (म.प्र.) पिन कोड-486331 03-शाखा प्रबन्धक, इंडियन बैंक शाखा मऊगंज, IFSC Code- IDIB000M669 जिला मऊगंज (म.प्र.) पिन कोड-486331, 04-श्रीमती रमा सिंह पत्नी स्व. श्री रामायण प्रताप सिंह उम्र 70 साल, 05-रमा निवास सिंह पिता स्व. श्री राजेन्द्र सिंह उम्र 66 साल, 06- महेश प्रताप सिंह पिता स्व. श्री राजेन्द्र सिंह उम्र 63 साल, तीनों निवासी ग्राम रतनगवाँ पोस्ट आफिस रतनगवाँ थाना मऊगंज, तहसील मऊगंज जिला मऊगंज (म.प्र.)
.........अनावेदकगण

आवेदन पत्र वावत प्राप्त किये जाने उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 ई.

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त उन्मान का आवेदन पत्र उत्तराधिकार प्रमाण पत्र हेतु अन्तर्गत धारा-372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम-1925 ई0, इस न्यायालय में आवेदकगण द्वारा प्रस्तुत किया गया है, जिसमे कहा गया है कि श्री राजेन्द्र सिंह पिता श्री पदुमनाथ सिंह निवासी ग्राम रतनगवाँ, थाना व तहसील मऊगंज जिला मऊगंज (म.प्र.) की मृत्यु दिनांक- 18.05.2024 को ग्राम रतनगवाँ में हो गयी है। आवेदकगण एवं अनावेदक क्रमांक-04, 05 एवं 06 मृतक श्री राजेन्द्र सिंह के विधिक वारिसान हैं, मृतक श्री राजेन्द्र सिंह के बैंक खाता इंडियन बैंक शाखा मऊगंज, IFSC Code- IDIB000M669 जिला मऊगंज (म.प्र.) के खाता क्रमांक-22491814653 में कुल रकम-11,98,886-00 रुपये (ग्यारह लाख अन्ठान्नवे हजार आठ सौ छियासी रूपये) जमा हैं। जिसे प्राप्त करने के लिये बैंक द्वारा उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की मांग की गयी है। जिससे आवेदकगणो द्वारा इस न्यायालय में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। समाचार पत्र में प्रकाशन के माध्यम से आम जनता एवं सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि यदि उपरोक्त विषयांकित के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता/अधिवक्ता के माध्यम से जो उक्त विषय से सम्बन्धित जवाव/आपत्ति पत्र प्रस्तुत करने में सक्षम हो नियत तारीख पेशी दिनांक-28.06.2025 को समय-11.00 बजे न्यायालय में उपस्थित होकर अपना जवाव / आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा उक्त प्रकरण में एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जावेगा। यदि किसी कारण वश उक्त दिनाक को अवकाश घोषित किया जाता है, तो अगले कार्य दिवस पर सुनवायी की जावेगी।

यह नोटिस आज दिनाक 30.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी की गयी।

(पद मुद्रा) सजिद मोहम्मद
न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड मऊगंज, जिला रीवा (म.प्र.)
RN- 82230

# एनएसयूआई ने टीआरएस कॉलेज गेट पर जड़ा ताला, किया प्रदर्शन



## छात्रों को गर्मी में पानी, पंखा न मिलने पर जताया आक्रोश, नियमित कक्षाओं का संचालन करने की मांग

**जागरण, रीवा।** शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय में गुरुवार को एनएसयूआई ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। करीब दो घंटे तक महाविद्यालय में तालाबंदी कर संगठन के कार्यकताओं ने नारेबाजी की। उत्कृष्ट महाविद्यालय में छात्रों को मूलभूत सुविधाएं न मिलने पर छात्रों ने आक्रोश जताया। प्रदर्शन करते हुए संगठन ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संगठन के जिलाध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने बताया कि बीते 2 साल से महाविद्यालय छात्रों के लिए शुद्ध-शीतल पेयजल की व्यवस्था नहीं कर पाया है। अब इन गर्मी के दिनों में छात्रों को पुनः पेयजल के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। इसी तरह, महाविद्यालय की कक्षाओं में लगे अधिकांश पंखे खराब हो गए हैं। ऐसे में, छात्रों को गर्मी और तपती छत के नीचे बैठकर पढ़ना पढ़ रहा है, जिसमें सुधार हेतु महाविद्यालय प्रबंधन ने अब तक कोई कदम नहीं उठाए। ज्ञापन में बताया गया कि महाविद्यालय में नियमित कक्षाओं का संचालन नहीं हो रहा। ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने कक्षाओं के बाहर वाटर कूलर स्थापित करने की मांग उठाई। साथ ही, पंखे सुधारने का जिक्र ज्ञापन में किया। वहीं, कई शिक्षक छात्रों से अभद्र भाषा में बात करते हैं, जिसकी शिकायत करने पर भी कोई कार्यवाही नहीं होती। बॉटनी विभाग की महिला शिक्षक पर अभद्र व्यवहार करने का सीधा आरोप छात्रों ने लगाया।

शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
कामता सोनोग्राफी सेन्टर
(अल्ट्रासाउण्ड)
डॉ. रश्मी शुक्ला
M.D. (Radio Diagnosis) G.S.V.M. Medical College Kanpur
Ex. J.R. AIIMS New Delhi
Ex. Consultant Radiologist Alpha Imaging & MRI Kanpur
Ex. Consultant Radiologist Noble Hospital Kanpur
ए-ब्लॉक, समदड़िया सेन्टर प्वाइन्ट, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.) 07662-451599, 9399312433

# गीतांजलि स्कूल ऑफिस में निःशुल्क प्याऊ का हुआ शुभारम्भ

**रीवा।** गीतांजलि पब्लिक स्कूल के सिरमौर चौराहा स्थित सिटी ऑफिस के बाहर गुरूवार को निःशुल्क प्याऊ का शुभारम्भ किया गया। विद्यालय के संस्थापक शिव प्रसाद प्रधान एवं अरुणा प्रधान ने राहगीरों को मीठा खिलाकर प्याऊ का शुभारम्भ किया। इस दौरान वरुण प्रधान, ऋतिका प्रधान, समाजसेवी ऋषिशंकर मिश्र, विजय शंकर मिश्र, मुजीब खान, सुनील अग्रवाल, रामलाल मिश्र, पवन कुमार गुप्ता, प्रखर पाठक सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




**मजदूर दिवस विशेष**

# एक बोरी उतारने का मेहनताना एक रुपए !

## 35-40 साल से कर रहे काम, मजदूरों को नहीं मिल रही कोई सुविधाएं

जागरण, रीवा

पूरे भारत वर्ष में 1 मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है। मजदूरों के शोषण व 12 से 16 घंटे काम करने, अल्प वेतन मिलने व सामाजिक सुरक्षा नहीं होने से इस अन्याय के विरुद्ध श्रमिकों ने संगठित होकर आवाज उठाई और भारत में 19 वीं सदी के अंत में मजदूर दिवस की शुरूआत हुई। श्रमिक संगठनों के प्रयास के चलते शासन, प्रशासन, सरकार द्वारा मजदूरों के लिए विभिन्न कानून, नियम बनाए गए, लेकिन वास्तविकता में आज भी मजदूरों को सुविधा के नाम पर कुछनहीं मिल रहा।



21 वीं सदी में भी मजदूरों का खुलेआम शोषण हो रहा है। मजदूर दिवस के अवसर पर दैनिक जागरण ने कृषि उपज मण्डी में पिछले 35-40 वर्षों से मजदूरी कर रहे मजदूरों से उन्हें दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जाना तो, चौंकाने वाला सच सामने आया।

**पूर्व सूचना दिए बगैर हटा देते हैं :** मकान, दुकान व निर्माण आदि में काम करने वाले मजदूर गणेश, रज्जू, पप्पू ने बताया कि उन्हें दुकानदार द्वारा निर्धारित वेतन तो दिया जाता है, लेकिन वेतन के अलावा उन्हें अन्य सुविधा मुहैया नहीं होती। कई बार मकान निर्माण में काम करते हुए मजदूर गिरकर घायल हो जाते हैं या फिर उनकी जान तक चली जाती है। लेकिन बीमा न होने से उन्हें न तो उपचार के लिए राशि मिल पाती है, न ही क्रियाकर्म आदि के लिए मदद मिलती है। मजदूरी करने वाले मजदूरों को 9-10 घंटे काम करना पड़ता है। इसी प्रकार दुकान में काम करने वाले मजदूरों को सुबह 8 से रात 8 बजे तक दुकान पर रहना पड़ता है। इनमें से भी कई मजदूरों को दुकानदार व ठेकेदार आदि पूर्व सूचना दिए बिना अचानक काम से निकाल भी देते हैं, नया काम ढूंढने तक मजदूर व उनके परिवार के समक्ष फांके मारने की नौबत आ जाती है।

### प्रति बोरी किसान 1 रुपए व व्यापारी दे रहे 3 रुपए

मण्डी में कार्य करने वाले मजदूर रामबाई, निर्मला, ऋतु, नीता, शकुन्तला आदि ने बताया कि उन्हें यहां किसी प्रकार की सुविधा नहीं मिल रही। किसान एक बोरी अनाज उतारने का प्रति बोरी एक रुपए मजदूरी देते हैं, ट्रैक्टर ट्रॉली या फिर अन्य वाहन में जो अनाज लाया जाता है, बोरियों में से जो अनाज वाहनों में गिर जाता है, वह अनाज किसानों द्वारा मजदूरों को दे दिया जाता है। वहीं व्यापारियों द्वारा मजदूरों को प्रति बोरी पर 3 रुपए मजदूरी दी जाती है। न तो मजदूरों का बीमा है, न ही उन्हें स्वास्थ्य सुविधा दी जाती है, और न मासिक वेतन। जो आय होती है मण्डी में बोरियां उतारने, चढ़ाने में जो राशि मिलती है, वही उनका मेहनताना है। व्यापारी अनाज नहीं देते, जिससे उन्हें प्रति बोरी तीन रुपए मिलता है। बस उसी से अपना व परिवार का पेट पाल रहे हैं। जब तक हाथ, पैर चलें काम करते हैं, जो बोझा नहीं उठा पाता उन्हें घर बैठना पड़ता है।

# पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी जरूरी : डीआईजी




## निःशुल्क समर कैंप का हुआ शुभारंभ, पंद्रह विधाओं का देंगे प्रशिक्षण

जागरण, रीवा

स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में मुझे अभिभावकों की उपस्थिति देखकर देख बहुत अच्छा लग रहा है, खिलाड़ियों के पैरेन्ट्स को बहुत-बहुत धन्यवाद, बच्चों का सिर्फ पढ़ाई से काम नहीं चलता, पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी बहुत जरूरी है, यदि खुद को फिट रखना है, तो एक्सरसाइज करना पड़ेगी। यह उद्गार उप पुलिस महानिरीक्षक राजेश सिंह ने संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में आयोजित ग्रीष्म कालीन प्रशिक्षण शिविर के शुभारंभ शहरी क्षेत्र के विभिन्न खेल मैदान पर उप पुलिस महानिरीक्षक राजेश सिंह ने मुख्य की आसंदी से व्यक्त किये। उन्होंने समस्त खेल मैदानों का निरीक्षण कर खिलाड़ियों व उपस्थित प्रशिक्षकों से परिचय प्राप्त किया, साथ ही बच्चों के साथ खेलकर उनका उत्साहवर्धन भी किया। जिले में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण में खिलाड़ियों को ग्रामीण एवं शहरी युवाओं में खेलों के प्रति जागरुकता, खेल को सर्व सुलभ बनाने, प्रतिभावान खिलाड़ियों की पहचान व आधुनिक तकनीकी पद्धति से खेलों में आगे आने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। शुभारंभ अवसर पर पूर्व संभागीय खेल व युवा कल्याण अधिकारी विक्रम सिंह, एमपी सिंह, मोहनलाल शर्मा, एसके मिश्रा, रामनिवास चौबे सहित अभिभावक उपस्थित रहे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगेंगे,नंबर जारी किए गए

शहर के अलावा रायपुर कर्चुलियान-ज्योति सिंह , 9713583388, सिरमौर वंदना सिंह 9644773929, गंगेव विकास कुमार सोनी 9200688980, जवा नीरजकुमार द्विवेदी 6262252379, हनुमना पुष्पादेवी पटेल 9691047124, रीवा दिलीप सिंह 826535-523, त्योंथर प्रतिभा खरे 9981389629, मऊगंज अमर पासी 9685074255, नईगढ़ी रामनरेश कोल 7224869526 से संपर्क कर ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में सम्मिलित होने संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### समर कैम्प में इन खेलों का दिया जाएगा प्रशिक्षण

समर कैम्प में वालीबॉल, फुटबॉल, बास्केटबॉल, क्रिकेट, हॉकी, खो-खो, हैण्डबॉल, एथलेटिक्स, कुश्ती, बैडमिन्टन, बॉक्सिंग, कराते, ताईक्वाण्डो, टेबल-टेनिस, तीरंदाजी, मार्शल आर्ट, हॉकी, महिला मेडिटेशन एवं शतरंज खेलों का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

### 08 से 18 वर्ष के मध्य खिलाड़ी कर सकते हैं सहभागिता

संभागीय खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी एमके धौलपुरी ने बताया कि सभी खिलाड़ी जिनकी आयु 08 से 18 वर्ष के मध्य है। सभी सहभागिता कर सकते हैं। प्रशिक्षण का समय सुबह 6 से 8 बजे व शाम साढ़े 5 से साढ़े 7 बजे तक रहेगा। प्रशिक्षण प्रदान करने वाले प्रशिक्षकों में चार विभागीय प्रशिक्षक राखी सिंह, अमर सिंह जाटव, रीतिका शर्मा व तोषराम कनोजे व उनके साथ शहर के प्रशिक्षित खिलाड़ियों द्वारा निःशुल्क सेवाएं प्रदान कर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

### बच्चों की प्रतिभा को निखारने शुरू की जाएगी मस्ती की पाठशाला

**शहर के गरीब बच्चों के लिए नगर निगम की अभिनव पहल**

शहर के गरीब बच्चों की प्रतिभा को निखारने और उन्हें नई उड़ान देने के लिए नगर निगम एक अभिनव पहल मस्ती की पाठशाला लेकर आया है। मस्ती की पाठशाला के अंतर्गत बच्चों को डांस, ताइक्वांडो, आर्ट एंड क्राफ्ट, म्यूजिक और सिंगिंग जैसी रोचक एवं मनोरंजक गतिविधियों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। नगर निगम द्वारा यह विशेष सुविधा बीपीएल कार्डधारी बच्चों को निःशुल्क प्रदान की जाएगी, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के प्रतिभावान बच्चों को भी समान अवसर मिल सके। इस योजना का उद्देश्य शहर के सभी बच्चों को उनके अंदर छिपी प्रतिभा को पहचानने और उसे विकसित करने का मंच देना है। इच्छुक अभिभावक एवं बच्चे आवेदन के लिए नगर निगम कार्यालय रीवा, कक्ष क्रमांक 28 में संपर्क कर सकते हैं। इसके साथ ही अधिक जानकारी हेतु मो. नम्बर 8959256118, 8878833701 के द्वारा सम्पर्क किया जा सकता है।

### फुटबॉलर बनना लक्ष्य है

पिछले वर्ष से समर कैंप में आ रहे हैं। यहां के अलावा स्कूल में जो खेल स्पर्धाएं अथवा फुटबॉल वगैरह खिलाए जाते हैं, उनमें बराबर सहभागिता करते हैं। आगे चलकर फुटबॉलर बनने का लक्ष्य है।

**शाश्वत त्रिपाठी, खिलाड़ी**

### कबड्डी खिलाड़ी बनना है लक्ष्य

कबड्डी खेल में भाग लिया है, पिछले साल से इस समर कैम्प में बराबर आ रहे हैं। भविष्य में कबड्डी की खिलाड़ी बनना चाहती हूं, पढ़ाई के साथ ये लक्ष्य भी निर्धारित कर रखा है।

**राधिका पाण्डेय, खिलाड़ी**

# गुरुवार को रवाना हुई बांद्रा ट्रेन शुक्रवार सुबह पहुंचेगी रीवा

## रीवा से बांद्रा के लिए एक और स्पेशल ट्रेन की मिली सुविधा




**जागरण, रीवा।** लगभग तीन साल पहले रीवा का रेल यातायात के माध्यम से मायानगरी मुंबई से कनेक्शन जुड़ा। यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ती रही। लिहाजा दबाव के बीच दो ट्रेनें चलने लगीं। महाकुंभ के कारण रैक वापस ली गई। वर्तमान में रीवा-सीएसएमटी का संचालन जून तक निर्धारित है। जबकि रीवा से बांद्रा के लिए एक अनारक्षित ट्रेन के बाद इसी रूट पर एक और नई ट्रेन शुरू की जा रही है। जिससे यह साबित होता है कि मुंबई से रीवा के बीच यात्री काफी ज्यादा हैं। यह बात अलग है कि ग्रीष्म अवकाश व वैवाहिक सीजन को देखते हुए यह वैकल्पिक व्यवस्था के अंतर्गत है। बावजूद इसके यात्रियों को इन सुविधाओं का पर्याप्त लाभ मिल रहा है। हालाकि यात्रियों की मानें तो इन गाड़ियों के साथ-साथ रीवा से छत्रपति शिवाजी टर्मिनस तक चलने वाली साप्ताहिक ट्रेन को एक्सटेंशन मिलने की पर्याप्त संभावना है।

**शुक्रवार को रीवा से होगा संचालन**

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09030 रीवा से बांद्रा टर्मिनस अनारक्षित समर स्पेशल ट्रेन दिनांक 2 मई से 30 मई तक प्रत्येक शुक्रवार को रीवा स्टेशन से सुबह 11 बजे प्रस्थान कर, सतना दोपहर 12.20 बजे, मैहर 12.45 बजे, कटनी 14.00 बजे, मदनमहल सायं 16.05 बजे, नरसिंहपुर 17.05 बजे, पिपरिया 18.00 बजे, इटारसी रात 19.55 बजे पहुंचकर और दूसरे दिन शनिवार सुबह 11.30 बजे बांद्रा टर्मिनस स्टेशन पहुंचेगी।

### एक ही दिन दो अलग-अलग ट्रेन

पमरे के जनसंपर्क विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान समय पर रीवा से एक ट्रेन बांद्रा के बीच चलाई जा रही है, जिसका नंबर 09129-09130 है। यह ट्रेन भी गुरुवार को ही चल रही है। जबकि गाड़ी संख्या 09029-09030 का संचालन 1 मई से 30 मई तक किया जा रहा है, यह ट्रेन भी गुरुवार को ही चलनी है। रेल प्रशासन द्वारा समर के दौरान सामान्य श्रेणी के अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने के उद्देश्य से गाड़ी संख्या 09029-09030 बांद्रा टर्मिनस-रीवा-बांद्रा टर्मिनस के मध्य 05-05 ट्रिप अनारक्षित समर स्पेशल ट्रेन विशेष किराये पर चलाने का निर्णय लिया गया है। इस गाड़ी में 20 सामान्य श्रेणी, 1 जनरेटर कार एवं 1 एसएलआरडी सहित 22 कोच रहेंगे।

**बिलासपुर में बढ़ा एक कोच :** वैवाहिक सीजन में यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 18247/18248 बिलासपुर-रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस में शयनयान श्रेणी का एक अतिरिक्त कोच 1 मई से 1 जून तक लगाने का निर्णय लिया गया है। शयनयान श्रेणी का एक अतिरिक्त कोच गाड़ी संख्या 18247 बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस के प्रारंभिक स्टेशन बिलासपुर स्टेशन से दिनांक 1 मई से 31 मई तक तथा इसी प्रकार गाड़ी संख्या 18248 रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस के प्रारंभिक स्टेशन रीवा स्टेशन से दिनांक 2 मई से 1 जून तक गंतव्य के लिए लगाया जाएगा।

# मेहनतकश इंसानों ने बनाया है दुनिया को सुन्दर

## जीडीसी में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस



**रीवा।** शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग, गणित विभाग और अंग्रेजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य मेजर डॉ विभा श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित संगोष्ठी में समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ रचना श्रीवास्तव, अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ सुपर्णा बनर्जी, गणित विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ अंजना सिंह सहित डॉ मुकेश येंगल, डॉ जीतेन्द्र शुक्ला, डॉ रुचिरा सिंह, डॉ मनोरमा सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किये। विश्व भर के मेहनतकश मजदूरों के अतुलनीय योगदान को याद करते हुए वक्ताओं ने कहा कि यूनान, मिस्त्र, भारत सहित दुनिया के मेहनतकश इंसानों ने ही बुद्धीजीवियों की परिकल्पना को साकार रूप प्रदान किया है। मिस्त्र के पिरामिड, भारत का ताजमहल हो या फिर दक्षिण भारत के अति दुर्लभ मंदिरों की श्रृंखला हो, सभी निर्माण मजदूरों की मेहनत और पसीने के बगैर संभव ही नहीं था और ना रहेगा। वर्तमान समय देश दुनिया की जो सुन्दरता है, वह इन्हीं मेहनतकशों की बदौलत ही है। पूंजीपति समाज को ऐसे मेहनतकशों के प्रति हमेशा इंसानियत के साथ व्यवहार करना चाहिये।

# शिक्षकों के रुके हुए स्वत्वों का होगा भुगतान, डीईओ ने जारी किया फरमान

**जागरण, रीवा।** शासन के बार बार निर्देश और आदेश के बाद भी कई शिक्षकों और कर्मचारियों के स्वत्वों का भुगतान नहीं किया गया है। इस बात को जिला शिक्षा अधिकारी ने गंभीरता से लिया है। इस संबंध में जिला कोषालय अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक भी आयोजित की गई थी। इस बैठक में रुक हुए स्वत्वों को जल्द से जल्द निराकृत कराने का निर्णय लिया गया। इसी निर्णय पर अमल करने के लिए डीईओ ने सभी बीईओ और प्राचार्यों को पत्र जारी किया है।

डीईओ ने पत्र में कहा है कि रीवा और मऊगंज जिला में कार्यरत लोक सेवक अपने लंबित स्वत्वों के निराकरण के संबंध में संकुल प्राचार्य के माध्यम से अभ्यावेदन सुसंगत अभिलेखों के साथ संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारी को भेजेंगे। संबंधित विकासखंड शिक्षाअधिकारी प्रकरण का परीक्षण करने के बाद एक सप्ताह के अंदर निराकरण करेंगे। समय सीमा में प्रकरण का निराकरण न होने पर संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही के लिए आवेदन पत्र के माध्यम से फिर से प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे। प्रकरण का निराकरण न होने पर डीईओ कार्यालय को अवगत कराएं। प्रकरण का निराकरण यदि जिला स्तर से होना है तो सुसंगत अभिलेखों के साथ पात्रता के संबंध में स्पष्ट अभिमत अंकित करते हुए प्रस्ताव जिला कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे। सभी संकुल प्राचार्य और विकासखंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि लोक सेवकों के लंबित प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में किया जाए। अन्यथा की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

JAIPRAKASH
POWER VENTURES LIMITED

**Regd. Office :** Complex of Jaypee Nigrie Super Thermal Power Plant, Nigrie, Tehsil Sarai, District Singrauli - 486 669, (Madhya Pradesh)
**Corporate Office:** 'JA House' 63, Basant Lok, Vasant Vihar, New Delhi - 110057 (India)
**Website:** www.jppowerventures.com **Email:** jpvl.investor@jalindia.co.in **CIN :** L40101MP1994PLC042920

**STATEMENT OF STANDALONE & CONSOLIDATED AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER/YEAR ENDED 31st MARCH, 2025**

(Rs. in Lakhs Except Earning Per Share)

| Sr. No. | Particulars | Standalone | | | | | Consolidated | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | | Year Ended | | Quarter Ended | | | Year Ended | |
| | | 31.03.2025 | 31.12.2024 | 31.03.2024 | 31.03.2025 | 31.03.2024 | 31.03.2025 | 31.12.2024 | 31.03.2024 | 31.03.2025 | 31.03.2024 |
| | | Audited | Unaudited | Audited | Audited | Audited | Audited | Unaudited | Audited | Audited | Audited |
| 1 | Total Income from Operations (net) | 136,634 | 125,635 | 186,353 | 570,630 | 715,100 | 136,667 | 125,663 | 186,363 | 570,755 | 715,129 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before tax and exceptional items) | 20,069 | 19,232 | 85,055 | 121,456 | 171,028 | 20,092 | 19,251 | 85,058 | 121,561 | 171,032 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after exceptional items) | 20,069 | 19,232 | 21,222 | 121,456 | 91,323 | 20,092 | 19,251 | 54,817 | 121,561 | 124,919 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period (after tax and exceptional items) | 15,549 | 12,465 | 25,284 | 81,073 | 68,610 | 15,567 | 12,668 | 58,879 | 81,355 | 102,195 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 15,540 | 12,469 | 25,239 | 81,075 | 68,625 | 15,558 | 12,672 | 58,834 | 81,357 | 102,210 |
| 6 | Equity Share Capital | 685,346 | 685,346 | 685,346 | 685,346 | 685,346 | 685,346 | 685,346 | 685,346 | 685,346 | 685,346 |
| 7 | Other Equity | | | | 161,978 | 80,903 | | | | 162,221 | 80,864 |
| 8 | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (in Rs.) | | | | | | | | | | |
| | Basic : | 0.16 | 0.14 | 0.33 | 0.89 | 0.73 | 0.15 | 0.14 | 0.69 | 0.89 | 1.09 |
| | Diluted : | 0.16 | 0.14 | 0.33 | 0.89 | 0.73 | 0.15 | 0.14 | 0.69 | 0.89 | 1.09 |

**Note :** The above is an extract of the detailed statement of Quarter/Year ended Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full Quarter/Year ended Financial Results are available on the Stock Exchange websites i.e. **www.bseindia.com** & **www.nseindia.com** and also on the Company's website i.e. **www.jppowerventures.com.**

JAYPEE GROUP

For and on behalf of the Board
**MANOJ GAUR**
**Chairman**
**DIN 00008480**

Place : New Delhi
Dated : 01st May,2025

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# जातिगत जनगणना बदल सकती है सारे समीकरण

भारत सरकार ने आखिर एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए आगामी जनगणना में जातिगत गणना को शामिल करने की घोषणा कर ही दी है। यह निर्णय केंद्रीय मंत्रिमंडल और राजनीतिक मामलों की कैबिनेट कमेटी द्वारा मंजूर किया गया। यह भी तय है कि जाति जनगणना के बाद जातियां आबादी के हिसाब से आरक्षण की भी मांग करेंगी। वहीं, सरकार के इस कदम के साथ विपक्ष के हाथ से एक बड़ा मुद्दा भी निकल गया है, जिसे उसने पिछले आम चुनाव में भुनाने की कोशिश की थी। हालांकि, इस घोषणा के साथ एक महत्वपूर्ण सवाल अनुत्तरित रह गया है कि जनगणना और इसके साथ होने वाली जातिगत गणना आखिर कब शुरू होगी?
समय सीमा की यह अस्पष्टता न केवल प्रशासनिक चुनौतियों को उजागर करती है, बल्कि राजनीतिक और सामाजिक बहस को भी हवा दे रही है। जातिगत गणना का यह निर्णय बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले लिया गया है, जो इसके राजनीतिक निहितार्थों को और गहरा करता है। भारत में जनगणना की शुरुआत अंग्रेजी हुकूमत के दौर में, सन 1872 में हुई थी। 1931 तक हुई हर जनगणना में जाति से जुड़ी जानकारी को भी दर्ज किया गया। आजादी के बाद सन 1951 में जब पहली बार जनगणना कराई गई, तो तय हुआ कि अब जाति से जुड़े आंकड़े नहीं जुटाए जाएंगे। स्वतंत्र भारत में हुई जनगणनाओं में केवल अनुसूचित जाति और जनजाति से जुड़े डेटा को ही पब्लिश किया गया। 2011 के सामाजिक आर्थिक और जातिगत जनगणना में जाति के आंकड़ों को सरकार ने इसलिए सार्वजनिक नहीं किया, क्योंकि इसमें कई विसंगतियां बताई गई थीं। विपक्षी दलों ने जाति जनगणना की मांग इसलिए उठाई थी ताकि इस आधार पर आगे आरक्षण को तर्कसंगत बनाया जाए और जातीय गोलबंदी कर चुनावी फायदा लिया जाए। एनडीए पहले तो इसे लेकर दुविधा में थी, लेकिन जाति जनगणना का ऐलान कर अब उसने इस मुद्दे पर बढ़त बना ली है। लेकिन यह भी देखना होगा कि इसके आंकड़े आने के बाद आबादी के अनुपात में आरक्षण की मांग से वह कैसे निपटती है। फिर इस तरह की पहल जिन राज्यों में हुई है, वहां भी इसे लेकर विवाद चल रहा है। हाल में कर्नाटक में जाति जनगणना की रिपोर्ट लीक हो गई। इसने वहां कांग्रेस सरकार के लिए मुश्किलें खड़ी कर दीं। रिपोर्ट में ओबीसी के लिए आरक्षण को 32फीसद से बढ़ाकर 51फीसद और मुस्लिम समुदाय के लिए 4फीसद से 8फीसद करने की सिफारिश की गई थी। वहीं, राज्य में प्रभावशाली लिंगायत और वोक्कालिगा समुदायों की आबादी उनकी उम्मीद से कम निकली। सर्वे के तरीके पर भी सवाल उठाए गए। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जातिगत जनगणना की घोषणा करते हुए कहा कि इससे समाज आर्थिक-सामाजिक दृष्टि से मजबूत होगा। लेकिन, अगर इसे सही ढंग से नहीं संभाला गया, तो यह विवाद भी खड़े कर सकता है। कर्नाटक हो या बिहार, पुराने सर्वे यही बताते हैं कि कभी भी, हर कोई पूरी तरह संतुष्ट नहीं हुआ। यह भी तय है कि इससे आरक्षण का मुद्दा जोर पकड़ सकता है।

> केंद्र सरकार का अगली जनगणना के साथ जाति जनगणना कराने का निर्णय जितना बड़ा है, उतना ही चुनौतीपूर्ण भी। यह कदम देश के राजनीतिक और सामाजिक समीकरणों को बदल सकता है।

# ये दुनिया मिल भी जाये तो क्या है...



ईश्वर को इस पृथ्वी को बनाये हुए लगभग 4.5 अरब वर्ष बीत गये... पहले यह जमीन आग का एक गोला थी... जलती हुई... तपती हुई ... पिघली हुई... एक आग थी यह पृथ्वी... लावा... भीषण गर्मी... और... असहनीय तपन से भरी हुई थी हमारी यह आज की... शस्य-श्यामला... हरीतिमा भरी हुई... नीर... क्षीर... समीर के... शीतल झोकों से परिपूर्ण धरती...

परमात्मा ने कृपा की... जगत जननी की इच्छा जागी धरती पर जीव... और... जीवन रचने की... नारायण को... नर बनने की कामना हुई... और... शुरू हो गई कहानी... संसार बसाने की... कथा मनु और इला की... किस्सा आदम और हव्वा का... आग के इस गोले... पृथ्वी को... इस जमीन को... इस धरती और धरा को... इस वसुन्धरा को.... जिसे परमब्रह्म परमात्मा ने... साढ़े चार अरब वर्ष पहले बनाया था... उसे ठंडा... और ठंडा... फिर और अधिक ठंडा तथा ठोस करने में... सृष्टि के रचयिता परमेश्वर को भी अरबों वर्षों तक... अथक मेहनत करनी पड़ी.... तब कहीं जाकर... आज के इस वर्तमान स्वरूप में आ सकी यह हमारी पृथ्वी... हमारी यह जमीन...

तब कहीं इतनी कड़ी मेहनत और तपस्या के ये दुनिया मिल भी जाये तो क्या है... बाद (वैज्ञानिक अनुमानों के अनुसार) हमारे भू-लोक में आज से महज... लगभग दो लाख वर्ष पूर्व... इंसान को पैदा कर सका था भगवान... पहले उसने आग से तपते गोले को ठंडा किया... फिर जमीन बनायी... फिर वायु मंडल बनाया... फिर समुद्र और नदियाँ बनाई... पर्वत और वन बनाये... वनस्पतियाँ बनाईं... और तब... जल में रहने वाले एक कोशकीय... और... दो कोशकीय... जीव बनाये... और फिर... इन एक और दो कोशकीय जीवों के संगम से उसने... जल में रहने वाले जीव-जन्तु... पृथ्वी पर रहने वाले चौपाये पशु... गगन में उड़ने वाले पक्षी और धरती के अंदर तथा जल में रहने वाले सरिसृप बनाये... तब कहीं... जाकर उस परमात्मा ने बनाया... इंसान को... आदमी और औरत के रूप और गुणों में... मनु और इला के रूप में... आदम और हव्वा के रूप में बनाया... तब कहीं जाकर पैदा हुई... संसार में इंसान की औलादें... हम सब नर और नारियाँ...




पर... वाह-रे-वाह... इंसान की औलादों... वाह रे वाह... मनु और इला की संतानों... और... वाह रे वाह... आदम और हव्वा के बेटे-बेटियों... धिक्कार है... धिक्कार है तुम्हें... जिस आग के गोले को.... तुम्हें जन्म देने के लिये... ठंडा करने में... परमात्मा को भी साढ़े चार अरब वर्षों से भी अधिक का समय लगा था... उसे फिर से गरम कर दिया तुमने... पृथ्वी को दो लाख वर्षों के छोटे से समय में ही... बर्बाद करके फेंक दिया तुम सबने... यह दुनिया... नष्ट कर डाली तुमने... आकाश में ओजोन परत की सुरक्षा छतरी... जो परमात्मा ने... सूरज की तपती पराबैंगनी किरणों को सीधे धरती पर आने से बचाने के लिए बनाई थी उसमें छेद कर दिये तुमने...

**मैं चाहता हूँ, इस धरती को तुम**
**थोड़ा-थोड़ा करके ही सही**
**समझना तो शुरू करो...**
**तुम खुद अपनी ही आँखों से देखो**
**किस तरह खण्डहर में तब्दील हो गए हैं**
**इतिहास के सामने**
**और पथराने लगी है हवा, किसी बुनियाद के बिना**
**भटकती-बिर्राती हैवानी चीख में...**
**तुम खुद देखो इंसानों को कितनी तेजी से**
**फ़ालतू चीजों और कचरे के ढेर में फेंक कर**
**बढ़ गए हैं हमलावर**
**खूँखार जानवरों से कहीं ज़्यादा ख़तरनाक**
**हथियार हैं उनके पास**
**घूमता जा रहा है वक्त का आइना**
**इस रौशनी और अंधेरे में**
**अब 'कोई तो आकर बचा ले' जैसी पुकार**
**एक बार नहीं हजार बार कर रही है यह धरती...**

न शुद्ध जल बचने दिया... तुम हव्वा की औलादों ने.... न जंगल और वन ही बचने दिये तुम इला की संतानों ने... सुखा डालीं नदियाँ... प्रदूषित कर डाली... पतितों को भी पावन करने वाली गंगा...

फिर भी...? तब पर भी...? आज तक हम लड़ते चले जा रहे हैं... मज़हब के नाम पर... देश और जमीन के नाम पर... भाषा के नाम पर... कोई हिन्दू है... तो कोई मुसलमान... कोई सिख है... तो कोई ईसाई... कोई भारतीय है तो कोई अंग्रेज... कोई जापानी है... तो कोई चीनी... कोई पाकिस्तानी है... तो कोई है सीरियाई है... आतंकवादी जमातें अमन की दुश्मन अब इस जमीन पर जगह-जगह लड़ रही हैं... खेती और किसान मर रहे हैं... दुनिया रोज़-ब -रोज़... मौत के मुँह में समा रही है... और... हम सब बंट रहे हैं... बंटते ही जा रहे हैं... विभिन्न धर्मों में... मज़हबों में... सम्प्रदायों में... हम सब... हिन्दू हैं... मुसलमान हैं... क्रिश्चियन... या... बौद्ध हैं... अगर हम कुछ नहीं हैं... तो बस... हम सब... ईश्वर की सच्ची संतानें नहीं हैं... क्योंकि आज... परमेश्वर की... सबसे महत्वपूर्ण कृति... परमात्मा की सबसे बड़ी तपस्या... भगवान की सबसे बड़ी मेहनत... अल्लाह का सबसे बड़ा करिश्मा... क्राइस्ट का सबसे बड़ा क्रियेशन... यह यूनिवर्स... यह पृथ्वी... इस जमीन को... हम सब मनुष्यों ने बर्बाद कर के रख दिया है... आदमी के बस की बात तो अब है ही नहीं... इस पृथ्वी को बचाना... अगर ख़ुदा ही कुछ करे... तो करे...

इंसान अभी भी कहा बाज़ आ रहा है अपनी फितरत से...? कभी जमीन का सीना फाड़ कर... धरती के अन्दर गहरे... बहुत गहरे में करता है परमाणु बमों के धमाकेदार परीक्षण... तो कभी समुद्र की अतल गहराइयों के भी नीचे... जलमग्न धरती की छाती को छेदकर... परमाणु बारूद की जाँच करता रहता है... आज का आदमी... जो जितना बड़ा देश है... वह उतना ही ज्यादा बारूद भर रहा है... धरती माता के सीने में... उतनी ही ज्यादा विनाशकारी ऊर्जा का उत्सर्जन कर रहा है... उतनी ही ज्यादा हिलियम गैस छोड़ रहा है अन्तरिक्ष में... जो फाड़ रही है पृथ्वी के रक्षा कवच 'ओजोन लेयर' को... जंगल कट रहे हैं... वन और प्रपात सूख रहे हैं... और आदमी घड़ियाली आँसू बहा रहा है... अरेSS इंसानों... रोक सको... तो रोक लो... अपनी दुनिया में... रोज-ब-रोज मचती हुई तबाही को... बदल डालो अपनी आदतें... बन्द करो परमाणु परीक्षण... मत काटो हरे-भरे वृक्षों को...

**परिन्दे अब कहाँ जाएँ**
**कि सारे घोंसले तुमने जलाए**
**परिन्दे अब कहाँ जाएँ...?**
**हृदय घायल किसी का, खो दी आँख किसी ने**
**किसी के पंख जले या फिर पंजे जले किसी के**
**कि तुम हृदयहीन मानव समझोगे क्या**
**एक-एक घर में कितने घर झुलसे हैं**
**आक्रोश की ज्वाला, जले चेहरों पर उभर आए....**
**परिन्दे अब कहाँ जाएँ**
**क्यों न परों के पनपते ही, तुम पर ही न टूट पड़ें**
**डराकर या उड़ाकर, न इनको और सताओ**
**परिन्दे अब कहाँ जाएँ...?**
**शिकारी ग़र तुम थे नादान**
**तो इतने जाल कैसे बिछाए**
**जले फूल, परों, औ' पत्तों की अब तक**
**'जले जंगलों से गंध औ' दुर्गन्ध आए**
**परिन्दे अब कहाँ जाएँ...?**

और समझो कि... दुनिया की हर नदी... हिन्दुओं की 'गंगा'... मुसलमानों का 'आब-ए-जमजम'... इजिप्शियनस् की नील... या अंग्रेजों की 'टेम्स' और रशियंस की 'वोल्गा' और फ्रेंच की 'साइन' जैसी ही पवित्र हैं... मत बहाओ इन पवित्र नदियों में इंसानी गंदगी और रसायनों के अपशिष्टों का सैलाब... बचा सको तो... अब भी बचा लो... पृथ्वी को... नदियों को... जंगलों को... वरना... कल को न यह दास्तान कहने वाला मैं ही बचूंगा... और... न यह अफसाना सुनने वाले... तुम ही बचोगे... खत्म हो जायेगी सारी कहानी... व्यर्थ हो जायेगी ईश्वर की तपस्या.... वह कड़ी मेहनत... जो परवरदिगार ने... परमेश्वर ने... राम और रहीम ने... साढ़े चार अरब वर्षों तक इस पृथ्वी को... इंसानों के रहने लायक जगह बनाने में की थी... सब की सब बर्बाद हो जायेगी...

**देखना, एक दिन चुक जायेगा यह सूर्य भी**
**सूख जायेंगे सभी जल एक दिन...**
**एक दिन हवा चाहे मातरिश्वा हो**
**नाम को भी नहीं होगी, एक दिन नहीं होगी अग्नि कोई**
**और एक दिन नहीं होगी कोई मृत्तिका भी ...**

सोचो...! अगर बिना पानी... बिना हरियाली के... जलती- सुलगती... दुनिया आने वाले वक्त के लोगों को... मिल भी जाये तो क्या है...?

(श्री मदनमोहन के लेखों, पुस्तकों, कविताओं की बेवसाइट)
https://adhyatmsanatandharma.com

# बिना युद्ध घुटने टेकने के लिए मजबूर हो पाकिस्तान

आतंकवाद के खिलाफ



> अगर पाकिस्तान कश्मीर, पंजाब या पूर्वोत्तर में आतंकवाद का समर्थन करना जारी रखता है, तो भारत बलूचिस्तान, नॉर्थ-वेस्ट फंटियर प्रोविंस और सिंध में विद्रोह को बढ़ावा देने पर विचार कर सकता है। अगर हम पीओके में घुसकर आतंकी ठिकानों पर हमला करते हैं, तो बड़े पैमाने पर युद्ध का जोखिम उठाना होगा। बजाए इसके अगर सीधी लड़ाई के बगैर ही पाकिस्तान घुटने टेक दे, तो इससे बेहतर क्या होगा?

सुबीर भौमिक

पहलगाम में आतंकी हमले के दो दिन बाद, क्वेटा के पास बलूच विद्रोहियों ने एक विस्फोट किया, जिसमें दस पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। बलूच विद्रोही लगातार मजबूत होते जा रहे हैं, जिससे भारत को जैसे को तैसा वाले अंदाज में बदला लेने का अवसर मिल सकता है। हमें बालाकोट जैसा हवाई हमला करने या उरी के बाद की तरह सर्जिकल स्ट्राइक करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि पाकिस्तान यही उम्मीद कर रहा है। ऐसे हमले तभी सफल होते हैं, जब हैरान करने वाला तत्व हो। इससे बेहतर पाकिस्तान के अंदर सक्रिय विद्रोही गुटों का इस्तेमाल करके उसकी सेना को नुकसान पहुंचाना है।
भारत ने पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में 1960 की सिंधु जल संधि को स्थगित कर दिया है और राजनयिक प्रतिनिधित्व को कम करने के अलावा पाकिस्तानियों को वीजा देना बंद कर दिया है। यह बात कुछ लोगों को पसंद नहीं आएगी, जो पाकिस्तान को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। कुछ लोगों का सुझाव है कि भारत को वही करना चाहिए, जो इस्राइल ने गाजा में हमास के साथ किया था। भारत के पास कोई आसान उपाय नहीं है। हम वह नहीं कर सकते, जो इस्राइल ने गाजा में किया, क्योंकि पाकिस्तान परमाणु शक्ति संपन्न देश है, हमास जैसा कोई संगठन नहीं।
अगर हम पीओके में घुसकर आतंकी ठिकानों पर हमला करते हैं, तो बड़े पैमाने पर युद्ध का जोखिम उठाना होगा। कुछ लोग पीओके में मौजूद आतंकवादियों के ठिकानों और लॉन्चपैड्स पर बालाकोट जैसे हवाई हमले को उचित ठहरा सकते हैं। बालाकोट इसलिए संभव हुआ, क्योंकि इसकी पाकिस्तानियों को तब उम्मीद नहीं थी। अब वे जानते हैं कि ऐसा हो सकता है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, पूरे पाकिस्तान में हवाई अड्डे पहले से ही हाई अलर्ट पर हैं। कुछ सेवानिवृत्त भारतीय सैन्य अधिकारी सही कहते हैं कि असली दुश्मन आतंकी गुट नहीं, बल्कि उनकी प्रायोजक पाकिस्तानी सेना है। जब तक उसे नुकसान नहीं पहुंचाया जाएगा, आतंकी घटनाएं नहीं रुकेंगी। इसलिए सोचना यह है कि पाकिस्तानी सेना को किस तरह से नुकसान पहुंचेगा। बलूचिस्तान, नॉर्थ-वेस्ट फ्रंटियर प्रोविंस और कभी-कभी सिंध में ऐसा होता है। हाल ही में बलूच विद्रोहियों द्वारा एक पूरी ट्रेन को अगवा करने के कारण पाकिस्तानी सेना को भारी अपमान का सामना करना पड़ा था। पिछले कुछ वर्षों में बलूच विद्रोही और भी ज्यादा मजबूत और साहसी हो गए हैं। इसकी हताशा पाकिस्तान के सेना प्रमुख के हिंदुओं और कश्मीर के खिलाफ उग्र बयानों में दिखी तथा शायद इसी वजह से आईएसआई ने पहलगाम पर हमला करवाया।
अगर पाकिस्तान कश्मीर, पंजाब या पूर्वोत्तर में आतंकवाद का समर्थन करना जारी रखता है (बांग्लादेश के अंतरिम शासन का उपयोग करके), तो भारत बलूचिस्तान, नॉर्थ-वेस्ट फ्रंटियर प्रोविंस और सिंध में बिना जिम्मेदारी लिए विद्रोह को बढ़ावा देने पर विचार कर सकता है। छाती ठोककर जीत का बखान करने की कोई जरूरत नहीं है। गुप्त ऑपरेशन तभी सफल होते हैं, जब उन्हें गुप्त रखा जाता है।
किसी विरोधी को घुटनों पर लाने के लिए जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। 1971 में काफी योजनाएं बनाई गई थीं, तब पाकिस्तान को तोड़कर स्वतंत्र बांग्लादेश का जन्म हुआ। लेकिन पाकिस्तान की सेना ने सबक नहीं सीखा और कश्मीर, पंजाब तथा पूर्वोत्तर में अपनी शरारतें जारी रखीं।
पहलगाम हमले पर कश्मीरियों के गुस्से को देखें। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पूरे कश्मीर में मोमबत्ती जलाकर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं, क्योंकि उनकी रोजी-रोटी दांव पर है।
कश्मीर भारत के तेजी से बढ़ते पर्यटन उद्योग का बड़ा लाभार्थी है।
हैरानी नहीं कि कश्मीर में लोगों की मानसिकता में भारी बदलाव आया है और स्थानीय लोगों को डर है कि कहीं आतंकी हमले से पर्यटन चौपट न हो जाए। आर्थिक एकीकरण भावनात्मक एकीकरण की नींव रखता है।
अगर सरकार पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए गंभीर है, तो उसे जनता की भावनाओं के बहकावे में जल्दबाजी आकर नहीं करनी चाहिए। भारत और उसके डीप स्टेट को पाकिस्तान की जातीय दरारों पर काम करना चाहिए और इसे पूरी तरह से विफल राज्य में बदलने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ना चाहिए। यह एक दीर्घकालिक परियोजना है, जिसे शक्ति के दिखावटी प्रदर्शन के बगैर चुपचाप चलाना चाहिए। राष्ट्रीय नीतियों को गंभीरता से तैयार करके आगे बढ़ाया जाना चाहिए और अल्पकालिक चुनावी लाभ के लिए कभी भी घुटने टेकने वाली प्रतिक्रियाओं तक सीमित नहीं होना चाहिए।
चाणक्य ने दंड को अंतिम विकल्प बताया था, न कि पहला। लेकिन दंड का बुद्धिमानीपूर्ण उपयोग यह होगा कि इसे इस तरह से इस्तेमाल किया जाए कि सीधे युद्ध की नौबत आए बगैर ही पाकिस्तान घुटने टेक दे।


प्रसंगवश

# सेनाओं की क्षमताओं पर प्रधानमंत्री ने जताया विश्वास

> प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान, आतंकियों और उनके आकाओं पर प्रहार करने की सेना को खुली छूट दे दी है। हमले का तरीका, जगह, लक्ष्य और समय सेनाएं ही तय करेंगी। प्रधानमंत्री ने देश की सेनाओं की क्षमताओं पर विश्वास जताया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट किया गया है कि आतंकवाद को करारा जवाब देना हमारा दृढ़ राष्ट्रीय संकल्प है। कश्मीर में ही उरी और पुलवामा आतंकी हमलों के बाद भी प्रधानमंत्री मोदी ने सेना को खुली छूट दी थी। हालांकि सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट हवाई हमले की अंतिम स्वीकृति प्रधानमंत्री से जरूर ली गई थी। प्रधानमंत्री ने बीते दो दिनों में दो बार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। उन बैठकों में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ भी मौजूद रहे, लेकिन निर्णायक बैठक में तीनों सेनाओं के प्रमुख भी मौजूद थे। जाहिर है कि प्रधानमंत्री के सामने संभावित हमलों के प्रारूप और रोडमैप रखे गए होंगे! अंततः सेना को स्वतंत्र छूट दी गई।
बुधवार, 30 अप्रैल को सुरक्षा मामलों की कैबिनेट कमेटी, राजनीतिक और आर्थिक मामलों की कैबिनेट समितियों की बैठकों में भी व्यापक विमर्श किया गया। कैबिनेट की पूरी बैठक भी की गई। अब सर्वोच्च स्तर पर यह स्पष्ट हो चुका है कि भारत ने पहलगाम नरसंहार का बदला लेना तय कर लिया है। तीनों सेना प्रमुखों के प्रारूपों में जो संशोधन जरूरी लगे होंगे, वे कैबिनेट की बैठकों में कर लिए गए। अब हमारी सेनाओं का आक्रामक प्रहार क्या होगा, यह उसी पल ही सामने आएगा, जब हमला किया जाएगा। भारत अपनी तरफ से युद्ध का आगाज करने नहीं जा रहा है। जो आतंकवाद के चेहरे हैं, निशाने पर सिर्फ वही होने चाहिए। रक्षा विशेषज्ञ अपने लंबे, सैन्य अनुभवों के आधार पर आकलन कर रहे हैं कि आतंकियों के साथ-साथ पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई, वहां की फौज और सेना प्रमुख जनरल मुनीर हमारी सेनाओं के निशाने पर हो सकते हैं। ये ही आतंकवाद का क्रमबद्ध सिलसिला हैं। सेना के ऑपरेशन जमीन और हवा के अलावा समंदर से भी किए जा सकते हैं। हमारी सेनाओं ने दुश्मन का अच्छी तरह अध्ययन कर लिया होगा! हमारी सेनाओं के निशाने पर पाकिस्तान के 30 से ज्यादा महत्वपूर्ण लक्ष्य हैं, जिन्हें सेनाएं मिसाइल हमलों में ही उड़ा सकती हैं। हमारी सेनाओं के पास ऐसे भी अस्त्र हैं, जिन्हें भारत की सीमा में रहते हुए भी छोड़ा जा सकता है। वे वाकई बेहद विध्वंसक हैं। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि इस बार सैन्य ऑपरेशन व्यापक और बहुध्रुवीय हो सकता है।
बहरहाल सेना जो भी करेगी, पूरी दुनिया के सामने होगा, लेकिन एक बार फिर दोहरा रहे हैं कि यह देश के एकजुट रहने का वक्त है। यह विवादास्पद, घटिया और मानहानि वाले पोस्टर पोस्ट करने का वक्त नहीं है। यह देश के प्रधानमंत्री को अपमानित करने का भी समय नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के इस आग्रह को समर्थन दिया जाना चाहिए कि संसद का एकदिनी विशेष सत्र बुलाया जाए और पाकिस्तान, आतंकवाद के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया जाए। ऐसे विशेष सत्र 'निर्भया कांड' के बाद भी बुलाए गए हैं। जम्मू-कश्मीर विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया, तो मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला का नया विचार सामने आया। प्रधानमंत्री मोदी संसद के भीतर सैन्य रणनीति का खुलासा बिल्कुल न करें। एक राष्ट्र के तौर पर, संसद के जरिए, आतंकवाद और पाकिस्तान की भूमिका को पुरजोर बेनकाब करें। बेशक दुनिया भी हमारी संसद से गूंजने वाले हुंकारों को सुनेगी। यदि सरकार संसद का सत्र नहीं बुलाती है, तो कमोबेश अभी उसे सियासत का आधार न बनाएं। भारत को पलटवार कर प्रतिशोध लेने दें, पीड़ित परिवारों को कुछ तसल्ली मिलने दें। देश सामान्य हो जाएगा, तो सरकार का विरोध जायज होगा।

## ॥गीता॥



**श्लोक :** नास्ति विद्यासमो बन्धुर्नास्ति विद्यासमः सुहृत।
नास्ति विद्यासमं वित्तं नास्ति विद्यासमं सुखम॥

**भावार्थ :**
विद्या जैसा बंधु नहीं, विद्या जैसा मित्र नहीं, (और) विद्या जैसा अन्य कोई धन या सुख नहीं।

जीवन दर्शन

# आलोचनाओं और निंदा को दिल पर न लें



कल्पना कीजिए कि एक चमकदार गुब्बारे में सूई चुभो दी जाए, तो क्या होगा? इससे वह या तो फट पड़ेगा या फिर हवा निकल जाएगी। ऐसा इन्सानों के साथ भी होता है। एक सोशल मीडिया क्रिएटर ने बताया कि अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर (एडीएचडी) यानी ध्यान आकर्षित न कर पाने से उत्पन्न विकार से पीड़ित व्यक्ति के लिए अस्वीकृति ऐसी हो सकती है, मानो भावनाओं का विस्फोट हो गया। इस क्लिप को लाखों लाइक्स मिले हैं। यह रिजेक्शन सेंसिटिव डाइस्फोरिया (आरएसडी) यानी अस्वीकृति से उपजी बेचैनी से संबंधित हजारों पोस्टों में से एक है। इन शब्दों का उपयोग चिकित्सकों द्वारा भी बहुत कम किया जाता है, पर ये आजकल खूब वायरल हो रहे हैं। एडीएचडी से पीड़ित 24 वर्षीय शिक्षिका एरिन राइडर ने बताया कि हाल ही में उनके प्रेमी ने सप्ताह भर काम करने के बाद अपनी योजना स्थगित कर दी। वह कहती हैं कि इससे उन्हें काफी गुस्सा आया कि उसने पहले से बने कार्यक्रम को रद्द क्यों कर दिया। वह कहती हैं कि थोड़ी देर के लिए तो वह पगला-सी गई थीं। हालांकि, बाद में उन्हें एहसास हुआ कि उनकी प्रतिक्रिया गलत थी। एडीएचडी का उपचार करने वाले मनोवैज्ञानिक डॉ। बिल डॉडसन ने आरएसडी शब्द को लोकप्रिय बनाया है। वह कहते हैं कि यह शब्द उन्होंने नहीं गढ़ा, बल्कि अवसाद पर उपलब्ध पुराने साहित्य से उधार लिया है। उनके अनुसार, अस्वीकृति संवेदनशीलता कथित आलोचना पर तीव्र प्रतिक्रिया देना है। मनोचिकित्सा और व्यवहार न्यूरोसाइंस विशेषज्ञ डॉ एरिक मेसियस कहते हैं कि आरएसडी दिमागी और व्यक्तित्व संबंधी विकारों से जुड़ा है। इससे पीड़ित व्यक्ति न केवल कथित आलोचना के प्रति संवेदनशील होता है, बल्कि कई मामलों में खुद को कमतर भी समझता है। यदि ऐसे व्यक्ति को चिढ़ाया जाए, मजाक उड़ाया जाए, उसकी बात काट दी जाए, या फिर कुछ अप्रिय बोल दिया जाए, तो उसका मूड तुरंत बदल जाएगा और वह या तो गुस्सा करेगा या उदासी में डूब जाएगा। यहीं से 'डिस्फोरिया' शब्द आता है, जिसका अर्थ है- बेचैन या असंतुष्ट महसूस करने की स्थिति। मनोवैज्ञानिक डॉ लिंडसे ब्लास कहती हैं कि आलोचना किसी-किसी के लिए बहुत दर्दनाक होती है। डॉ डॉडसन कहते हैं एडीएचडी पीड़ितों के लिए कोई मान्य दवा नहीं है, उन्हें अवसाद की ही दवा दी जाती है। एक्सपोजर थेरेपी के तहत चिकित्सक धीरे-धीरे रोगी के आत्मविश्वास को जगाते हैं, ताकि आलोचना या अन्य किसी बात से उपजी उदासी या हीन भावना को दूर किया जा सके। उन्हें प्रेरित किया जाता है कि छोटी-छोटी बातों पर क्रोध न करें और जब जिंदगी में कोई बात बिगड़ जाए, तो उसे दिल पर न लें।

क्रिस्टीना कैरन

## संक्षिप्त खबरें

### डॉ. अरुणा को एनएचएम के साथ डीएमई का भी प्रभार

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** नेशनल हेल्थ मिशन मप्र में संचालक के पद पर पदस्थ डॉ. अरुणा कुमार को शासन ने संचालक चिकित्सा शिक्षा के पद का प्रभार भी सौंप दिया है। यह पद डॉ. एके श्रीवास्तव के रिटायर होने के बाद रिक्त था। डॉ. एके 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हुए हैं। उनके रिटायरमेंट के बाद शासन ने एक मई को आदेश जारी करते हुए डॉ. अरुणा कुमार को संचालक चिकित्सा शिक्षा का कार्यभार भी सौंप दिया है। आपको बता दें कि डॉ. अरुणा कुमार गांधी मेडिकल कॉलेज में गायनिक विभाग की एचओडी और जीएमसी डीन रह चुकी हैं। कुछ समय पहले शासन ने उनकी पदस्थापना एनएचएम में बतौर संचालक की थी। अब वह डीएमई का कार्यभार भी संभालेंगी।



### गुजरात-महाराष्ट्र ने विकास के नए आयाम गढ़े

**विसं, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुजरात और महाराष्ट्र के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोमनाथ महादेव और द्वारिकाधीश के आशीर्वाद से पल्लवित गुजरात की पावन धरा विकास के नए आयाम गढ़ रही है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल के नेतृत्व में सांस्कृतिक धरोहर, लोक कला व संस्कृति से समृद्ध गुजरात उत्तरोत्तर प्रगति करे, यही कामना है। इसी तरह उन्होंने महाराष्ट्र के स्थापना दिवस पर कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में महाराष्ट्र निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर रहे और नागरिकों के जीवन में समृद्धि और खुशहाली का संचार हो, यही कामना है।

### बसंत पंचमी, अक्षय तृतीया पर ही होंगे सामूहिक विवाह

**विसं, भोपाल।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह / निकाह योजना में किये गये संशोधन 15 मई 2025 से प्रभावी हो गया। नये संशोधन में मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के लिये चार तिथियां बसंत पंचमी, अक्षय तृतिया एवं तुलसी विवाह एक अन्य तिथि विभाग के अनुसार निर्धारित की जा सकती है। योजना के अन्तर्गत अब सामूहिक विवाह इन्हीं तिथियों में आयोजित होंगे, जिन्हें योजना के तहत लाभ प्रदान किया जायेगा। प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण श्रीमती सोनाली वायंगणकर ने बताया कि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और मॉनिटरिंग की दृष्टि से योजना की तिथियों का निर्धारण किया गया है। साथ ही सामूहिक विवाह समारोह में जोड़ों की न्यूनतम संख्या 11 तथा अधिकतम 200 निर्धारित की गई है।

# जाति जनगणना पर कांग्रेस का अभियान, जून में भोपाल आएंगे राहुल

## 10 से 20 मई के बीच विधानसभा क्षेत्र वार जातिगत जनगणना को लेकर निकाली जाएंगी रैलियां, डोर टू डोर संपर्क भी किया जाएगा





**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस जातिगत जनगणना को लेकर राज्य में अभियान चलाएगी। इसे लेकर जून में भोपाल में बड़ी रैली का आयोजन होगा, जिसमें कांग्रेस नेता राहुल गांधी मौजूद रहेंगे। इसके लिए सभी जिला कांग्रेस अध्यक्षों को निर्देशित किया गया है। केन्द्र सरकार द्वारा जातिगत जनगणना कराने का फैसला लेते ही इसे लेकर राजनीति शुरू हो गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने गुरुवार को एलान कर दिया है कि उनकी पार्टी इसे अभियान का रूप देगी। इसके लिए 10 से 20 मई के बीच विधानसभा क्षेत्र वार जातिगत जनगणना की रैलियां निकाली जाएंगी। इसके बाद डोर टू डोर संपर्क किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस पहले से ही संविधान बचाओ अभियान के तहत प्रदेशभर में अभियान चला रही है जिसमें विधानसभा क्षेत्र वार रैली और घर-घर जनसंपर्क अभियान चलाए जाने के कार्यक्रम तय है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि जातिगत जनगणना और संविधान बचाओ को लेकर जून माह में भोपाल में बड़ी रैली का आयोजन किया जाएगा,जिसे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित दूसरे बड़े नेता संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश कांग्रेस प्रदेश व्यापी जनजागरुकता अभियान चलाएगी।

### राहुल गांधी की अडिग लड़ाई के आगे भाजपा को झुकना पड़ा : पटवारी



पटवारी ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि जातिगत जनगणना को लेकर नीतिगत सुधारों तक भाजपा को झुकना पड़ा। राहुल गांधी की अडिग लड़ाई और सामाजिक न्याय की यह ऐतिहासिक जीत है।उन्होंने कहा राहुल गांधी हर उस मुद्दे पर डटकर लड़ते हैं, जो समाज के कमजोर वर्गों को प्रभावित करता है। प्रदेश कांग्रेस भाजपा की नजविरोधी नीतियों को और बेनकाब करेगी। भाजपा को यह समझ लेना चाहिए कि राहुल गांधी की आवाज को दबाया नहीं जा सकता है। जिस दिन राहुल गांधी जैसे नेता प्रधानमंत्री बनेंगे.वह दिन देश और मध्यप्रदेश के लिए समृद्धि, समानता और खुशहाली का स्वर्णिम युग लाएगा।

### विरोध के बाद कई मुद्दों पर केंद्र को आना पड़ा बैकफुट पर

पटवारी ने कहा कि कृषि कानूनों की वापसी को बात हो या फिर अग्निवीर योजना में सुधार के साथ ब्रॉडकास्टिंग सर्विसेज बिल की वापसी और लेटरल एंट्री भर्ती रद्द करने का मामला। इन सभी पर राहुल गांधी ने तर्कों सहित विरोध चलाया, जिस पर उन्हें व्यापक समर्थन मिला और फिर भाजपा शासित केन्द्र सरकार को अपने इन सभी निर्णयों को या तो वापस लेना पड़ा या फिर उनमें सुधार करना पड़ा। रेलवे में कुलियों की मांगें, जीएसटी दरों में कमी, नोटबंदी और कोविड-19 की भविष्यवाणी जैसे मुद्दों पर भी देश ने राहुल गांधी के विरोध को देखा है।

### इसी माह आ सकती प्रशासनिक फेरबदल की सूची, सीएस और दूसरे अधिकारियों से सीएम कर चुके हैं मंत्रणा

# जून से पहले सीएम करेंगे मैदानी जमावट इस साल कई आईएएस होंगे सेवानिवृत्त



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में मानसून आने से पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नए सिरे से प्रशासनिक जमावट कर सकते हैं। इसके लिए शीर्ष स्तर पर तैयारी की जा रही है। सूत्रों की मानें तो वर्ष 2025 में सेवानिवृत्त हो रहे भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को ध्यान में रखकर फेरबदल किया जाएगा। गौरतलब है कि कैबिनेट में नई तबादला नीति पर मंजूरी मिलने के बाद 1 मई से स्थानांतरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। हालांकि अब तक नई तबादला नीति जारी नहीं हुई है, लेकिन विभाग तय मापदंड के अनुरूप तबादले पर प्रक्रिया प्रारंभ कर रहे हैं। इस बीच सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अगला मानसून आने से पहले सूबे की मैदानी प्रशासनिक जमावट नए सिरे से करने की तैयारी में हैं। उनके द्वारा इस संबंध में शीर्ष अधिकारियों को निर्देशित भी कर दिया गया और उनकी मुख्य सचिव अनुराग जैन से भी इस मामले पर चर्चा हो चुकी है। बताया गया है कि सीएम वर्ष 2025 में सेवानिवृत्त होने वाले 13 आईएएस अधिकारियों को ध्यान में रखकर नई जमावट करेंगे। इन 13 अधिकारियों में कुछ मैदान में तो कुछ मंत्रालय में अहम पदों का दायित्व निभा रहे हैं।



### एसीएस, पीएस व विभागाध्यक्ष भी बदलेंगे

सूत्रों की मानें तो सीएम अपने कुछ प्रमुख विभागों पर बदलाव कर सकते है। जिससे अपर मुख्य सचिव,प्रमुख सचिव और विभागाध्यक्षों के बदलने जाने की पूरी संभावनाएं है। कुछ अधिकारियों की मंत्रालय में वापसी होगी, तो कुछ को मंत्रालय से मैदानी पोस्टिंग पर जाना पड़ सकता है। तकरीबन एक दर्जन जिलों के कलेक्टर भी इस प्रशासनिक सर्जरी की सूची में प्रभावित हो सकते हैं।

### दतिया कलेक्टर इस माह होंगे सेवानिवृत्त

उल्लेखनीय है कि जबलपुर संभागायुक्त अभय वर्मा 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हो रहे है। जबकि दतिया कलेक्टर संदीप कुमार माकिन 30 जून को सेवानिवृत्त होंगे। इनके अलावा जून माह में सागर के रेवेन्यू कमिश्नर वीरेन्द्र सिंह रावत रिटायर्ड हो रहे है। इसी माह यानि कि मई में अपर मुख्य सचिव विनोद कुमार भी सेवानिवृत्त हो रहे है।

### सीएस पद पर भी नजर

मुख्य सचिव अनुराग जैन भी अगस्त माह में सेवानिवृत्त हो रहे हैं। यदि उन्हें एक्सटेंशन नहीं दिया गया तो मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव एसीएस डॉ. राजेश राजौरा सबसे वरिष्ठ आईएएस अधिकारी हो जाएंगे, जो अगले मुख्य सचिव के पद के लिए पात्र होंगे। याद हो डॉ. राजौरा पिछली बार भी सीएस के पद की रेस में थे, लेकिन बाद में अनुराग जैन को दिल्ली से प्रदेश वापस लाकर उन्हें सीएस बना दिया था।

### प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ अधिकारियों की वापसी व पदस्थापना पर भी नजर

जानकारों का मानें तो सीएम ने प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ अधिकारियों की वापसी और उनकी पदस्थापना पर भी ध्यान रखने को कहा गया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव स्तर के करीब एक दर्जन अधिकारी प्रतिनियुक्ति पर है। इनमें नीलम शमी राव, वीएल कांताराव, आशीष श्रीवास्तव, पंकज अग्रवाल, अलका उपाध्याय, मनोज गोविल, पल्लवी जैन गोविल, अनिरुद्ध मुखर्जी, दीप्ति गौड़ मुखर्जी, विवेक अग्रवाल, हरिरंजन राव प्रमुख है। बताया गया है कि ये अधिकारी काफी समय से दिल्ली या दूसरे स्थानों पर प्रतिनियुक्ति पर है। इनमें से कुछ अधिकारी केन्द्र सरकार के महत्वपूर्ण पद पर है। ऐसे में यदि ये अधिकारी प्रतिनियुक्ति से इसी साल वापस नहीं लौटते है,तो यहां पदस्थ प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारी अपर मुख्य सचिव के पद खाली होने की स्थिति में संजय कुमार शुक्ला, मनीष रस्तोगी,रश्मि अरुण शमी, दीपाली रस्तोगी, शिवशेखर शुक्ला और सचिन सिन्हा एसीएस पद पर पदोन्नत हो जाएंगे।

### ये अधिकारी इस साल होंगे रिटायर

- एसीएस विनाद कुमार-मई
- कलेक्टर दतिया संदीप माकिन-मई
- अपर कमिश्नर चंबल अशोक कुमार चौहान-जून
- सागर संभागायुक्त वीरेंद्र सिंह रावत-जून
- संजय गुप्ता-जुलाई
- भावना वालिम्बे-सितंबर
- अपर सचिव शैलबाला मार्टिन-अप्रैल
- सचिव के डी त्रिपाठी-जुलाई
- अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश कौल-जुलाई
- सीएस अनुराग जैन-अगस्त
- एसीएस जेएन कंसोटिया-अगस्त
- उपसचिव नियाज खान-अक्टूबर

# रत्नागिरी तिराहे से रायसेन के मोरीकोड़ी तक होगी फोरलेन

## आनंद नगर और कोकता पर बनेंगे फ्लाईओवर

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** रत्नागिरी तिराहा से रायसेन के मोरीकोड़ी के बीच करीब 42 किमी लंबी फोरलेन सड़क का निर्माण जल्द शुरू होगा। वर्तमान में सड़क टूलेन है। केंद्र की भारत माला परियोजना के तहत इसे फोरलेन किया जा रहा है। रत्नागिरी तिराहा से करीब 1.9 किमी फ्लाईओवर सिद्धार्थ लेक सिटी के पास उतरेगा। दूसरा फ्लाईओवर भी कोकता (बजरंग) चौराहा के ऊपर से गुजरेगा और 100 मीटर लंबा होगा। उक्त फ्लाईओवर के नीचे से 11 मील बायपास गुजरेगा। नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) उक्त परियोजना पर करीब 803 करोड़ खर्च करेगी। उक्त परियोजना के लिए टेंडर दिल्ली की एक कंपनी को मिला है। कंपनी जल्द ही अपना कार्य शुरू करेगी। उक्त परियोजना भोपाल और उत्तर प्रदेश के औद्योगिक शहर कानपुर को फोरलेन इकोनॉमिक कॉरिडोर से जोड़ेगी। उक्त कॉरिडोर करीब 526 किलोमीटर लंबा है। इसमें सूबे में इसकी लंबाई 360 किलोमीटर तय की गई है। रत्नागिरी तिराहा से शुरू होकर ये परियोजना रायसेन के मोरीकोड़ी के पास से गुजरने वाले इकोनॉमिक कॉरिडोर से जुड़ेगी। अभी ये पूरी सड़क टूलेन है। इसके बनने के बाद उक्त सड़क की चौड़ाई 9-9 मीटर हो जाएगी। यह सड़क चौड़ी होने के बाद वाहन चालकों को आसानी होगी।



### 40 फीसदी शासन और 60 फीसदी कंपनी देगी

एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर देवांश नुवाल का कहना है कि उक्त परियोजना को हैम तकनीक से बनाया जा रहा है। इसमें निर्माण कार्य के दौरान सरकार 40 फीसदी खर्च देगी और शेष 60 फीसदी खर्च कंस्ट्रक्शन कंपनी को उठाना होगा। दोनों के बीच 15 साल का करार होगा। 60 फीसदी राशि, अगले 15 साल में सरकार किस्तों के तौर पर निर्माण एजेंसी को देती रहेगी। बैंकिंग प्रक्रिया पूरी के लिए ही निर्माण एजेंसी को 4 महीने का वक्त दिया गया है।

"निर्माण कार्य 3 साल में पूरा करने का लक्ष्य है। इसके बनने से भोपाल, विदिशा, सागर और कानपुर जाने की राह आसान हो जाएगी। भोपाल में रत्नागिरी तिराहा से कोकता चौराहा के बीच लगने वाले ट्रैफिक जाम से भी निजात मिलेगी।"
**■ एसके सिंह,** रीजनल ऑफिसर, एनएचएआई

### भोपाल में 11 किमी और 31 किमी रायसेन में

42.02 किमी लंबी इस परियोजना में करीब 11 किमी हिस्सा भोपाल जिले में है, जबकि 31 किमी हिस्सा रायसेन जिले में आ रहा है। दोनों जिलों में निर्माण शुरू करने से पहले भू-अर्जन की प्रक्रिया पूरी करनी है। रायसेन में भू-अर्जन का काम अंतिम चरण में है। भोपाल में भू-अर्जन भी ठीक से शुरू भी नहीं हुआ है।



# सामूहिक विवाह समरसता का सशक्त माध्यम : सीएम

## गढ़ाकोटा में 3,219 नव दंपति बंधे परिणय सूत्र में

**जागरण, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारे सनातन धर्म में सभी को सुख-समृद्धि और उन्नति की कामना की गई है। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह सामाजिक समरसता का सशक्त माध्यम है। विवाह में सिर्फ वर-वधु का विवाह नहीं, बल्कि दो परिवारों और कुटुम्बों का मिलन भी होता है। उन्होंने कहा कि हर माता-पिता का यह सपना होता है कि उसकी बेटी का, उन्होंने जितने अच्छे से लालन-पालन किया उससे अच्छा लालन-पालन और प्यार उसे ससुराल में मिलेगा। इस विश्वास के साथ ही बेटी के माता-पिता उसे वर को सौंपते हैं। मुख्यमंत्री सागर जिले के गढ़ाकोटा में 23वें वृहद सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस समारोह में 3 हजार 219 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। समारोह में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, मंत्री लखन पटेल, सांसद लता वानखेड़े, सांसद राहुल सिंह, पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव, पूर्व मंत्री जयंत मलैया, विधायक प्रदीप लारिया, विधायक ब्रज बिहारी पटेरिया, पूर्व विधायक पारुल साहू, पूर्व मंत्री रामकृष्ण कुसमरिया, पूर्व मंत्री ललिता यादव, श्रीश्री 108 श्री किशोरदास महाराज, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरासिंह राजपूत आदि मौजूद थे। नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, जिला अध्यक्ष रानी पटेल, अभिषेक दीपू भार्गव, डॉ. अनिल तिवारी, शैलेश केसरवानी ने भी नव दंपत्तियों को वैवाहिक जीवन के शुभारंभ पर आशीर्वाद और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मुझे विश्वास है कि वर पक्ष के परिवार बहु को बेटी के समान ही प्यार और सम्मान देंगे। गढ़ाकोटा में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में निकाह के साथ पुनर्विवाह भी हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कल्याणियों का पुनर्विवाह एक अच्छी पहल है। यह पवित्र कार्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जन-प्रतिनिधियों और समाजसेवियों से अपील करते हुए कहा कि वे कल्याणियों के पुनर्विवाह में उनका सहयोग करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुंदेलखंड की पवित्र भूमि में सामूहिक कन्या विवाह के भव्य समारोह के लिए आयोजकों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

# लोक वानिकी से मीना को हटा दो या फिर मुझेः धीमान

## जंगल महकमे में पहली बार दो शीर्ष अफसरों के बीच स्थापित परंपराओं और अधिकारों को लेकर छिड़ी जंग

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** जंगल महकमे में पहली बार दो शीर्ष अफसरों के बीच अधिकारों को लेकर जंग छिड़ गई है। शाखा के अधीक्षक और कर्मचारियों में असमंजस की स्थिति है कि किसके आदेश पर काम करें। प्रधान मुख्य वन संरक्षक अनुसंधान विस्तार एवं लोक वानिकी पुरुषोत्तम धीमान ने हॉफ असीम श्रीवास्तव को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि शाखा से एपीसीसीएफ मोहन लाल मीना को हटाओ या फिर मुझे हटा दो। मौजूदा परिस्थिति में काम करना मुश्किल हो रहा है। हॉफ को लिखे पत्र में पीसीसीएफ धीमान ने उल्लेख किया है कि प्रधान मुख्य वन संरक्षक अनुसंधान विस्तार एवं लोक वानिकी का अतिरिक्त प्रभार है। मेरे द्वारा विधानसभा बजट सत्र फरवरी-मार्च 2025 के दौरान पत्र क्र. 319 से समस्त कार्यालयीन पत्राचार एवं नस्तियों का संधारण प्रधान मुख्य वन संरक्षक के अनुमोदन से किये जाने बावत निर्देश जारी किये गये हैं। किंतु मेरे पास नस्तियां अनुमोदन के लिए प्रस्तुत नहीं हो रही हैं। पता चला है कि कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत नस्तियों पर अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (अनुसंधान विस्तार एवं लोक वानिकी) मोहन लाल मीना के स्तर से निराकरण हो जाता है। उन्हें कर्मचारियों से ज्ञात हुआ कि मेरे पत्र क्र. 319 पर अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक द्वारा निर्देश दिये गये हैं कि समस्त पत्राचार उन्हीं के द्वारा संपादित किया जाएगा। इधर, मीना ने शाखा के कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि केवल नीतिगत मसले ही पीसीसीएफ धीमान के अनुमोदन के लिए भेजे जाएं। समस्त फाइलों का निष्पादन उनके द्वारा किया जाएगा। प्रस्तुत नस्तियों पर अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक द्वारा यह लिखकर नस्ती निराकृत कर वापस की जा रही है कि प्रकरण पीसीसीएफ तक भेजने की आवश्यकता नहीं है। नस्तियां उन्हीं (मीना) के स्तर से निराकृत होंगी। कई महत्वपूर्ण प्रकरण इनके द्वारा सीधे निराकृत कर लिये गये हैं। जैसे- विधानसभा सत्र में कर्मचारियों की ड्यूटी, वन विज्ञान केन्द्र स्थापना के लिए योजना की प्रशासकीय स्वीकृति, नई नर्सरी की स्थापना, सामाजिक वानिकी वन वृत्तों की समीक्षा बैठक कार्यवाही विवरण अनुमोदन, क्षेत्रीय अधिकारियों की दौरा दैनंदिनियां और क्षेत्रीय कार्यशालाओं हेतु एजेंडा निर्धारण।

### जनवरी में ही लिख दी गई थी टकराहट की इबारत

6 जनवरी को एपीसीसीएफ मीना के खिलाफ गंज बैतूल पुलिस ने महिला प्रताड़ना के मामले एफआईआर दर्ज की और अगले दिन 7 जनवरी को उन्हें अनुसंधान विस्तार एवं लोक वानिकी शाखा का अतिरिक्त प्रभार दे दिया गया। इस आदेश पर महकमे के शीर्ष अफसर हतप्रभ रहे। एपीसीसीएफ मीना को अनुसंधान विस्तार एवं लोकवानिकी शाखा का अतिरिक्त प्रभार देने का आदेश पीसीसीएफ विवेक जैन ने जारी किया। अतिरिक्त प्रभार दिए जाने के साथ ही वन भवन के शीर्ष अफसरों में चर्चा थी कि पीसीसीएफ धीमान और एपीसीसीएफ मीना के बीच कोल्ड वॉर होने की संभावना थी। अतिरिक्त प्रभार मिलने के चार महीने के भीतर ही धीमान और मीना के बीच वर्चस्व की लड़ाई छिड़ गई। अब वन भवन के शीर्ष अफसरों की नजरें हॉफ असीम श्रीवास्तव के निर्णय पर टिकी हैं।

"हमारे पास ऐसा कोई पत्र नहीं आया है, जिससे इस पर किसी तरह की टिप्पणी नहीं की जा सकती। अगर पत्र आएगा, तब देखा जाएगा कि उन्हें इस पर क्या करना है।" **■ असीम श्रीवास्तव,** वन बल प्रमुख मप्र वन विभाग

**रणनीति** | प्रदेश भर में कांग्रेस निकाल रही संविधान बचाओ रैली, भाजपा करेगी काउंटर

# कांग्रेस की काट को भाजपा की बूथ समितियां होंगी सक्रिय

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी ने बूथ समितियों से अपने-अपने क्षेत्रों में संपर्क तेज करने को कहा है। कहा जा रहा है कि पार्टी ने यह कदम कांग्रेस की उन कोशिशों को नकाम करने के लिए उठाया है, जिसके लिए कांग्रेस संविधान रैली निकाल रही है। संविधान बचाओ रैली में कांग्रेसी घर-घर जाकर लोगों को यह बताने का प्रयास करेंगे कि भाजपा की सरकार किस तरह से संविधान को बदल रही है। इस अभियान के अंतिम चरण में कांग्रेस के कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों से मिलेंगे और उन्हें पर्चे बांटकर यह बताने की कोशिश करेंगे कि भाजपा समाज को बांटने का काम कर रही है। इधर भाजपा ने कांग्रेस के इन प्रयासों पर पानी फेरने के लिए रणनीति बनाई है। बताया गया है कि पार्टी ने अपने जिलाध्यक्षों से कहा है कि वे अपने-अपने मंडल अध्यक्षों के साथ बूथ समितियों की बैठक लें और उन्हें इस बात के लिए तैयार करें कि उनके क्षेत्र में कांग्रेस के कार्यकर्ता यदि घर-घर जाकर रहवासियों से मिलते हैं, तो बूथ समिति के सदस्य भी उनके पीछे-पीछे उन घरों में पहुंचे और बताएं कि जब से देश की बागडोर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संभाली है, तब से देश प्रदेश में किस तरह से बदलाव हुए हैं और विकास के कार्य कितनी तेजी से करए जा रहे हैं। कार्यकर्ता केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में पूरी जानकारी लेकर लोगों से मिलेंगे। इतना ही नहीं कार्यकर्ता घरों में संपर्क के दौरान इस बात का भी पता लगाएंगे कि वहां सरकार की योजनाओं के हितग्राही हैं या नहीं। यदि पात्रता होने के बाद भी किसी परिवार के सदस्य को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिला है, तो तत्काल वरिष्ठ पदाधिकारियों से संपर्क कर उन्हें लाभ दिलाने की पहल करें। जिससे जनता को यह विश्वास हो जाए कि भाजपा ही देश दल है, जो उनकी तरक्की के लिए काम करती है और विकास के मामले में पार्टी और सरकार तेज गति से काम कर रही है।



### जिला स्तर पर होंगी बैठकें

जानकारों की मानें तो इसके लिए भाजपा की जिला इकाइयां जल्द बैठकें करेंगी, जिसमें प्रदेश स्तर के पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। इस बैठक में मंडलाध्यक्षों को भी बुलाया जाएगा, जिन्हें पूरी रणनीति से अवगत कराया जाएगा।

### जिला कार्यकारिणी होल्ड, चार महीने पहले बने थे जिलाध्यक्ष

इधर प्रदेश नेतृत्व ने अपने सभी जिला भाजपा अध्यक्षों को निर्देशित किया है कि उन्हें अपनी कार्यकारणी का अगले निर्देश तक गठन नहीं करना है। हालांकि प्रदेश भाजपा संगठन द्वारा जिला कार्यकारिणी के गठन के लिए बहुत पहले जिलों को गाइडलाइन भेजी जा चुकी है। जिसमें 40 फीसदी पदों पर नए कार्यकर्ताओं को मौका देने की बात कही गई है। इनके अलावा एससी,एसटी और महिलाओं को को भी जिले की टीम में पदों पर बैठाने को कहा गया है। उल्लेखनीय है कि भाजपा संगठन के निर्वाचन प्रक्रिया के तहत प्रदेश के अधिकांश जिलों में जनवरी माह में ही नए जिलाध्यक्षों का निर्वाचन पूरा हो गया था। कुछ जिलों में पुराने अध्यक्षों को फिर से जिम्मेदारी सौंपी गई थी,तो अधिकांश में नए कार्यकर्ताओं को जिला संगठन की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

## पृष्ठ तीन के शेष

**डीओजीई कार्यकाल को...**
उन्होंने कहा, 'अगर राष्ट्रपति या कैबिनेट को किसी आपातकाल में मेरी जरूरत हो, तो मैं तुरंत हाजिर हो जाऊंगा।' इस बीच, टेस्ला बोर्ड की ओर से उनके उत्तराधिकारी की तलाश की खबरें भी सामने आई हैं, जिन्हें मस्क ने 'झूठा और अनैतिक' बताया है। मस्क ने ट्रंप के साथ अपने करीबी रिश्ते का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि दोनों देर रात आइसक्रीम खाते हुए बातें करते थे। 'वह आधी रात को कॉल करके कहते, 'फ्रिज से आइसक्रीम ले आओ।' एक बार मैंने एक ही रात में तीन पाउंड वजन बढ़ा लिया था।' उन्होंने बताया कि डीओजीई ने अब तक करीब 160 बिलियन डॉलर (लगभग 13 लाख करोड़ रुपए) की सरकारी बचत की है और इसका दीर्घकालिक लक्ष्य 1 ट्रिलियन की बचत है। मस्क ने डीओजीई को एक 'जीवनशैली, लगभग बौद्ध दर्शन' की तरह बताया। डीओजीई में अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए मस्क ने कहा कि यह '60 से 70 प्रतिशत मजेदार था', लेकिन लगातार आलोचनाओं और निंदाओं ने काम को कठिन बना दिया। उन्होंने कहा, 'कारों को जलते हुए देखना कभी भी मजेदार नहीं होता।' मस्क ने खुलासा किया कि वे वेस्ट विंग कार्यालय में पाथफाइंडर जैसे वीडियो गेम भी बड़े मॉनिटर पर खेलते थे।

**असम के सीएम के ...**
कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस प्रवक्ता मोनालिसा बरुआ हजारिका ने बताया कि राज्य के सभी जिलों में कांग्रेस नेताओं और जिला अध्यक्षों ने स्थानीय थानों में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने मांग की कि सीएम के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई की जाए।

**'नपुंसक' कहना आत्महत्या ...**
केवल उत्पीड़न के आरोपों के आधार पर और वह भी एक महीने पहले, जब अपीलकर्ताओं की ओर से किसी भी तरह का कोई संपर्क नहीं था, घटना के समय तक जिसके बारे में कहा जा सकता है कि मृतक ने आत्महत्या की है या उसे मजबूर किया है, अपराध नहीं बनता है। उपर्युक्त के संदर्भ में न्यायालय ने अपील को स्वीकार कर लिया और अपीलकर्ताओं के विरुद्ध आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला रद्द कर दिया।

### मकोका मामले में आप विधायक पर आरोपपत्र

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली पुलिस ने यहां की एक अदालत में बृहस्पतिवार को आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व विधायक नरेश बाल्यान के खिलाफ महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत आरोपपत्र दाखिल किया। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा, जिनके समक्ष अंतिम रिपोर्ट दाखिल की गई, ने मामले को शुक्रवार के लिए विचारार्थ सूचीबद्ध कर दिया। पूरक आरोपपत्र चार आरोपियों साहिल उर्फ पोली, विजय उर्फ कालू, ज्योति प्रकाश उर्फ बाबा और बाल्यान के खिलाफ दायर किया गया था। इन सभी आरोपियों को गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू द्वारा कथित रूप से संचालित संगठित अपराध 'सिंडिकेट' के खिलाफ जांच से संबंधित मकोका मामले में गिरफ्तार किया गया था। बाल्यान को पिछले साल चार दिसंबर को इस मामले में गिरफ्तार किया गया था, जबकि एक अदालत ने उन्हें जबरन वसूली के एक मामले में जमानत दे दी थी। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले आप नेता नरेश बाल्यान को दिल्ली की अदालत ने जमानत देने से इंकार कर दिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### सबसे बुजुर्ग महिला का 116 की उम्र में निधन



**ब्रासीलिया।** दुनिया की सबसे बुजुर्ग ब्राजील की नन इनाह कैनाबारो लुकास का बुधवार को 116 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह मुश्किल से ही शिशु अवस्था में जीवित बची थीं और उन्होंने लंबे जीवन का श्रेय भगवान को दिया, उनके धर्मगुरु और दो दीर्घायु ट्रैकर्स ने यह जानकारी दी। अब यह उपाधि इंग्लैंड के सरे की निवासी एथेल कैटरहम को दी गई है, जो 115 वर्ष की हैं। 8 जून, 1908 को जन्मी कैनाबारो जनवरी में जापानी महिला टोमिको इटूका की मृत्यु के बाद दुनिया की सबसे बुजुर्ग व्यक्ति बन गईं, जिनकी आयु भी 116 वर्ष थी।

### मई दिवस पर दिखा ट्रंप की नीतियों का असर

**टोक्यो।** टोक्यो से ताइपे और मनीला तक एशिया भर में लोगों ने मई दिवस को मार्च, विरोध प्रदर्शनों के साथ मनाया, जिसने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों, वैश्विक आर्थिक अस्थिरता की आशंकाओं पर बढ़ती बेचैनी को उजागर किया। शिकागो, लॉस एंजिल्स, न्यूयॉर्क और फिलाडेल्फिया सहित पूरे अमेरिका में रैलियां होने की उम्मीद है। इसमें कई देशों में ट्रंप के एजेंडे को चिंता का विषय बताया है। यूएस में आयोजकों ने कहा, इस वर्ष संदेश अप्रवासियों, संघीय कर्मचारियों और विविधता पहलों को लक्षित करने वाले ट्रंप के दृष्टिकोण से लड़ने पर केंद्रित था। ताइवान में राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने ट्रंप के नए टैरिफ का संदर्भ दिया,क्योंकि उन्होंने नौकरी बाजार को स्थिर करने, आजीविका का समर्थन करने के उद्देश्य से एक प्रस्तावित व्यय विधेयक को बढ़ावा दिया। फिलीपींस में विरोध नेता मोंग पैलेटिनो ने चेतावनी दी कि ट्रंप टैरिफ ने स्थानीय उद्योगों को खतरे में डाल दिया है।

### बीएसएफ ने अमृतसर में जप्त की हथियारों की खेप

**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर में भारत-पाक सीमा पर भरोपाल गांव के पास सुरक्षाबलों ने बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया। बीएसएफ और पंजाब पुलिस ने संयुक्त ऑपरेशन में हथियारों की खेप बरामद की है। दो हैंड ग्रेनेड भी जब्त किए हैं। इनका इस्तेमाल आतंकी घटनाओं को अंजाम देने में किया जाना था। संयुक्त टीम ने भरोपाल गांव में सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान के दौरान जमीन में छिपाकर रखे गए दो हैंड ग्रेनेड, 3 पिस्तौल, 6 मैगजीन और 50 जिंदा कारतूस बरामद किए। इससे पहले 27 अप्रैल को पंजाब पुलिस ने अमृतसर में एक बड़े अवैध हथियार तस्करी गिरोह का पर्दाफाश किया था। पुलिस ने अमृतसर निवासी अभिषेक कुमार को गिरफ्तार किया था।

### सपा सांसद सुमन ने राष्ट्रपति से मांगी सुरक्षा

**लखनऊ।** सपा राज्यसभा सदस्य रामजी लाल सुमन ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर सुरक्षा मांगी है। सुमन ने कहा, सरकार उनकी हत्या करवाने की साजिश कर रही है। राष्ट्रपति को भेजे पत्र में सुमन ने दावा किया कि कई हमलों और जान से मारने की धमकियों के बावजूद दोषियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। प्रशासन अपराधियों को संरक्षण दे रहा है। उधर, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सुमन, बेटे पूर्व विधायक रणधीर सुमन की याचिका पर केंद्र और राज्य सरकार से जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 28 मई को होगी।


### एनएसएस कैंप में पढ़वाई नमाज, प्रोफेसर गिरफ्तार

**रायपुर।** छग के गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में गुरुवार को अजीबोगरीब मामला सामने आया। यहां प्रो. दिलीप झा ने एनएसएस कैंप में सिर्फ ४ बच्चों के बजाय अन्य १५९ गैर मुस्लिम बच्चों से नमाज पढ़वाया। प्रोफेसर को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह घटना २६ अप्रैल को बिलासपुर जिले में नेशनल सर्विस स्कीम के कैंप में हुई थी। डीएसपी ने बताया कि झा समेत 6 फैकल्टी, एक स्टूडेंट पर बीएनएस और छग धार्मिक स्वतंत्रता कानून के तहत नफरत भड़काने और धार्मिक भावनाओं को आहत करने समेत अन्य कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### राणा की आवाज, लिखावट के नमूने ले सकेगी एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने एनआईए को 26/11 मुंबई हमले के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा की आवाज और लिखावट के नमूने लेने की अनुमति दे दी है। एक सूत्र ने यह जानकारी दी। विशेष एनआईए न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने यह आदेश 30 अप्रैल को एजेंसी द्वारा दायर एक याचिका पर पारित किया। 28 अप्रैल को अदालत ने तहव्वुर की हिरासत 12 दिनों के लिए बढ़ा दी थी। मुंबई पर 2008 में आतंकी हमलों की साजिश रचने वाले राणा को हाल ही में भारत लाया गया था। फिलहाल वह एनआईए की हिरासत में है। भारत 17 वर्षों से राणा और साथी डेविड हेडली के प्रत्यर्पण की कोशिश में लगा था।

## चारधाम यात्रा का आगाज, आज खुलेंगे केदार के कपाट




**नई दिल्ली।** चारधाम यात्रा शुरू हो गई है। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट 30 अप्रैल अक्षय तृतीया को खुल गए। केदारनाथ धाम के कपाट 2 मई को खुलेंगे। इसके बाद 4 मई को बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलेंगे। बाबा केदार की पंचमुखी डोली केदारनाथ धाम पहुंच गई है। शुक्रवार सुबह विधि विधान से पूजा-अर्चना के बाद धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। केदारनाथ धाम में तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। ऐतिहासिक मंदिर को 10 हजार किलोग्राम फूलों से सजाया गया है। इसमें 45 तरह के फूल शामिल हैं। ये फूल 8 राज्य और 3 देशों से मंगवाए गए हैं। कपाट खुलने के बाद 6 महीनों तक दर्शन हो सकेंगे।

## विझिंजम पोर्ट मेरे लिए गर्व की बात: थरूर

**तिरुवनंतपुरम, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार शाम विशेष विमान से केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम पहुंचे। उनका विमान शाम 7.50 बजे संघमुघम स्थित वायुसेना तकनीकी क्षेत्र में उतरा। पीएम के स्वागत के लिए सीएम पिनराई विजयन, केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन, तिरुवनंतपुरम सांसद शशि थरूर, मेयर आर्य राजेंद्रन और कई विधायक-सांसद मौजूद रहे। कांग्रेस सांसद थरूर ने एक्स पर एक दिलचस्प पोस्ट करते हुए लिखा, 'दिल्ली हवाई अड्डे की खराब व्यवस्था और देरी के बावजूद मैं तिरुवनंतपुरम समय पर पहुंच गया, ताकि चुनाव क्षेत्र में पीएम के आगमन पर स्वागत कर सकूं। मैं विझिंजम पोर्ट के उद्घाटन को लेकर उत्साहित हूं, एक ऐसा प्रोजेक्ट जिससे मैं इसकी शुरुआत से ही जुड़ा रहा हूं और जिस पर मुझे गर्व है।' पीएम मोदी केरल दौरे में विझिंजम इंटरनेशनल सीपोर्ट का आधिकारिक उद्घाटन करेंगे।

### थरूर ने किया पीएम मोदी का स्वागत



यह पोर्ट भारत के समुद्री व्यापार के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा है। थरूर पहले भी इस पोर्ट प्रोजेक्ट को लेकर सक्रिय रहे हैं।

▶▶ पंजाब की आप सरकार ने बुलाई ऑल पार्टी मीटिंग, विधानसभा सेशन

## भाखड़ा के पानी को लेकर पंजाब और हरियाणा में गहराया विवाद

**चंडीगढ़, जेएनएन।** भाखड़ा नहर से पानी के बंटवारे को लेकर हरियाणा और पंजाब सरकार के बीच विवाद तेज हो गया है। पंजाब ने नंगल स्थित भाखड़ा डैम पर पुलिस घेरा डाल दिया है। डैम के कंट्रोल रूम की चाबी भी पंजाब पुलिस ने ले ली है। किसी को डैम के आसपास जाने की इजाजत नहीं है। वहीं आप ने चंडीगढ़ में बैठक की, जिसमें सीएम भगवंत मान के साथ आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल भी मौजूद रहे। बैठक के बाद पंजाब में आप के प्रधान अमन अरोड़ा ने कहा, शुक्रवार सुबह 10 बजे पंजाब में सर्वदलीय बैठक बुलाई है। सोमवार को पंजाब विस का स्पेशल सेशन भी बुलाया गया है। यह बवाल तब बढ़ा, जब बुधवार देर शाम भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड की इमरजेंसी मीटिंग हुई, जिसमें हरियाणा को 4 हजार क्यूसिक की जगह साढ़े 8 हजार क्यूसिक पानी देने की बात कही गई, लेकिन पंजाब सरकार ने आदेश मानने से इनकार कर दिया।



### मान बोले- पहले से पानी संकट

पंजाब के सीएम भगवंत मान ने कहा कि पंजाब पहले से ही पानी के संकट से गुजर रहा है। पंजाब के डैम अपने लेवल से कम चल रहे हैं। हमारे यहां धान का सीजन शुरू होने वाला है। हमारे पास पानी नहीं है। हरियाणा हमसे उम्मीद भी न करें।

### 3 महीने पहले हम दिल्ली के लिए पानी मांग रहे थे

सीएम ने कहा कि हरियाणा सीएम नायब सैनी को पत्र लिखा है। 1700 क्यूसिक पानी की जरूरत है। उससे ज्यादा पानी दे रहे हैं। हरियाणा के लोगों का कोई कसूर नहीं है। 3 महीने पहले हम दिल्ली के लिए पानी मांग रहे थे। वक्त से डरिए। पंजाब के बिना बीबीएमबी कैसे पूरा हो सकता है। हरियाणा के लोग बेटी के घर का पानी नहीं पीते है। यह नहरें मांग रहे हैं।

### घटिया राजनीति छोड़े आम आदमी पार्टी: सैनी

सीएम नायब सैनी ने कहा, चुनाव आ गया है। अब आप सरकार ऐसा ही करेगी। पंजाब के लोग ये समझ रहे हैं। आप ये गंदी राजनीति कब तक करेगी। पंजाब संतों की धरती है, यहां के लोग सबको पानी पिलाते थे, वह मस्त रहते थे, बिना किसी भेदभाव के सबको पानी पिलाते थे। हमें यहां के संतों से प्रेरणा लेकर काम करना चाहिए। ये घटिया राजनीति छोड़िए।

## भारत की सिनेमा, संस्कृति बना रही है वैश्विक पहचान: पीएम

**मुंबई, जेएनएन।** यहां विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन के उद्घाटन में पीएम नरेंद्र मोदी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा, भारतीय सिनेमा और रचनात्मक उद्योग की वैश्विक पहचान को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। पीएम ने वेव्स समिट को केवल एक नाम नहीं, बल्कि संस्कृति, रचनात्मकता और वैश्विक जुड़ाव की लहर बताया। उन्होंने कहा, यह समिट कलाकारों और रचनाकारों के लिए एक वैश्विक मंच प्रदान करता है, जहां वे अपने विचारों और रचनाओं को साझा कर सकते हैं।

**भारत की 'ऑरेंज इकॉनमी' का उदय:** प्रधानमंत्री ने भारत में 'ऑरेंज इकॉनमी' के उदय की बात की, जिसमें कंटेंट, क्रिएटिविटी और कल्चर तीन मुख्य बिंदु हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय फिल्में अब 100 से अधिक देशों में रिलीज होती हैं और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर भारतीय कंटेंट की मांग बढ़ रही है।

❑ **भारतीय सिनेमा की गौरवमयी यात्रा:** पीएम मोदी ने भारतीय सिनेमा की शुरुआत का उल्लेख करते हुए कहा कि 1913 में दादासाहेब फाल्के द्वारा निर्मित राजा हरिश्चंद्र से लेकर आज तक भारतीय सिनेमा ने वैश्विक पहचान बनाई है। उन्होंने इस यात्रा को सम्मानित करते हुए भारतीय सिनेमा के दिग्गजों को डाक टिकटों के माध्यम से याद किया।

❑ **वैश्विक रचनाकारों के लिए संदेश:** प्रधानमंत्री ने युवा रचनाकारों को प्रेरित करते हुए कहा,वे अपनी एक अरब अनकही कहानियों को दुनिया के सामने लाएं। उन्होंने निवेशकों से भी अपील की कि वे प्लेटफॉर्म्स में ही नहीं, बल्कि लोगों में निवेश करें, ताकि रचनात्मकता को बढ़ावा मिल सके।

❑ **फिल्म जगत की प्रतिक्रियाएं:** समिट के उद्घाटन सत्र में बॉलीवुड के कई दिग्गज कलाकारों ने भाग लिया। अभिनेता शाहरुख़ ख़ान ने इसे रचनात्मकता को बढ़ावा देने वाला अवसर बताया, जबकि अभिनेता अक्षय कुमार ने इसे एक शानदार विचार करार दिया।

## घर में महज मजाक हूं मैं: शाहरुख



**मुंबई, जेएनएन।** बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान ने वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) 2025 के मंच पर अपने परिवार को लेकर एक मजेदार और ईमानदार खुलासा किया, जिससे वहां मौजूद दर्शक हंसी नहीं रोक पाए। समिट के एक खास सत्र 'द जर्नीः फ्रॉम आउटसाइडर टू रूलर' में शाहरुख ने न सिर्फ अभिनय सफर के बारे में बात की, बल्कि बच्चों, आर्यन, सुहाना और अबराम के साथ रिश्ते को लेकर भी बेबाकी से बोले। उन्होंने हंसते हुए कहा, 'मेरे घर में मुझे कोई गंभीरता से नहीं लेता। मेरे बच्चे मुझे देख सबसे ज्यादा हंसते हैं। जब मैं उन्हें डांटता भी हूं, तो वो भी मजाक जैसा ही लगता है।' खान ने मजाकिया अंदाज में कहा, 'अक्सर पूछा जाता है क्या सफलता की ऊंचाई पर अकेलापन होता है। मैं इतना ही कहूंगा, अगर आप बच्चों को हंसा सकते हैं, तो आप कभी अकेले नहीं होंगे।

केंद्रीय मंत्री ने शुरू किया था एनएमआर

## सिर्फ 1 प्रतिशत आए आवेदन उसमें भी ९८ फीसदी पेंडिंग

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश में आधुनिक चिकित्सा में रजिस्टर्ड डॉक्टरों के सेंट्रल डेटाबेस, राष्ट्रीय चिकित्सा रजिस्टर (एनएमआर) को पिछले ८ महीनों में नामांकन के लिए एक प्रतिशत से भी कम डॉक्टरों के आवेदन प्राप्त हुए हैं, जबकि भारत में पंजीकृत डॉक्टरों के लिए केंद्रीय रजिस्ट्री में नामांकन करना अनिवार्य है। चौंकाने वाली बात यह है कि एनएमआर के लिए आवेदन करने वाले एक प्रतिशत से भी कम डॉक्टरों में से 98 प्रतिशत आवेदनों को मंजूरी नहीं दी गई है। एनएमआर को 23 अगस्त को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने बड़े जोर-शोर से लांच किया था। भारत में 13 लाख से अधिक पंजीकृत चिकित्सक (आरएमपी) हैं। आरटीआई के अनुसार, राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद (एनएमसी) को 24 अप्रैल तक 10,411 आवेदन प्राप्त हुए। जवाब में कहा गया है कि अब तक स्वीकृत न किए गए आवेदनों की कुल संख्या 10,237 है, जिनमें 139 ऐसे आवेदन हैं जिनके संबंध में प्रश्न उठाए गए थे। खारिज किए गए आवेदनों की कुल संख्या दो है। आरटीआई दायर करने वाले केरल के डॉ. केवी बाबू के अनुसार, जून 2022 तक 13,08,009 एलोपैथिक डॉक्टर एसएमसी और एनएमसी के साथ पंजीकृत थे। पता चला है कि 10,411 आवेदन जमा किए गए थे, जिनमें से एनएमसी ने 10,237 को मंजूरी नहीं दी है। 13 लाख से ज्यादा डॉक्टरों में से 10,000 से ज्यादा आवेदकों ने लगभग आठ महीनों में पंजीकरण के लिए आवेदन किया है। यह भारत में कुल डॉक्टरों का सिर्फ 0.8 फीसदी है। उन्होंने कहा कि विडम्बना यह है कि 98 प्रतिशत आवेदन स्वीकृत नहीं किए गए हैं।



### एनएमआर अनिवार्य

एनएमआर को एनएमसी अधिनियम, 2019 की धारा 31 के तहत अनिवार्य किया गया है, जिसमें कहा गया है कि एनएमसी का आचार और चिकित्सा पंजीकरण बोर्ड इलेक्ट्रॉनिक रूप में एक राष्ट्रीय रजिस्टर बनाए रखेगा, जिसमें लाइसेंस प्राप्त चिकित्सक का नाम, पता और सभी मान्यता प्राप्त योग्यताएं शामिल होंगी। 10 मई 2023 के राजपत्र अधिसूचना के अनुसार, एनएमआर में नामांकन अनिवार्य है, जिसे नड्डा ने लॉन्च के समय भारत में एलोपैथिक (एमबीबीएस) पंजीकृत डॉक्टरों के लिए एक व्यापक और गतिशील डेटाबेस के रूप में वर्णित किया था। आरटीआई कार्यकर्ता ने कहा कि एनएमआर के लिए बहुत कम लोग आवेदन कर रहे हैं, क्योंकि पंजीकरण प्रक्रिया बहुत जटिल हो गई है। उन्होंने कहा कि जब एसएमसी द्वारा पंजीकरण संख्या और डिग्री प्रमाण-पत्रों का सत्यापन हो जाएगा।

### ट्रंप ने एनएसए माइक वाल्ट्ज को हटाया

**वॉशिंगटन।** व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज को हटा दिया गया है। कुछ ही हफ्तों बाद यह पता चला कि उन्होंने एक पत्रकार को सिग्नल चैट में जोड़ा था, जिसका इस्तेमाल सैन्य योजनाओं पर चर्चा करने के लिए किया जा रहा था। मामले से जुड़े दो लोगों के अनुसार, राष्ट्रपति ट्रंप के दूसरे कार्यकाल का पहला बड़ा स्टाफ बदलाव है। मार्च में वाल्ट्ज की कड़ी जांच की गई थी, जब यह खुलासा हुआ था कि उन्होंने एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप सिग्नल पर एक निजी टेक्स्ट चेन में पत्रकार जेफरी गोल्डबर्ग को जोड़ा था, जिसका इस्तेमाल यमन में हौथी आतंकवादियों के खिलाफ 15 मार्च को एक संवेदनशील सैन्य अभियान की योजना पर चर्चा करने के लिए किया गया था।

## मंत्री के पास पहुंचे स्कूलों की मान्यता के 500 आवेदन

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** सूबे में संचालित निजी स्कूलों को मान्यता देने का मामला अब स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के पास पहुंच गया है। क्योंकि आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय और संयुक्त संचालक ने बड़ी संख्या में स्कूलों के आवेदनों निरस्त कर दिए हैं। सिंह ने आवेदनों पर सुनवाई शुरू कर दी है। अभी तक मंत्री सिंह को करीब पांच सौ स्कूलों के आवेदन मिल चुके हैं। स्कूलों की मान्यता के आवेदन आनलाइन लिए जाते हैं। पहले मान्यता में पोर्टल पर सभी को देखने की सुविधा दी गई थी। किस आधार पर स्कूलों को मान्यता दी गई है और निरस्त की गई है। अब पोर्टल से उक्त आप्शन को हटा दिया गया है। पोर्टल पर सिर्फ मान्यता प्राप्त स्कूलों की सूची भर दिखाई जा रही है। पहली से आठवीं तक के अधिकांश स्कूलों को मापदंड पूरे नहीं होने के कारण मान्यता देने या निरस्त करने के विकल्प को पोर्टल से हटा दिया गया है। सूबे में स्कूलों की मान्यता का अंतिम दौर चल रहा है। पहली से आठवीं तक की मान्यता राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा डीपीसी के माध्यम से दी गई।

## कांग्रेस से भाजपा में आए घाड़गे पर एफआईआर

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** जहांगीराबाद पुलिस ने कांग्रेस से भाजपा में गए केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थक कृष्णा घाड़गे के खिलाफ भड़काऊ भाषण देने के मामले में मामला दर्ज किया है। घाड़गे ने आपत्तिजनक बयान का वीडियो वायरल हुआ था। फिलहाल, आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। पुलिस के मुताबिक, स्टेट बैंक कॉलोनी जहांगीराबाद निवासी यशवंत यादव कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि 28 अप्रैल को सोशल मीडिया में एक वीडियो देखा। जिसमें बीजेपी का नेता कृष्णा घाडगे रात 9 बजे जहाँगीराबाद में आमसभा को संबोधित करते समय मध्य विधायक आरिफ मसूद को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। घाड़गे कह रहे कि कुत्तों को छोडेंगे नहीं, इस चौराहे पर मौजूद पाकिस्तानी ऐंजेट जो सुन रहे हैं..तमाम तरह की भड़काऊ स्पीच उन्होंने दी। पुलिस ने जांच के बाद मामला दर्ज किया।

## सिंधु नदी के 70 फीसदी पानी पर भारत का हक: राजेंद्र सिंह



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मैग्सेसे अवार्ड से सम्मानित पर्यावरणविद् राजेंद्र सिंह ने कहा कि भारत में पानी का व्यापार बंद होना चाहिए। भारत में पानी व्यापार की वस्तु बन चुका है, इसे रोकना होगा। उन्होंने भोपाल को पानीदार शहर बताते हुए चिंता व्यक्त की कि बेतवा नदी की धारा पिछले 3 साल से सूख गई है। जल संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध राजेंद्र सिंह गुरुवार को मानस भवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत को पानीदार बनाना चाहते हैं तो हमें अपना मानस बदलना होगा। क्योंकि पूरी दुनिया बेपानी होकर उजड़ रही है। दुनिया के जितने मुल्क आपस में लड़ रहे हैं, उसके आधार में पानी ही मुख्य वजह है। उन्होंने कहा कि सिंधु नदी से पाकिस्तान जाने वाले पानी का रिव्यू समय-समय पर होना चाहिए था, जो अब हो रहा है। सिधु का 70 प्रतिशत पानी भारत को ही मिलना चाहिए। भारत ने उदारता से पानी दिया, जबकि उस पर पाक का हक नहीं था। आजादी के समय 4 प्रतिशत जमीन बेपानी थी, आज 62 प्रतिशत बेपानी है। आज के दौर में बाढ़, सूखा, जंगलों में आग लग रही है। पर्यावरण नष्ट हो रहा है। शिक्षा ने हमें लालची बना दिया है, क्योंकि जो शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, वह केवल अपने लाभ के लिए है। सिंह ने कहा कि विद्या और शिक्षा के अंतर को हमें समझना होगा। विद्या हमारे जीवन को बेहतर बनाने का काम सिखाती है लेकिन शिक्षा हमें लाभ और जीविकोपार्जन के तरीके सिखाती है। जब से पानी व्यापार की चीज बना है, तब से हम प्राकृतिक जल स्रोत को भूल गए हैं। उनका दुरुपयोग हो रहा है। कुएं सूख गए और तालाबों पर अतिक्रमण हो रहा है। श्रीमती सविता वाजपेई की पुत्री डॉ. श्रद्धा अग्रवाल ने मानस भवन में जल संरक्षण के लिए वाटर हार्वेस्टिंग यूनिट की जो स्थापना की है, वह उनके द्वारा अपनी मां के प्रति दी गई सच्ची श्रद्धांजलि है। रघुनंदन शर्मा ने कहा कि राजेंद्र सिंह जल पुरुष ही नहीं जल ऋषि भी हैं। डॉ. श्रद्धा अग्रवाल ने भूजल स्तर गिरने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जंगल की भी कमी हो रही है।


**अंतरिक्ष** | किरीबाती का मिलेनियम आईलैंड है दुनिया की वह जगह जहां सबसे पहले होता है सूर्योदय

## जापान नहीं रहा उगते सूरज का देश!

**नई दिल्ली, जेएनएन।** जब भी 'उगते सूरज के देश' की बात होती है, हमारे दिमाग में सबसे पहले नाम जापान का आता है। स्कूल की किताबों से लेकर आम बातचीत तक हमें यही बताया गया है कि सूरज सबसे पहले जापान में उगता है, लेकिन असलियत इससे थोड़ी अलग है। वैज्ञानिक और भौगोलिक नजरिए से देखें तो धरती पर सूरज सबसे पहले जापान में नहीं, बल्कि एक छोटे से द्वीप पर उगता है। यह द्वीप किरीबाती नामक देश में स्थित है, जिसका नाम मिलेनियम आइलैंड हैं।

सूरज सबसे पहले किरीबाती के मिलेनियम आइलैंड पर इसलिए उगता है, क्योंकि यह द्वीप इंटरनेशनल डेट लाइन के ठीक बगल में स्थित है, इंटरनेशनल डेट लाइन एक काल्पनिक रेखा है, जो प्रशांत महासागर से होकर गुजरती है। यह रेखा तय करती है कि धरती पर किस जगह एक दिन खत्म होता है और कहां नया दिन शुरू होता है। किरीबाती ने खुद ही अपने टाइमजोन को एडजस्ट करके मिलेनियम आइलैंड को दुनिया की पहली जगह बना दिया, जहां सूरज उगता है। साल 2000 की शुरुआत यानी मिलेनियम का पहला सूरज सबसे पहले यहीं देखा गया था, इसीलिए इसका नाम मिलेनियम आइलैंड रखा गया।

**तो क्या जापान में सूरज देर से उगता है?:** जापान भी सूरज के जल्दी उगने वाले देशों में शामिल है, लेकिन वह पहला नहीं है। जापान का 'उगते सूरज का देश' नाम सांस्कृतिक और ऐतिहासिक आधार पर दिया गया है, न कि वैज्ञानिक कारणों से। इसलिए अगर आप सोचते थे कि सूरज सबसे पहले जापान में उगता है, तो अब अपनी जानकारी सही कर लीजिए।



### कहां उगता है सबसे पहले सूरज?

लाइव साइंस वेबसाइट के अनुसार, धरती पर सबसे पहले सूरज किरीबाती नाम के देश में उगता है, जो प्रशांत महासागर में स्थित है। इस देश के मिलेनियम आइलैंड पर दुनिया का सबसे पहला सूर्योदय होता है, इस आइलैंड को पहले कैरोलीन आइलैंड के नाम से जाना जाता था। यह एक गैर-आबादी वाला टापू है, लेकिन समय की गणना में इसका महत्व बहुत बड़ा है।

### भारत में कहां होता है सबसे पहले सवेरा

अगर भारत की बात करें तो देश में सबसे पहले सूरज अरुणाचल प्रदेश के डोंग नामक गांव में उगता है। यह गांव भारत के सबसे पूर्वी छोर पर स्थित है और यहां सुबह सबसे पहले उजाला होता है। हालांकि, स्थानीय लोग और पर्यटक सूर्योदय के इस खास नजारे को देखने के लिए डोंग गांव जाते हैं।

## 8 साल बाद विराट ने दोबारा किया प्यार का इजहार



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा को जन्मदिन पर फैंस के साथ ही फिल्म जगत के तमाम सितारों ने खास अंदाज में बधाई दी। उनके पति भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली ने उन्हें बधाई देते हुए अपना सबकुछ बताया। अनुष्का के साथ इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, मेरी सबसे अच्छी दोस्त, मेरी लाइफ पार्टनर, सेफ प्लेस तुम मेरी सब कुछ हो। तुम हम सबको गाइड करती हो। हम सब तुमसे बहुत प्यार करते हैं। जन्मदिन मुबारक हो माई लव। विराट कोहली और अनुष्का शर्मा ने साल 2017 में इटली में शादी की थी। शादी में परिवार और करीबी दोस्त ही शामिल हुए थे। अनुष्का शर्मा ने साल 2021 में बेटी को जन्म दिया, जिसका नाम उन्होंने वामिका रखा है। इसके तीन साल बाद उन्होंने बेटे को जन्म दिया, जिसकी जानकारी एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर दी थी। विराट-अनुष्का ने बेटे का नाम अकाय रखा है, अनुष्का शर्मा और विराट कोहली के बेटे का जन्म लंदन में हुआ था, जिसके बाद से खबरें आ रही थी कि दोनों विदेश में शिफ्ट हो सकते हैं। हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं हुई है। अनुष्का के वर्कफ्रंट की बात करें तो वो शाहरुख खान और कैटरीना कैफ के साथ फिल्म 'जीरो' में नजर आई थीं।2018 में रिलीज हुई इस फिल्म का निर्देशन आनंद एल राय ने किया था। जीरो में अनुष्का शर्मा के साथ अभय देओल, आर. माधवन और मोहम्मद जीशान आयूब भी अहम रोल में थे. फिल्म में शर्मा सेरेब्रल पाल्सी से पीड़ित एक वैज्ञानिक की भूमिका में नजर आई थीं।

## बाजार पर नजर

**'एक राज्य एक आरआरबी' योजना**

### देश भर के 700 जिलों में 28 आरआरबी करेंगे काम

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** वित्त मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि एक मई से 'एक राज्य एक आरआरबी' योजना लागू होने के साथ ही 700 जिलों में 22,000 से अधिक शाखाओं वाले 28 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी) देशभर में काम करेंगे। 'एक राज्य एक आरआरबी' के अंतर्गत 11 राज्यों/केंद्र शासित क्षेत्रों के 26 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को राज्य/केंद्र शासित क्षेत्र में एकल आरआरबी में समाहित कर दिया गया है। वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) ने कहा, इस विलय से आरआरबी की संख्या 43 से घटकर 28 हो गई है, जिससे आरआरबी की व्यवहार्यता तथा वित्तीय प्रदर्शन में और सुधार होगा। डीएफएस से सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, अब 28 आरआरबी होंगे जिनकी 700 जिलों में 22000 से अधिक शाखाएं होंगी। इस विलय के परिणामस्वरूप एकीकृत क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का पूंजी आधार बढ़ेगा, जिससे संबंधित राज्य विशिष्ट लक्ष्यों के अनुरूप ऋण वृद्धि तथा विविधीकरण को बढ़ावा मिलेगा।



### जोमैटो का मुनाफा चौथी तिमाही में 78% कम हुआ

**मुंबई, जेएनएन।** ऑनलाइन फूड डिलिवरी कंपनी जोमैटो ने वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में 6,201 करोड़ रुपए की कुल कमाई की है। यह पिछले साल के मुकाबले 63 प्रतिशत ज्यादा है। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी ने 3,797 करोड़ रुपए की कमाई की थी। कुल कमाई में से कर्मचारियों की सैलरी और टैक्स जैसे खर्चे निकाल दें तो कंपनी के पास 39 करोड़ रुपए शुद्ध मुनाफे (कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट) के रूप में बचे। सालाना आधार (2024 के जनवरी-मार्च) पर यह 77.71 प्रतिशत कम हुआ है। वहीं, पिछली तिमाही यानी अक्टूबर-दिसंबर के मुकाबले यह 33.90 प्रतिशत घटा है। चौथी तिमाही में जोमैटो ने संचालन (प्रोडक्ट-सर्विस बेचकर) 5,833 करोड़ रुपए का राजस्व यानी रेवेन्यू जनरेट किया। पिछले साल के जनवरी-मार्च के मुकाबले यह 63.76 प्रतिशत बढ़ा है।




### अडाणी एंटरप्राइजेज का मुनाफा 753 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई, जेएनएन।** अडाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड का वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में कंसॉलिडेटेड मुनाफा 753 प्रतिशत बढ़कर 3,845 करोड़ रुपए पहुंच गया है। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी को 451 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था। इस मुनाफे में अडाणी विल्मर में 13.5 प्रतिशत हिस्सेदारी की बिक्री से मिले 3,286 करोड़ रुपए शामिल है, इसलिए 753 प्रतिशत की ग्रोथ दिख रही है। इस वन टाइम गेन को हटा दें तो मुनाफा सालाना आधार पर केवल 24 प्रतिशत ही बढ़ा है। यानी, कंपनी की ग्रोथ धीमी है। ऑपरेशन से कंसॉलिडेटेड रेवेन्यू मार्च 2025 तिमाही में 7.5 प्रतिशत घटकर 26,966 करोड़ रह गया, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 29,180 करोड़ था। अडाणी एंटरप्राइजेज ने आज यानी, गुरुवार 1 मई को जनवरी-मार्च तिमाही और सालाना नतीजे जारी किए है।बाजार के जानकारों को उम्मीद थी कि वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में अडाणी एंटरप्राइजेज का मुनाफा करीब 4 हजार करो? रुपए होगा। इस हिसाब से देखा जाए तो कंपनी ने मार्केट विश्लेषकों की उम्मीद से कमजोर परफॉर्म किया है।

# जीएसटी कलेक्शन ने तोड़े सारे रिकॉर्ड 12.6% बढ़कर 2.37 लाख करोड़ पहुंचा

## इस महीने में हुआ अब तक का सबसे ज्यादा जीएसटी कलेक्शन, इससे पहले कभी नहीं हुआ

**नई दिल्ली, जेएनएनन।** जीएसटी कलेक्शन में हर साल बढ़ोतरी देखने को मिलती है। इस बार तो जीएसटी ने अपने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए है और रिकॉर्ड हाई लेवल पर पहुंच गया है। जीएसटी अप्रैल 2025 में सालाना आधार पर 12.6 प्रतिशत के उछाल के साथ 2.37 लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड पर पहुंच गया है। अब तक का सबसे ज्यादा जीएसटी कलेक्शन इस महीने में हुआ है। एक महीने में इतना अब तक कभी नहीं हुआ है। सरकार ने इस दौरान डोमेस्टिक ट्रांजैक्शन से 1.90 लाख करोड़ टैक्स वसूला है। सालाना आधार पर इसमें 10.7 प्रतिशत की ग्रोथ हुई है। वहीं, इम्पोर्ट के जरिए 46,913 करोड़ जीएसटी सरकार ने जुटाया है। एक साल में इसमें 20.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।




### किस राज्य में कितना रहा टैक्स कलेक्शन ?

हमेशा की तरह सबसे ज्यादा टैक्स कलेक्शन महाराष्ट्र से हुआ है। अप्रैल 2025 में महाराष्ट्र से सरकार ने 41,645 करोड़ रुपये टैक्स कलेक्ट किया है। जो पिछले साल अप्रैल के मुकाबले 11 फीसदी ज्यादा है।
अप्रैल 2024 में महाराष्ट से सरकार ने 37,671 करोड़ रुपये टैक्स के रूप में जुटाए थे। अप्रैल 2024 में जीएसटी कलेक्शन 2.10 लाख करोड़ रुपये रहा था, जो अब तक का ऑल टाइम हाई था. वहीं दिसंबर 2024 में जीएसटी कलेक्शन 1.77 लाख करोड़ रुपये था, जो साल-दर-साल 7.3 प्रतिशत की वृद्धि को दिखाता है। जीएसटी कलेक्शन इकोनॉमिक हेल्थ का एक महत्वपूर्ण संकेतक है। हायर कलेक्शन मजबूत उपभोक्ता खर्च, औद्योगिक गतिविधि और प्रभावी कर अनुपालन का संकेत देते हैं। अप्रैल महीने में बिजनेसेज अक्सर मार्च से वर्ष के अंत के लेन-देन को क्लियर करते हैं, जिससे टैक्स फाइलिंग्स और कलेक्शन्स में वृद्धि होती है। KPMG के नेशनल हेड अभिषेक जैन ने कहा कि अब तक का हाईएस्ट जीएसटी कलेक्शन मजबूत घरेलू अर्थव्यवस्था को दर्शाता है।

### 27,341 करोड़ का रिफंड जारी हुआ

जीएसटी कलेक्शन ने 2025 अप्रैल के महीने में सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, पिछले महीने यानी अप्रैल 2025 में जीएसटी 12.60 प्रतिशत उछाल के साथ 2.37 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। जानकारी के अनुसार, सरकार ने अप्रैल के महीने में कुल 27,341 करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया, जिसमें 48.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। बताते चले कि देशभर में जीएसटी 1 जुलाई 2017 से लागू की गई थी। घरेलू लेनदेन से जीएसटी रेवेन्यू 10.7 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.9 लाख करोड़ रुपए हो गया, जबकि आयातित वस्तुओं से राजस्व 20.8 प्रतिशत बढ़कर 46,913 करोड़ हो गया है।

### एक जुलाई 2017 से देशभर में लागू हुआ था जीएसटी

सरकार ने 1 जुलाई 2017 को देशभर में जीएसटी लागू किया था। इसके बाद केंद्र और राज्य सरकारों के 17 करों और 13 उपकरों को हटा दिया गया था। जीएसटी के 7 साल पूरे होने पर वित्त मंत्रालय ने पिछले सात वर्षों के दौरान हासिल की गई उपलब्धियों को लेकर पोस्ट किया। जीएसटी एक इनडायरेक्ट टैक्स है। इसे कई तरह के इनडायरेक्ट टैक्स जैसे वैट सर्विस टैक्स, परचेज टैक्स, एक्साइज ड्यूटी को रिप्लेस करने के लिए 2017 में लागू किया गया था। जीएसटी में 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत के चार स्लैब हैं।

# अब अपने मोबाइल फोन पर खरीदें गोल्ड

**नई दिल्ली, जेएनएन।** आज के डिजिटल जमाने में खरीदारी के तरीके पूरी तरह बदल चुके हैं। अब किसी चीज को खरीदने के लिए बाजार तक जाने की जरूरत नहीं पड़ती। ऐसी ही एक सुविधा अब सोने को लेकर भी है, जिसे हम डिजिटल रूप में खरीद सकते हैं। डिजिटल गोल्ड ने लोगों को निवेश का एक आसान, सुरक्षित और पारदर्शी विकल्प दिया है। अब बिना किसी झंझट के केवल एक क्लिक से आप अपने मोबाइल से भी सोना खरीद सकते हैं।




### डिजिटल गोल्ड के फायदे

डिजिटल गोल्ड असल में फिजिकल सोने का ही डिजिटल रूप होता है। जब आप इसे ऑनलाइन खरीदते हैं, तो आपके नाम पर उतना ही सोना एक सुरक्षित वॉल्ट में जमा कर दिया जाता है। इसे आप ग्राम या रुपये के हिसाब से खरीद सकते हैं। इसमें निवेश की कोई न्यूनतम सीमा नहीं होती। डिजिटल गोल्ड को बाद में आप फिजिकल गोल्ड में बदल सकते हैं या उसे बेच भी सकते हैं।

डिजिटल गोल्ड की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसे किसी भी समय और कहीं से भी खरीदा या बेचा जा सकता है। इसे रखने के लिए कोई लॉकर या सुरक्षा की जरूरत नहीं होती, क्योंकि यह सुरक्षित वॉल्ट में रखा जाता है। इसकी वैल्यू बाजार भाव के अनुसार होती है, जिससे निवेशक को रियल टाइम फायदा मिलता है। साथ ही इसे ईएमआई में खरीदना और गिफ्ट करना भी आसान होता है।

### डिजिटल गोल्ड कहां से खरीदें?

डिजिटल गोल्ड खरीदने के लिए कई आसान विकल्प मौजूद हैं। आप पेटीएम, गूगल पे, फोनपे जैसे डिजिटल वॉलेट से या जेरोधा, ग्रो जैसे निवेश प्लेटफॉर्म्स से भी इसे खरीद सकते हैं। बैंक ऐप्स और जूलरी कंपनियों की वेबसाइट से भी यह उपलब्ध है। इसके लिए बस ऐप खोलें, गोल्ड सेक्शन में जाएं, जितने रुपये या ग्राम का सोना खरीदना है, वह चुनें और ऑनलाइन पेमेंट करें। अब डिजिटल गोल्ड आपके अकाउंट में जुड़ जाएगा। डिजिटल गोल्ड खरीदते समय हमेशा यह सुनिश्चित करें कि आप किसी मान्यता प्राप्त और विश्वसनीय प्लेटफॉर्म से ही खरीदारी कर रहे हैं। किसी अनजान ऐप या वेबसाइट से निवेश करने से बचें। यह भी जांचें कि गोल्ड सप्लायर कौन है, जैसे MMTC-PAMP, सेफगोल्ड, ऑग्मोंट या अन्य नामी सप्लायर।

## डेलॉयट का जीडीपी अनुमान 6.5 से 6.7% की दर से बढ़ेगी


**नयी दिल्ली, जेएनएन।** डेलॉयट ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए देश की आर्थिक वृद्धि के 6.5 से 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। पेशेवर सेवा कंपनी डेलॉयट ने कहा कि बजट में प्रदान किए गए कर प्रोत्साहन से अनिश्चित वैश्विक व्यापार वातावरण के बीच घरेलू मांग को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। डेलॉयट के भारत अर्थव्यवस्था परिदृश्य में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.3-6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया। साथ ही कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आर्थिक परिदृश्य उभरते व्यापार संबंधों तथा घरेलू उपभोक्ता मांग को बढ़ावा देने के सरकारी प्रयासों के बीच एक नाजुक संतुलन पर टिका है। इसमें कहा गया, चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दो विरोधी ताकतों पर निर्भर करेगा। पहला कारक उपभोक्ता खर्च बढ़ाने के उद्देश्य से कर प्रोत्साहन का सकारात्मक प्रभाव होगा। दूसरा एवं विरोधी कारक, वैश्विक व्यापार तंत्र में अनिश्चितता है जिसका भारतीय अर्थव्यवस्था पर संभावित नकारात्मक प्रभाव होगा। इसमें कहा गया, कर प्रोत्साहन और व्यापार अनिश्चितताओं के परस्पर प्रभाव से चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत से 6.7 प्रतिशत के बीच रह सकती है। डेलॉयट इंडिया की अर्थशास्त्री रुमकी मजूमदार ने कहा, बजट के दौरान घोषित कर छूट से युवा आबादी के हाथों में खर्च योग्य आय बढ़ेगी और आय लोच बढ़ेगा। रिपोर्ट में साथ ही कहा गया कि भारत तथा अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौता, वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं के बीच भारत को नए अवसर तलाशने और अमेरिकी बाजार में प्रवेश करने में मदद करेगा।




### इन्फोसिस ने एमआरई कंसल्टिंग का अधिग्रहण किया

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** आईटी कंपनी इन्फोसिस ने प्रौद्योगिकी एवं व्यापार परामर्श कंपनी एमआरई कंसल्टिंग का 3.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर (लगभग 305 करोड़ रुपये) में अधिग्रहण पूरा कर लिया है। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी ने अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी इन्फोसिस नोवा होल्डिंग्स एलएलसी के माध्यम से कंसल्टेंसी कंपनी का अधिग्रहण किया है।

कंपनी बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, यह अधिग्रहण कंपनी द्वारा 17 अप्रैल 2025 को की गई घोषणा के बाद किया गया है। इससे इन्फोसिस को व्यापार तथा जोखिम प्रबंधन, विशेषकर ऊर्जा क्षेत्र में, नई क्षमताएं मिलेंगी।




# धोखाधड़ी से निपटने के लिए पर्याप्त नियंत्रण और संतुलन मौजूद : सेबी

**मुंबई, जेएनएन।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने कहा है कि भारत में धोखाधड़ी से निपटने के लिए पर्याप्त नियंत्रण व संतुलन मौजूद है। इसलिए जब भी कोई घोटाला सामने आता है तो किसी को यह नहीं सोचना चाहिए कि 'प्रणाली काम नहीं कर रही है।' सेबी के नवनियुक्त प्रमुख ने कहा कि आम तौर पर हम बातों पर आधारित साक्ष्यों से प्रभावित हो जाते हैं और आंकड़ों पर गौर किए बिना ही धोखाधड़ी के बारे में धारणा बना लेते हैं। वाइटल कम्युनिकेशंस मामले में कथित असफलता पर पांडेय ने कहा कि इस मामले में सेबी द्वारा उठाए गए तीन मुद्दों में से दो को सर्वोच्च न्यायालय ने स्वीकार कर लिया है। सेबी प्रमुख ने कहा कि पूंजी बाजार नियामक अपने प्रति विश्वास को और मजबूत करना चाहता है। इसीलिए उसने शीर्ष प्रबंधन द्वारा खुलासे और खुद को अलग करने के मामले पर गौर करने के लिए एक समिति का गठन किया है।




### देश में धोखेबाज लोगों की संख्या चिंता का विषय

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने एक साक्षात्कार में कहा, नियंत्रण व संतुलन मौजूद है। शेयर बाजार प्रथम पंक्ति के विनियामक हैं, बहुत सारे खुलासे हो रहे हैं, बहुत सारे लेखा परीक्षक अपना काम कर रहे हैं। इसलिए हमें यह नहीं सोचना चाहिए कि प्रणाली काम नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि हालांकि नियमों का उल्लंघन करने वाले या धोखाधड़ी करने वाले लोगों की संख्या चिंता का विषय होनी चाहिए। निजी क्षेत्र के एक बैंक के हाल ही में सामने आए उस मामले के बारे में उनसे सवाल किया गया जिसमें लेखा परीक्षकों की भूमिका अपर्याप्त पाई गई थी और वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा शेयर बिक्री की बात सामने आई थी। इस पर पांडेय ने सीधे तौर पर कोई जवाब नहीं दिया। उन्होंने सेबी के आदेशों को चुनौती देने के मामले में नियमित विफलताओं की धारणाओं से इनकार किया। वित्त वर्ष 2024-25 के आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि सेबी के 92 प्रतिशत आदेशों को प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण ने बरकरार रखा है और उच्चतम न्यायालय में 80 प्रतिशत आदेश नियामक के पक्ष में गए हैं।

### जोमैटो ने 15 मिनट में डिलीवरी सर्विस बंद की

**नई दिल्लीस, जेएनएन।** फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो (इटर्नल) ने 15 मिनट में क्विक डिलीवरी सर्विस को बंद कर दिया है। यह फीचर चार महीने पहले ही लॉन्च किया गया था। इसे बेंगलुरु, गुरुग्राम, हैदराबाद, मुंबई जैसी मेट्रो सिटी में हैवी एडवर्टाइजमेंट के साथ पेश किया गया था। जोमैटो क्विक, यूजर्स को 2 किलोमीटर के दायरे में 15 मिनट के अंदर रेडी-टू-ईट फूड ऑप्शन देता था। कंपनी सीईओ दीपिंदर गोयल हाल ही दिए एक इंटरव्यू में कहा था कि रेस्तरां पार्टनर्स की कमी और प्रोडक्ट-मार्केट फिट के सही न होने से क्विक डिलीवरी सर्विस में चुनौतियों का सामना करना पढ़ रहा था। इससे इससे पहले 2022 में जोमैटो इंस्टेंट नाम की 10 मिनट डिलीवरी सर्विस भी बंद की थी।

### बस पलटी, गर्भवती महिला समेत 9 घायल

**जागरण, उज्जैन।** चिमनगंज मंडी थाना क्षेत्र के नागदा-उन्हेल मार्ग पर गुरुवार को एक स्लीपर बस पलट गई। बस पलटते ही घटनास्थल पर यात्रियों की चीख-पुकार मच गई। हादसे में 9 यात्री घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। यात्री करतार सिंह गुर्जर ने बताया कि अशोक ट्रेवल्स की ये बस जोधपुर से इंदौर जा रही थी। भैरवगढ़ क्षेत्र में बंसल स्कूल के पास एक बाइक सवार को बचाने की कोशिश में ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया, जिससे बस पलट गई। सूचना मिलते ही सीएसपी सुमित अग्रवाल मौके पर पहुंचे और तुरंत घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

## स्व-रोजगार से जोड़ने में लघु वनोपज समितियां सक्षमः मुख्यमंत्री

**विसं भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र के जनजातीय वर्ग को विकास की मुख्य धारा में लाने राज्य सरकार संकल्पित है। उन्हें स्व-रोजगार से जोड़ने में लघु वनोपज समितियां निरापद रूप से सर्वाधिक सक्षम हैं। सीएम गुरुवार को खंडवा जिले के हरसूद में तेंदूपत्ता, वन समितियों और जनजातीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनजातीय परिवारों को भी केन्द्र सरकार की सभी योजनाओं जैसे पक्का मकान, निःशुल्क राशन और आयुष्मान योजना से मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है। राज्य सरकार तेंदुपत्ता संग्राहकों को बोनस देकर प्रोत्साहित कर रही है। तेंदूपत्ता के शासकीय मूल्य में 1000 रुपए प्रति मानक बोरा की वृद्धि कर इसे 4000 रुपए प्रति मानक बोरा कर दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हरसूद में जल संरक्षण के लिये सरकार द्वारा चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम में सहभागिता की। प्रदेश में खेतों को सिंचित करने अभियान चलाया जा रहा है। सिंचाई का रकबा बढ़ने से सीधा लाभ किसानों को मिलेगा। डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में पर्यटन क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। यहां सबसे ज्यादा टाइगर हैं। देश में चीता भी सिर्फ मध्यप्रदेश में ही हैं। सरकार वन्य जीव पर्यटन को बढ़ावा देकर युवाओं को गाइड के रूप में प्रशिक्षित कर पर्यटन रोजगार से जोड़ने का कार्य कर रही है।



### अप्रैल में गाड़ियों की बिक्री में 7.5% की गिरावट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** वित्त वर्ष 2025-26 की शुरुआत ऑटोमोबाइल सेक्टर के लिए कुछ खास अच्छी नहीं रही है। अप्रैल महीने में देश में कुल 20.6 लाख गाड़ियों की रजिस्ट्रेशन हुई, जो पिछले साल की तुलना में 7.5 प्रतिशत कम हैं। हालांकि, अगर मार्च के मुकाबले देखें तो गिरावट थोड़ी कम, करीब 4 प्रतिशत रही, क्योंकि मार्च में यह आंकड़ा 21.5 लाख यूनिट्स का था। अप्रैल में पैसेंजर गाड़ियों की बिक्री में लगभग 10 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। मार्च में जहां 3.49 लाख कारें बिकी थीं, वहीं अप्रैल में यह संख्या घटकर करीब 3.18 लाख रह गई।

**ईवी कार में सालाना आधार पर आई तेजी**- अगर इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (ईवी) की बात करें, तो अप्रैल में इस सेक्टर को बड़ा झटका लगा है। ईवी रजिस्ट्रेशन मार्च की तुलना में 37 प्रतिशत गिरकर सिर्फ 1.5 लाख यूनिट्स रह गईं। लेकिन अगर साल दर साल तुलना करें, तो ईवी की बिक्री में 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इसकी एक वजह यह भी है कि पिछले साल अप्रैल में फेम 2 सब्सिडी खत्म हो चुकी थी, जिससे मांग थोड़ी धीमी थी।

### 10 दिन में ई-केवाईसी नहीं कराया तो राशन बंद

**भोपाल।** भोपाल के 2 लाख 18 हजार लोगों ने ई-केवाईसी नहीं कराई है। उन्हें 10 दिन में केवाईसी कराना होगी, वरना राशन नहीं मिलेगा। वहीं, पिछले 4 महीने से राशन नहीं लेने वाले लोगों के नाम भी पोर्टल से हटाने की कार्रवाई शुरू होगी। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन सामग्री प्राप्त करने वाले हितग्राही सदस्यों की शत-प्रतिशत ई-केवाईसी के लिए 12 अप्रैल से अभियान चल रहा है। इसमें बाकी बचे 2 लाख 28 हजार 861 सदस्यों की ई-केवाईसी का टारगेट था, लेकिन 2 लाख 18 हजार 831 ने केवाईसी नहीं कराई है।

**रेप, ब्लैकमेलिंग, धर्म परिवर्तन के बहुचर्चित कांड के मास्टर माइंड फरहान ने पूछताछ में किए चौंकाने वाले खुलासे**

# सेक्युलर लड़कियां थीं सॉफ्ट टॉरगेट, दरिंदगी के लिए अड्डा उपलब्ध कराने वाला नबील गिरफ्तार

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** रेप, ब्लैकमेलिंग, धर्म परिवर्तन के बहुचर्चित कांड के मास्टर माइंड फरहान खान उर्फ डीजल ने पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा किया है। उसने पुलिस को बताया कि वह सेक्युलर (धर्मनिरपेक्ष) विचारधारा वाली समुदाय विशेष की लड़कियां सॉफ्ट टारगेट होती थीं। ऐसी लड़कियां जल्दी जाल में फंस जाती थीं। इसके बाद उनके साथ रेप करता था। वीडियो बनाकर उन्हें ब्लैकमेल करते हुए दूसरे लड़कों को सौंप देता था। पुलिस ने दो छात्राओं से फरहान की गतिविधियों को लेकर पूछताछ की है। लड़कियों ने बताया कि वह फरहान से प्रेम करती थीं, जबकि उसकी मानसिकता लव जिहाद के जाल में फंसानी की रहती थी। जब उसकी गंदी सोच का पता चला तब तक फरहान सबके वीडियो अपने मोबाइल में बना चुका था। इसी के डर से कोई लड़की शिकायत नहीं कर सकी। इधर, अशोका गार्डन पुलिस ने लड़कियों के साथ दरिंदगी करने के लिए अपना घर उपलब्ध कराने वाले अशोका गार्डन निवासी नबील को गिरफ्तार किया है। वह फरहान की गिरफ्तारी की भनक लगते ही फरार हो गया था।




**फरहान को आज जेल से लाएगी पुलिसः** फरहान को शुक्रवार को अशोका गार्डन पुलिस कोर्ट के आदेश पर पूछताछ के लिए जेल से लाएगी। अर्जुन नगर निवासी फरहान को पूछताछ होने के बाद पुलिस ने जेल दाखिल करा दिया था। उसके जेल जाते ही एक छात्रा ने गैंगरेप का मामला दर्ज कराया था। फरहान ने अली के साथ मिलकर छात्रा के साथ अशोका गार्डन के सुंदर नगर में गैंगरेप किया था।

### फरहान का दुस्साहसः बोला-शबाब का काम किया

फरहान को किए का पछतावा नहीं है। जेल जाने से पहले उससे हुई पूछताछ में वह बेखौफ होकर पुलिस से कहता रहा कि उसने अंतरधार्मिक लड़कियों से रेप कर शबाब (पुण्य) का काम किया है। उसने कहा कि उसका मकसद लड़कियों की जिंदगी को जहन्नुम बनाना था, जो उसने कर दिया। इधर, फरहान के पिता रिजवान खान ने कहा-वह अपनी बहन को जमाने से बचकर रहने की सलाह देता था, वही दूसरों के घर की लड़कियों के साथ बलात्कार करता था। उनके वीडियो बनाता था। मैंने तो ये सोचा भी नहीं था। मेरी औलाद ऐसी निकलेगी।

**साथ में पढ़ रहे नबील ने दिया रूमः** गिरफ्तार आरोपी नबील जिस कॉलेज में फरहान पढ़ रहा है, वह भी उसी में पढ़ाई कर रहा है। मूलतः बिहार का रहने वाला नबील को पुलिस ने अशोगा गार्डन इलाके से गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठ रहे हैं। घटना के सप्ताहभर बीतने के बाद भोपाल में ही छिपे नबील को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी। इसी मामले में पश्चिम बंगाल का रहने वाला अबरार फरार है। हालांकि, सूत्रों की मानें तो पुलिस ने उसे भी उठा लिया है। जल्द ही पुलिस उसकी गिरफ्तारी घोषित कर सकती है।

### आज 26 जगहों पर एक साथ विरोध-प्रदर्शन

हिंदू संगठनों ने लड़कियों के साथ हुई दरिंदगी को लव जिहाद मानते हुए शुक्रवार को विरोध-प्रदर्शन का ऐलान किया है। शाम 5 बजे से 6 बजे के बीच शहर के 26 तिराहे-चौराहों पर प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन में हिंदू संगठनों के साथ भाजपा नेता भी शामिल हो सकते हैं। कोशिश की जा रही कि बड़ी संख्या में महिलाएं प्रदर्शन में जुटें। संगठनों की तरफ से जारी की गई जानकारी के मुताबिक, गांधी नगर, करोंद चौराहा, डीआईजी बंगला, सिंधी कॉलोनी, नादरा बस स्टैण्ड, वाजपेयी नगर, अशोका गार्डन परिहार चौराहा, कर्फ्यू वाली माता-मंदिर, लालघाटी, बैरागढ़, लिली टॉकीज, रोशनपुरा, एमपी नगर बोर्ड ऑफिस चौराहा, 10 नंबर मार्केट, कोलार, पिपलानी, अयोध्या नगर, आनंद नगर, भारत माता चौराहा, नेहरू नगर समेत अन्य जगहों पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

### गुनगा में नाबालिग से रेप, थाने में हंगामा

उधर, देहात पुलिस के गुनगा थाना इलाके में 17 साल 6 माह की नाबालिग के साथ रेप का मामला सामने आया है। नाबालिक ने शिकायत करते हुए बताया कि उसके मोहल्ले में ही रहने वाले साहिल खान पिता मतीन खान के साथ वह खेतों में काम करने जाती थी। इस दौरान साहिल उससे बात करने लगा। दोस्ती बढ़ाकर उसके साथ रेप किया। फिर शादी का दबाव बनाने लगा। गुनगा थाना प्रभारी हरिशंकर वर्मा ने बताया कि साहिल खान के खिलाफ पास्को, एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है। प्रकरण में विश्व हिन्दु परिषद के जिला मंत्री जितेंद्र मीणा समेत कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाए कि आरोपी नाबालिग के साथ रेप कर उसका धर्म परिवर्तन कराने के लिए शादी करने की साजिश रची थी। हालांकि पुलिस धर्म स्वतंत्रता अधिनियम की धारा नहीं लगाई है।

# श्रमिक दिवस के अवसर पर सोनरा गांव में श्रमिक संगठन ने खोला मोर्चा



## कलेक्टर के नाम 21 सूत्रीय मांग पत्र तहसीलदार को सौंपा

**नौवस्ता, नि.प्र.।** श्रमिक दिवस मनाने के लिए संयुक्त किसान मजदूर मोर्चा स्थानीय नेताओं द्वारा गठित किया गया जिसमें सभी दल के नेतागण जनसभा में पहुंचकर श्रमिक हितों की बातों को पूरे दमखम से रखा। जिसमें प्रमुख रूप से स्थानीय सीमेंट कंपनी ही छाई रही। संवाददाता के अनुसार सभी वक्ता नेताओं ने शासन की नीतियों पर चोट न करते हुए सीमेंट कंपनी के प्रबंधकों को जमकर लताड़ा। नेताओं के भाषण से यह स्पष्ट हो रहा था कि श्रमिक दिवस मनाना मात्र एक बहाना था, जनसभा कर श्रमिक हितों की बातें कहते हुए सीमेंट कंपनी के प्रबंधकों पर अपनी अपनी भड़ास निकलना था, जो जनसभा में सुनने को मिला। सभा समाप्त होने के बाद एक्कीस सूत्री ज्ञापन पत्र जिला प्रशासन के प्रतिनिधि को श्रमिक नेताओं ने सौंपा।

### ज्ञापन सौंपकर रखी यह मांग

ज्ञापन पत्र में सीमेंट कंपनी से फैलने वाले प्रदूषण को रोके जाने, एवार्ड की भूमियों का भुगतान दिलाए जाने, सीमेंट कंपनी से निकाल दिए गए श्रमिकों को पुनः काम पर वापस लिए जाने, सीएसआर मद की राशि जो गांवों में खर्च की जाती है उसे ग्राम विकास समिति के माध्यम से खर्च किए जाने, पैकिंग प्लांट में 16 घंटे ड्यूटी ली जाती है उसे 8 घंटे करने या फिर दूना ओवर टाइम भुगतान करने, स्थानीय प्रभावित भूमि स्वामियों के परिवार वालों को कंपनी में रोजगार देने, ओवरलोड चलने वाले जिप्सम, लेटराइड, कोयला, राखड़ आदि जो भी कच्चा पदार्थ खुले ट्रकों में परिवहन हो रहा है उसे अंडर लोड परिवहन कराने, कंपनी से निकलने वाले प्रदूषित पानी को नदी में छोड़ने से रोके जाने, जनसुनवाई के दौरान किए गए वादों को पूरा करने सहित एक्कीस सूत्री मांगों का ज्ञापन श्रमिक नेताओं ने तहसीलदार को सौपते हुए एक माह का अल्टीमेटम दे दिया।

### ये हुए शामिल

इस अवसर पर प्रमुख रूप से पंडित संजय त्रिपाठी, कांग्रेस नेता गुरमीत सिंह मंगू, पूर्व जनपद अध्यक्ष लालमणि पान्डेय, सीटू के जिलाध्यक्ष गिरजेश सिंह सेंगर, सीमेंट यूनियन के महासचिव राकेश सिंह , किसान नेता के के शुक्ला, आशुतोष सिंह, रामजीत सिंह, संभागीय सहायक महासचिव यू वी द्विवेदी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अशोक सिंह, अनिल त्रिपाठी, भक्तराज सिंह, तेजभान सिंह, मंगलेश्वर सिंह, राजेन्द्र तिवारी गढ़वा, सेमरिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी पंकज सिंह, वीरेन्द्र तिवारी , जयप्रकाश द्विवेदी, रोहित पाठक, पंकज त्रिपाठी, देवेन्द्र पान्डेय, रवि साकेत, लाला तिवारी, महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव विजयलक्ष्मी मिश्रा , प्रभा, राखी पान्डेय, आदि नेताओं के साथ-साथ जनसभा में काफी संख्या में स्थानीय किसान श्रमिक ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारी विधायक और नेताओं ने बनाई रणनीति



## ज्यादा से ज्यादा लोग सभा स्थल पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं : दिव्यराज सिंह

**जवा ब्यूरो ।** मध्यप्रदेश सरकार के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के 4 मई को सिरमौर विधानसभा के भगवान विरसा मुण्डा महाविद्यालय दिव्यगवां के नव निर्मित नवीन भवन लोकार्पण हेतु सिरमौर विधानसभा के प्रथम आगमन पर सिरमौर विधायक दिव्यराज सिंह के मुख्य आतिथ्य में आर्योदय पब्लिक स्कूल अतरैला में तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में वाहन व्यवस्थाओं सहित लगभग 50हजार लोगों को मुख्यमंत्री के सभा स्थल में पहुंचने सहित अन्य आवश्यक तैयारियों के संबंध में चर्चा की गई।

### क्षेत्र के विकास की होंगी घोषणाएं

अपने उद्बोधन में सिरमौर विधायक दिव्यराज सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का भव्य स्वागत करने की अपील करते हुए कहा कि सिरमौर विधानसभा के विकास के लिए अन्य घोषणाएं भी की जायेगी जिससे सिरमौर विधानसभा का विकास तेजी से हो सके। साथ ही उन्होंने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं सहित गणमान्य नागरिकों से ज्यादा से ज्यादा लोगों को सभा स्थल में पहुंचने की अपील की है।

### ये रहे मौजूद

बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेता युवराज घनश्याम सिंह, मंडल अध्यक्ष अतरैला शालिकराम साहू, मंडल अध्यक्ष जवा अखिलेश सिंह, मंडल अध्यक्ष डभौरा राजेंद्र अग्निहोत्री, जिला पंचायत सदस्य पूर्णिमा तिवारी, संजय गुप्ता डभौरा, जिला मंत्री आनंद सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष हरिप्रसाद कुशवाहा, मंडल महामंत्री शिव शंकर तिवारी, राम सिया वर्मा एवं तीनों मंडल के प्रमुख कार्यकर्ता महामंत्री सहित उपाध्यक्ष मंडल कार्य समिति सदस्य, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, पंच परमेश्वर आदि उपस्थित रहे।

## मऊगंज में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना संबंधी बैठक 6 को

**मऊगंज।** मऊगंज में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना संबंधी बैठक 6 मई को दोपहर एक बजे से कलेक्ट्रेट कार्यालय में मऊगंज में आयोजित की गई है। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन करेंगे। बैठक में आदर्श ग्राम योजना के तहत वर्ष 2021-22 एवं वर्ष 2022-23 में संबंधित ग्राम पंचायतों को आवंटित राशि के उपयोग तथा निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

# शोभायात्रा निकालकर धूमधाम से मनाया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव



**गंगेव, नि.प्र.।** अक्षय तृतीया एवं भगवान श्री परशुराम जी के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर परशुराम भक्तगण समूह द्वारा आलौकिक दिव्य झांकियों के साथ भगवान श्री परशुराम जी की अध्यात्मिक भारतीय संस्कृति तथा सनातनी संस्कृति के अनुरूप शोभायात्रा गंगेव बाजार में भ्रमण करते हुए निकाली गई। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा द्वारा परशुराम जन्मोत्सव गंगेव मार्केट से संभावनाथ स्वामी हनुमान मंदिर तक शोभा यात्रा के साथ मनाई गई। साथ ही अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के ब्लॉक अध्यक्ष अजीत शर्मा के नेतृत्व में कार्यक्रम को बड़े उत्साह एवं धूमधाम से मनाया गया जिसमें भगवान परशुराम जी की पूजा अर्चना की गई। सभी भक्तगण अपना-अपना अमूल्य समय देकर परशुराम जी का जन्मोत्सव बड़े उत्साह के साथ व्यक्त किया। पूर्व सरपंच अजय पांडे बृजकिशोर शर्मा, समाजसेवी सुभाष मिश्रा, बेटू गौतम, सोनू अमरीश शर्मा गौतम प्रशांत शर्मा, अंकित शर्मा, नवनीत तिवारी, सत्यम पांडे, राहुल गौतम समस्त ग्रामवासी एवं सैकड़ो लोगों की संख्या बड़े उत्साह पूर्वक परशुराम जी का जन्मोत्सव मनाया।

# तीन दिवसीय पुलिस प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

## नई भारतीय न्याय संहिता पर दी जा रही विशेष जानकारी



**मऊगंज ब्यूरो।** मऊगंज जिले के कलेक्टर कार्यालय सभागार में तीन दिवसीय पुलिस प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस कार्यशाला का शुभारंभ जिले के कलेक्टर संजय कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भारतीय न्याय संहिता की नई धाराओं एवं उसमें हुए महत्वपूर्ण परिवर्तनों की जानकारी देना है। कार्यक्रम के पहले दिन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह ने उपस्थित अधिकारियों को नई व्यवस्था की आवश्यकता, उसके प्रमुख प्रावधानों एवं उनके व्यावहारिक क्रियान्वयन पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस प्रशिक्षण सत्र में कानून विशेषज्ञों द्वारा विवेचना की नवीनतम तकनीकों, कानूनी प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ाने वाले बदलावों एवं अपराधियों पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई से संबंधित विषयों पर भी जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण में पुलिसकर्मियों को साक्ष्य संकलन, अभियोजन प्रक्रिया और अधिकारों की रक्षा जैसे अहम विषयों पर भी व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। तीन दिनों तक चलने वाली इस कार्यशाला के माध्यम से पुलिस बल को तकनीकी रूप से और अधिक दक्ष एवं कानून के अनुरूप प्रभावी बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

# सरकार पट्टेधारियों की जमीनों को खसरे में कराए दर्ज

## पनवार में हुआ मजदूर किसान महापंचायत का आयोजन



**डभौरा।** मजदूर दिवस अवसर पर सपा प्रदेश सचिव जगदीश सिंह यादव के नेतृत्व में विधानसभा सिरमौर 68 पनवार में मजदूरों आदिवासियों किसानों की विभिन्न समस्याओं जैसे पट्टे की भूमियों को खसरे में दर्ज कराए जाने भूमिहीनों को भूमि दिलाए जाने मजदूरों की मजदूरी बढ़ाये जाने मजदूरों को पेंशन नहर से वंचित गांवों को नहर से जोड़े जाने आदि विभिन्न मुद्दों को लेकर मजदूर किसान महापंचायत का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि सपा के राष्ट्रीय सचिव शिव सिंह पटेल एड उपस्थित रहे। अध्यक्षता रामकिशोर आदिवासी विधानसभा अध्यक्ष सपा सिरमौर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सपा लोहिया वाहिनी प्रदेश महासचिव रामचंद्र यादव सिरमौर सपा अध्यक्ष सुखलाल कुशवाहा जिला सचिव मयंक सिंह ब्लॉक अध्यक्ष जवा जवाहरलाल पाल शिवबहादुर साहू रामपति आदिवासी सुखीनंद वर्मा मीना आदिवासी सोनिया आदिवासी मुन्नालाल कोरी आदि पदाधिकारीगण एवं क्षेत्र के किसान मजदूर आदिवासी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि शिव सिंह ने कहा कि देशभर के लाखों मजदूरों आदिवासियों गरीबों को सरकार ने भूमि के पट्टे तो दिए लेकिन उनके नाम एवं रकबे को राजस्व खसरो में इंद्राज नहीं किया। इसी तरह किसान लंबे समय से अपनी मूलभूत समस्याओं को लेकर आंदोलित हैं, इसलिए जाति जनगणना की लड़ाई की जीत की तरह सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ही न्याय दिलाने का काम करेंगे। महापंचायत उपरांत मुख्यमंत्री के नाम नायाब तहसीलदार जवा को ज्ञापन सौंपा गया।

# सिरमौर विधायक ने किया जनसंपर्क नवदम्पति को आशीर्वाद देने पहुंचे



**सिरमौर, नि.प्र.।** डभौरा में दिव्यगवां कॉलेज के नवीन भवन का लोकार्पण प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा किया जाना है । जिसकी तैयारी को लेकर सिरमौर विधायक युवराज दिव्यराज सिंह लगातार प्रशासनिक अमले के साथ-साथ गांव-गांव जाकर जनता से मुलाकात कर शासन की संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराने के साथ उनकी समस्याओं को भी सुन रहे है । बुधवार को नगर परिषद् सिरमौर के वार्ड क्रमांक 3 में जितेंद्र सिंह संविदाकार की बेटी की शादी में शामिल होकर नव दंपति को आशीर्वाद दिया । इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य उमा प्रताप सिंह, राजेंद्र सिंह, संतोष सिंह, प्रदीप सिंह पटना, चक्रधर सिंह जवा, संविदाकार सुरेश मिश्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता त्रियुगीनारायण शुक्ला, पूर्व नप अध्यक्ष रामसज्जन शुक्ला, पदमाकर शुक्ला, पूर्व सोसायटी अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह बेटा पूर्व सरपंच सहित पारिवारिक लोग मौजूद रहे।

# काजल स्व-सहायता समूह के खिलाफ राशनकार्ड धारकों ने की जांच की मांग



## ई-केवाईसी के नाम पर राशन कार्डधारियों को नहीं दिया जा रहा खाद्यान्न

**जवा ब्यूरो।** संवाददाता द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार तहसील जनपद मुख्यालय जवा अंतर्गत काजल स्व-सहायता समूह बरौली ठकुरान द्वारा खाद्यान्न वितरण ई- केवाईसी के नाम पर सुनियोजित तरीके से गरीबों के हिस्से के खाद्यान्न की कालाबाजारी करने के आरोप लगे हैं। महिलाएं वृद्ध, विकलांग लोगों को दिन दिन भर लाइन में लगे रहने के बावजूद ई-केवाईसी के नाम पर खाद्यान्न नहीं मिल पाता। निराश थक-हार कर घर वापस लौट आते हैं। ज्ञात हो कि काजल स्व-सहायता समूह बरौली ठकुरान द्वारा जवा तहसील की सेवा सहकारी समिति जवा की शासकीय उचित मूल्य की दुकान जवा एवं शासकीय उचित मूल्य की दुकान बरौली ठकुरान के खाद्यान वितरण का जिम्मा सौंपा गया है लेकिन काजल स्व-सहायता समूह के अध्यक्ष सचिव पर ग्राम पंचायत वासियों ने ई-केवाईसी न होने के साथ साथ काम तौल के साथ साथ खाद्यान्न वितरण के नाम पर जमकर भ्रष्टाचार एवं कालाबाजारी का आरोप लगाते हुए जिला कलेक्टर रीवा एवं जिला खाद्य नियंत्रक रीवा से समूह द्वारा की जा रही खाद्यान्न की कालाबाजारी एवं कम तौल की जांच कराकर सख्त कार्यवाही की मांग की है । ज्ञात हो कि शासन के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर रीवा द्वारा ग्राम पंचायत जवा के 850हितग्राहियों एवं ग्राम पंचायत बरौली ठकुरान 550 हितग्राहियों के खाद्यान्न वितरण का कार्य काजल स्व-सहायता समूह बरौली ठकुरान को सौंपा गया है जिससे आम गरीब जनमानस को समुचित तरीके से खाद्यान्न का वितरण हो सके लेकिन काजल स्व सहायता समूह एवं खाद्य निरीक्षक सहित जिम्मेदार विभागीय अमले की मिली भगत के चलते काजल स्वसहायता समूह द्वारा कम तौल एवं व्यापक पैमाने पर खाद्यान्न की कालाबाजारी के चलते गरीब बुजुर्ग महिलाओं एवं पुरुषों को हर महीने का खाद्यान्न नहीं मिल पा रहा है। हितग्राहियों का आरोप है कि ई-केवाईसी के नाम पर हम लोगों को खाद्यान्न नहीं दिया जा रहा है । भारी भीड़ के चलते मशीन में अंगूठा लगवाकर पर्ची निकल कर खाद्यान्न नहीं दिया जा रहा है, ऊपर से डाट फटकार अलग से सहना पड़ रहा है। गरीब वृद्ध विकलांग राशनकार्ड धारकों ने जिला कलेक्टर से समूह द्वारा की जा रही खाद्यान्न कालाबाजारी की उच्च स्तरीय जांच कराकर नियमित खाद्यान्न दिलाये जाने की गुहार लगाई है।

## राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ की बैठक सम्पन्न

**बैकुंठपुर।** राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ग्राम इकाई माड़ौ की मासिक बैठक रावेन्द्र प्रताप सिंह, उमेश सिंह के मकान माड़ौ बढ़ैया टोला में जीतेन्द्र प्रताप सिंह ग्राम इकाई अध्यक्ष की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में विशिष्ट अतिथि रविदत्त सिंह राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के राष्ट्रीय व संगठन महामंत्री उपस्थित रहे। इस अवसर पर कृषकों द्वारा महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। बैठक में रविदत्त सिंह संगठन मंत्री, जीतेन्द्र प्रताप सिंह इकाई अध्यक्ष, अमित कुमार सिंह सचिव, नारेन्द्र सिंह सक्रिय सदस्य, रावेन्द्र प्रताप सिंह, अनूप कुमार सिंह उपस्थित रहे।

## डिप्टी कलेक्टर रश्मि चतुर्वेदी को सौंपा गया हनुमना एसडीएम और जनपद सीईओ का दायित्व

**हनुमना, नि.प्र./मऊगंज ब्यूरो।** मऊगंज कलेक्टर संजय कुमार जैन ने मऊगंज जिले की डिप्टी कलेक्टर रश्मि चतुर्वेदी को हनुमना अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) का अतिरिक्त दायित्व सौंपा है। इसके साथ ही उन्हें जनपद पंचायत हनुमना के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) का कार्यभार भी दिया गया है। प्रशासनिक हलकों में इस निर्णय को महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि रश्मि चतुर्वेदी की छवि एक कर्तव्यनिष्ठ और संवेदनशील अधिकारी की रही है। अपने पूर्व पदस्थापनों में उन्होंने ईमानदारी, अनुशासन और जनहित के कार्यों के लिए विशेष पहचान बनाई है। उनके नेतृत्व में कई जनकल्याणकारी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन देखा गया है, जिससे आमजन को सीधा लाभ मिला है। हनुमना क्षेत्र के लोग अब उम्मीद कर रहे हैं कि रश्मि चतुर्वेदी के प्रशासनिक अनुभव और कार्यशैली से क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। साथ ही, आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो सकेगा। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने इस नियुक्ति का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि रश्मि चतुर्वेदी के नेतृत्व में हनुमना विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा।

# परशुराम जयंती पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा



**मंनगवा नि.प्र.।** भगवान परशुराम की जयंती पर मनगवां नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई । शोभायात्रा नदहा मोड़ हनुमान मंदिर से पूरे नगर में ढोल नगाड़े, गाजे बाजे के साथ परशुराम एवं जय श्री राम के गगन भेदी नारे लगाए गए । यात्रा में ब्राह्मण समाज के युवाओं का हुजूम था, इसके साथ ही बाइक रैली निकल गई। पूरे नगर भ्रमण पश्चात राल्ही ट्रेडर्स में भगवान परशुराम की आरती एवं भगवान परशुराम की जयंती पर भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें सभी क्षेत्र के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। इस अवसर पर तरुणेन्द्र मिश्रा लाला राल्ही, लवकुश पांडे, सरपंच प्रतिनिधि नावेद्र पांडे, अन्नू पांडे, भाजपा युवा नेता विकास तिवारी, वरुण उरमालिया, शंकर राघव तिवारी, अजय शुक्ला, विजय शुक्ला, लवकुश त्रिपाठी, हरीश शुक्ला, शिवेंद्र तिवारी, धीरज तिवारी, कमलेश शुक्ला, अंकित तिवारी, विद्या चरण शुक्ला, बाली मिश्रा, नारायण पांडे, प्रभात शुक्ला, अतुल पांडे, बेटू त्रिपाठी, सौरभ पांडे, विक्कू शुक्ला अनुराग दुबे, आदि युवा शामिल रहे।

# खराब फील्डिंग, धीमी बल्लेबाजी और कम बाउंड्री बनी सीएसके की प्लेऑफ से जल्द विदाई की वजह

## आईपीएल इतिहास में पहली बार सीएसके लगातार दो सीजन तक प्लेऑफ में क्वालिफाई नहीं कर पाई

जेएनएन, चेन्नई

आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) प्लेऑफ की रेस से बाहर होने वाली पहली टीम है। चेपॉक में आईपीएल के 49वें मुकाबले में पंजाब किंग्स के खिलाफ उन्हें चार विकेटों से हार का सामना करना पड़ा। सीएसके ने पहले खेलते हुए 19.2 ओवर में 190 रन बनाए। जवाब में पंजाब ने छह विकेट खोकर 194 रन बना लिए। यह आईपीएल इतिहास में पहली बार है, जब सीएसके लगातार दो सीजन तक प्लेऑफ में क्वालिफाई नहीं कर पाई है। इस सीजन टीम के प्रदर्शन में कई कमजोरियां सामने आईं। अब तक खेले गए 10 मुकाबलों में चेन्नई ने सिर्फ दो मैच जीते हैं। खास बात यह रही कि अब तक घरेलू मैदान पर खेले गए छह में से वे केवल एक ही मुकाबला जीत पाए। उन अहम आंकड़ों पर नजर डालते हैं, जो उनके इस कमजोर प्रदर्शन की बड़ी वजह बने। (सभी आंकड़े अब तक हुए 10 मैचों पर आधारित हैं।)

### पावरप्ले में रहा दबाव

सीएसके के बल्लेबाज इस सीजन पावरप्ले में भी नाकाम रहे। उन्होंने शुरुआती छह ओवरों में कुल 18 विकेट गंवाए, जो दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब के साथ संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा है। सीएसके के बल्लेबाजों ने अब तक पावरप्ले में 360 गेंदों पर सिर्फ 475 रन बनाए यानी रनरेट महज 7.91 रहा, जो किसी भी टीम की तुलना में सबसे कम है।

### स्पिन के खिलाफ हुए फेल

आईपीएल-2025 में सीएसके ने स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ सबसे ज्यादा 31 विकेट गंवाए हैं। स्पिन के खिलाफ उनका स्ट्राइक रेट भी सबसे खराब रहा है। पंजाब के खिलाफ मैच से पहले तक शिवम दुबे का स्ट्राइक रेट घटकर 115 रह गया है। दुबे पिछले सीजन में स्पिन के खिलाफ 155 के स्ट्राइक रेट से रन बना रहे थे। रवींद्र जडेजा सिर्फ 91 के स्ट्राइक रेट से रन बना पा रहे हैं।

### सीएसके के टॉप-5 बल्लेबाज और गेंदबाज

**बल्लबोज**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| शिवम दुबे | 248 |
| रचिन रविंद्र | 191 |
| रविंद्र जडेजा | 183 |
| एमएस धोनी | 151 |
| गायकवाड़ | 122 |

**गेंदबाज**

| खिलाड़ी | विकेट |
|---|---|
| नूर अहमद | 15 |
| खलील अहमद | 14 |
| मथीशा पथिराना | 09 |
| रविंद्र जडेजा | 07 |
| आर. अश्विन | 05 |

**19** अलग-अलग खिलाड़ियों को सीएसके ने अब तक आजमाया है, लेकिन टीम का कुल बल्लेबाजी औसत केवल 22.18 रहा, जो सिर्फ कोलकाता नाइट राइडर्स से बेहतर है। वहीं, टीम का औसत स्ट्राइक रेट 128.81 है, जो सभी टीमों में सबसे नीचे है।

“मुझे लगता है कि बल्लेबाजी में पहली बार हमने बोर्ड पर इतने रन लगाए, लेकिन क्या यह औसत स्कोर था, यह थोड़ा कम था। हमें कुछ कैच लेने चाहिए थे, क्योंकि इससे विकेट लेने में मदद मिलती है और आप विपक्षी टीम के मोमेंटम को धीमा कर सकते हैं। चहल को तीन विकेट देना और पूरी पारी न खेल पाना भी बड़ा फर्क डाल गया। मत भूलिए कि यह हाई-स्कोरिंग गेम था, लेकिन हम आखिरी चार गेंद नहीं खेल पाए और उसके पहले ओवर में हमने चार बल्लेबाज खो दिए।

■ **महेंद्र सिंह धोनी**, कप्तान, सीएसके

### कैच छोड़ने की आदत पड़ी भारी

सीएसके की फील्डिंग बेहद लचर रही। लगभग हर मैच में उन्होंने कोई न कोई कैच छोड़ा और उनकी कैचिंग पर्सेंटेज महज 66.7 प्रतिशत रही, जो किसी भी टीम के मुकाबले सबसे खराब है। कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने भी पंजाब के खिलाफ मिली हार के बाद इस कमी को स्वीकार किया और कहा कि बेहतर कैचिंग से टीम विपक्षी बल्लेबाजों पर दबाव बना सकती थी।

### सलामी जोड़ी ने भी किया निराश

ओपनिंग बल्लेबाजी सीएसके की बड़ी समस्या बनी। अब तक चार अलग-अलग ओपनर्स मिलकर सिर्फ 199 रन बना सके हैं और उनका औसत 19.90 का रहा है। इस सीजन का खराब ओपनिंग औसत है।

### चौकों और छक्कों में भी रहे पीछे

टीम इस सीजन अब तक सिर्फ 56 सिक्सर लगा सकी है, जो किसी भी टीम से कम है। वहीं, पंजाब ने अब तक सबसे ज्यादा 105 सिक्स लगाए हैं। चौकों की बात करें तो सीएसके ने सिर्फ 135 चौके मारे हैं, जो टूर्नामेंट में दूसरा सबसे खराब आंकड़ा है।



### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| मुंबई | 13 | 09 | 04 | 16 | 1.274 |
| बेंगलुरु | 10 | 07 | 03 | 14 | 0.521 |
| पंजाब | 10 | 06 | 03 | 13 | 0.199 |
| गुजरात | 09 | 06 | 03 | 12 | 0.748 |
| दिल्ली | 10 | 06 | 04 | 12 | 0.362 |
| लखनऊ | 10 | 05 | 05 | 10 | -0.325 |
| कोलकाता | 10 | 04 | 05 | 09 | 0.271 |
| राजस्थान | 11 | 03 | 08 | 06 | -0.780 |
| हैदराबाद | 09 | 03 | 06 | 06 | -1.103 |
| चेन्नई | 10 | 02 | 08 | 04 | -1.211 |


### ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| सूर्यकुमार यादव (मुंबई ) | 475 |
| साई सुदर्शन (गुजरात) | 456 |
| विराट कोहली (बेंगलुरु) | 443 |
| जायसवाल (राजस्थान) | 439 |

### पर्पल कैप (गेंदबाज)

| | |
|---|---|
| जोश हेजलवुड (बेंगलुरु) | 18 |
| प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात) | 17 |
| ट्रेंट वोल्ट (मुंबई) | 16 |
| नूर अहमद (चेन्नई) | 15 |





### बाउंड्री मीटर

835 छक्के
1522 चौके
99 अर्धशतक

मुंबई इंडियंस के रोहित शर्मा (6008) एक टीम के लिए टी-20 में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। इस मामले में रोहित ने हैम्पशायर के जेम्स विंस (5934) को पीछे छोड़ दिया। पहले नंबर पर आरसीबी के विराट कोहली (8871) हैं।

### मैड्रिड ओपन : इगा स्वियातेक सेमीफाइनल में, सामना गॉफ से

**मैड्रिड, जेएनएन।** दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक ने मेडिसन कीस को 0-6, 6-3, 6-2 से हराकर मैड्रिड ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। स्वियातेक का सामना अब सेमीफाइनल में कोको गॉफ से होगा, जिन्होंने मिर्रा आंद्रीवा को सीधे सेटों में 7-5, 6-1 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में आर्यना सबालेंका का सामना एलिना स्वितोलिना से होगा। शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका ने मार्ता कोस्तियुक को 7-6, 7-6 से मात दी, जबकि स्वितोलिना ने मोयुका उचिजिमा को 6-2, 6-1 से हराया।

## मैच-50 : मुंबई ने एक दशक बाद जयपुर में दर्ज की जीत, राजस्थान 100 रन से हारा

# मुंबई का विजयी छक्का, रॉयल्स बाहर

**जयपुर, जेएनएन।** मुंबई इंडियंस ने गुरुवार को आईपीएल के 50वें मैच में राजस्थान रॉयल्स को 100 रन से हराकर लगातार छठवीं जीत दर्ज की और प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करने की ओर मजबूत कदम बढ़ाए। इस हार के साथ राजस्थान का इस सीजन में सफर समाप्त हो गया है। मुंबई को जयपुर में एक दशक बाद पहली जीत मिली है। शुरुआती पांच मैच में चार हार के साथ शुरुआत करने वाले मुंबई के 11 मैच में सात जीत से 14 अंक हो गए हैं और टीम अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। रॉयल्स इतने ही मुकाबलों में छह अंक के साथ आठवें स्थान पर है और प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई है। राजस्थान की यह दूसरी बड़ी हार है। इससे पहले आरसीबी ने 2023 में राजस्थान को 112 रन से हराया था। वहीं, मुंबई की किसी भी टीम के खिलाफ यह तीसरी बड़ी जीत है। मुंबई के 218 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स 16.1 ओवर में 117 रन पर ढेर हो गई। रॉयल्स की ओर से सिर्फ जोफ्रा आर्चर (30) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। रेयान रिकल्टन (61 रन) और रोहित शर्मा (53) ने अर्धशतक लगाए। दोनों ने पहले विकेट के लिए 116 रन जोड़कर मुंबई को बेजोड़ शुरुआत दिलाई। कप्तान हार्दिक पंड्या (नाबाद 48) और सूर्यकुमार यादव (नाबाद 48) ने इसके बाद अंतिम ओवरों में 44 गेंद में 94 रन की अटूट साझेदारी करके टीम का स्कोर दो विकेट पर 217 रन तक पहुंचाया। रॉयल्स की ओर से महेश तीक्षणा और कप्तान रियान पराग ने एक-एक विकेट चटकाया, लेकिन सभी गेंदबाज काफी महंगे साबित हुए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे रॉयल्स की शुरुआत बेहद खराब रही।



**प्लेयर ऑफ द मैच**
**रियान रिकलटन : 61 रन**



■ राजस्थान की यह दूसरी बड़ी हार है। इससे पहले आरसीबी ने 2023 में राजस्थान को 112 रन से हराया था। वहीं, मुंबई की किसी भी टीम के खिलाफ यह तीसरी बड़ी जीत है।

### स्कोर बोर्ड

**मुंबई इंडियंस : 217/2 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रियान रिकलटन बो. थीक्षणा | 61 | 38 | 7 | 3 |
| रोहित का. यशस्वी बो. पराग | 53 | 36 | 9 | 0 |
| सूर्यकुमार यादव नाबाद | 48 | 23 | 4 | 3 |
| हार्दिक पंड्या नाबाद | 48 | 23 | 6 | 1 |

**अतिरिक्त :** 7, **कुल :** 20 ओवर में दो विकेट पर 217 रन, **विकेट पतन :** 1-116, 2-123, **गेंदबाजी :** आर्चर 4-0-42-0, फारूकी 4-0-54-0, तीक्षणा 4-0-47-1, कार्तिकेय 2-0-22-0, मधवाल 4-0-39-0, रियान 2-0-12-1.

**राजस्थान रॉयल्स : 117/10 (16.1 ओवर)**


| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल बो. बोल्ट | 13 | 6 | 0 | 2 |
| सूर्यवंशी का. जैक्स बो. चाहर | 0 | 2 | 0 | 0 |
| नीतीश का. तिलक बो. बोल्ट | 9 | 11 | 2 | 0 |
| पराग का. रोहित बो. बुमराह | 16 | 8 | 3 | 0 |
| ध्रुव जुरेल का. एंड बो. कर्ण | 11 | 11 | 1 | 0 |
| हेटमायर का. सुर्यकुमार बो. बुमराह | 0 | 1 | 0 | 0 |
| शुभम दुबे का. बोल्ट बो. हार्दिक | 15 | 9 | 2 | 1 |
| आर्चर का. बुमराह बो. बोल्ट | 30 | 27 | 2 | 2 |
| तीक्षणा का. सूर्यकुमार बो. कर्ण | 2 | 9 | 0 | 0 |
| कार्तिकेय का. चाहर बो. कर्ण | 2 | 4 | 0 | 0 |
| आकाश मधवाल नाबाद | 4 | 9 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 15, **कुल :** 16.1 ओवर में 117 रन पर सभी आउट, **विकेट पतन :** 1-1, 2-18, 3-41, 4-47, 5-47, 6-64, 7-76, 8-87, 9-91, 10-117, **गेंदबाजी :** दीपक चाहर 2-0-13-1, ट्रेंट बोल्ट 2.1-0-28-3, जसप्रीत बुमराह 4-0-15-2, कॉर्बिन बॉश 3-0-29-0, हार्दिक पंड्या 1-0-2-1, कर्ण शर्मा 4-0-23-3.

### मैदान से हटकर

## सोफी का इजहार ए इश्क, धवन ने किया रिलेशनशिप कन्फर्म

पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन प्यार की पिच पर एक नई पारी की शुरुआत कर चुके हैं। आयशा मुखर्जी से तलाक के बाद धवन एक बार फिर से प्यार में हैं। धवन आयरिश प्रोफेशनल सोफी शाइन के साथ रिश्ते में हैं। दोनों को लंबे समय से एक दूसरे के साथ स्पॉट किया जा रहा था, लेकिन अब इस दोनों के रिश्ते पर मुहर लग गई है। दरअसल सोफी ने इंस्टाग्राम पर शिखर के साथ तस्वीर को शेयर की है। सोफी ने कैप्शन में दिल के इमोजी के साथ लिखा मेरा प्यार। वहीं शिखर ने भी सोफी के साथ यह तस्वीर इंस्टाग्राम पर साझा की। सबसे पहले सोफी को मुंबई एयरपोर्ट पर धवन के साथ स्पॉट किया गया था। इसके बाद ये दोनों कपल कई मौकों पर एक साथ देखे गए। सोफी मूल रूप से आयरलैंड की रहने वाली हैं, वह अबुधाबी में नॉर्दर्न ट्रस्ट कॉरपोरेशन से बतौर वाइस प्रेसिडेंट जुड़ी हुई हैं। उन्होंने लिमरिक इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से मार्केटिंग में स्नातक किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शिखर और सोफी कुछ साल पहले दुबई में मिले थे। सोफी ने आईपीएल 2024 की तस्वीरें साझा की थीं। तब शिखर पंजाब किंग्स का हिस्सा थे। धवन ने पहली बार 13 जून, 2023 को उनके इंस्टाग्राम पोस्ट को लाइक किया था। (जेएनएन)



## गुजरात टाइटंस को हराकर प्लेऑफ की उम्मीद बरकरार रखने उतरेगी हैदराबाद

**अहमदाबाद, जेएनएन।** गुजरात टाइटंस शुक्रवार को आईपीएल के 51वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत की राह पर लौटने उतरेगी। वहीं सनराइजर्स को प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिए यह मैच हर हालत में जीतना होगा। गुजरात नौ मैचों में छह जीत के साथ चौथे स्थान पर है। उसे बाकी पांच मैचों में से सिर्फ दो जीतने होंगे, ताकि प्लेऑफ में पहुंचने के लिए 16 अंक पूरे कर सके। पिछले साल की उपविजेता सनराइजर्स नौ में से सिर्फ तीन मैच जीतकर तालिका में नौवे स्थान पर है। एक और हार से प्लेआफ के उसके रास्ते बंद हो जाएंगे। गुजरात को पिछले मैच में दिक्कतों का सामना करना पड़ा था, जब राजस्थान के खिलाफ उनके कप्तान शुभमन गिल पीठ में जकड़न की वजह से मैदान पर फील्डिंग के लिए नहीं उतरे थे। उस मैच में राशिद खान ने कप्तानी की थी। लेकिन अब गिल इस मैच के लिए उपलब्ध हैं, जो टीम के लिए एक सुखद खबर है। शुरुआत की चार टीमों में अंक तालिका में काफी उथल पुथल देखने को मिल रही है। गुजरात यह मैच जीता, तो सीधा नंबर एक पर पहुंच जाएंगा या हो सकता है कि रन रेट के हिसाब से मुंबई से एक कदम पीछे रहें। दूसरी ओर हैदराबाद को कुछ समय का ब्रेक मिला था और उनकी टीम मालदीव घूमने गई हुई थी। हैदराबाद का सफर खराब रहा है, लेकिन अभी भी वे टूर्नामेंट से बाहर नहीं हुए हैं।

## चेल्सी ने लगातार छठी बार महिला सुपर लीग खिताब जीता




**मैनचेस्टर, जेएनएन।** चेल्सी ने लगातार छठी बार महिला सुपर लीग फुटबॉल खिताब जीत लिया, जो इस सत्र का उनका दूसरा खिताब है। दूसरे स्थान पर काबिज आर्सनल के एस्टोन विला के हाथों 5-2 से हारने के बाद चेल्सी ने मैनचेस्टर युनाइटेड को 1-0 से हराकर नौ अंक की अजेय बढ़त बना ली। अभी दो मुकाबले खेले जाने बाकी हैं। चेलसी ने इस सत्र में लीग कप पहले ही जीत लिया है और एफए कप फाइनल में पहुंच गई है, जहां उसका सामना 18 मई को वेम्बली स्टेडियम में मैनचेस्टर युनाइटेड से होगा।

## लॉर्ड्स पर खेला जाएगा विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप का फाइनल

### 2026 में टूर्नामेंट, 12 टीमों के बीच 33 मैच

**दुबई, जेएनएन।** महिला टी-20 विश्व कप फाइनल अगले साल पांच जुलाई को लाड्र्स क्रिकेट मैदान पर खेला जाएगा। आईसीसी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। 12 टीमों का टूर्नामेंट 12 जून को शुरू होगा, जिसमें 33 मैच खेले जाएंगे। इसका फाइनल लॉर्ड्स पर होगा, जहां 2017 महिला वनडे विश्व कप का फाइनल भी खेला जा चुका है। लाड्र्स के अलावा विश्व कप के मैच ओल्ड ट्रैफर्ड, हेडिंग्ले, एडबस्टन, ओवल, हैंपशर बाउल और ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड पर खेले जाएंगे। टूर्नामेंट में टीमों को दो समूहों में बांटा जाएगा, जिसके बाद नॉकआउट खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज समेत आठ टीमें क्वालिफाई कर चुकी हैं, जबकि बाकी चार टीमों का चयन आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप क्वालिफायर 2025 से होगा। आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने कहा कि ब्रिटेन में सभी टीमों को अपार समर्थन मिलता है। 2017 में लाड्र्स पर महिला विश्व कप फाइनल में स्टेडियम खचाखच भरा था और फाइनल के लिए इससे बेहतर कोई जगह नहीं हो सकती।

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ
## तीन चरण में उत्कृष्ण खिलाड़ियों का होगा निर्माण

**भोपाल, खेप्र।** खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने गुरुवार को टीटी नगर स्टेडियम में प्रदेशव्यापी ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मंत्री सारंग ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर युवाओं के शारीरिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक विकास की दिशा में एक सार्थक पहल है। प्रतिवर्ष स्कूली विद्यार्थियों के लिए आयोजित किए जाने वाले पारंपरिक ग्रीष्मकालीन खेल शिविर को इस वर्ष एक नवीन रूप प्रदान किया गया है। मंत्री सारंग ने बताया कि तीन-चरणीय योजना के तहत हम उत्कृष्ट खिलाड़ी निर्माण करेंगे, जिसमें प्रथम चरण में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को चयनित किया जाएगा। द्वितीय चरण में चयनित खिलाड़ियों को विभाग की 'प्रतिभा खोज' और 'खेलो बढ़ो अभियान' जैसे योजनाओं से जोड़ा जाएगा। वहीं तृतीय चरण में शीर्ष खिलाड़ियों को खेल अकादमियों और 'खेलो एमपी' सहित विभाग की प्रमुख प्रतियोगिताओं में सम्मिलित कर भविष्य के चैंपियन तैयार किए जाएंगे।



**खेल मंत्री ने किया शुभारंभ**



**इन खेलों का प्रशिक्षण** कैंप में वालीबॉल, जिम्नास्टिक, जूडो, ताइक्वांडो, बॉक्सिंग, कबड्डी, तलवारबाजी, कराते, मल्लखम्ब, टेबिल टेनिस, स्केटिंग, कुश्ती, लॉन टेनिस, बैडमिंटन, फुटबॉल, बॉस्केटबॉल, एरोबिक, स्क्वाश, एथलेटिक्स, शूटिंग (राइफल/पिस्टल) का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रदेश के समस्त जिलों में 30 जून तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में भाग लेने के लिए विद्यार्थी 18 मई तक एमवॉयएमपी पोर्टल www.merayuva.mp.gov.in पर पंजीयन कर सकेंगे।

## प्रारब्ध-पृथ्वीराज के दोहरे प्रदर्शन से जीता भोपाल

**भोपाल, खेप्र।** कप्तान प्रारब्ध मिश्रा और पृथ्वीराज तोमर के दोहरे प्रदर्शन की बदौलत भोपाल डिविजन ने बॉयज-22 लिमिटेड ओवर्स ट्रॉफी इंटर डिविजनल क्रिकेट टूर्नामेंट में उज्जैन को पांच विकेट से हराया। भोपाल 2 मई को जबलपुर के खिलाफ अगला मैच खेलेगा। पहले बल्लेबाजी करने उतरी उज्जैन डिविजन 45.5 ओवर में 177 रन पर सिमट गई। अभियुग प्रजापति ने 32, रिषि ने 25 और दीपेंद्र ने 24 रन बनाए। भोपाल के पृथ्वीराज ने 3 विकेट लिए। प्रारब्ध, तन्मय पांडेय और शिवांश चतुर्वेदी को 2-2 सफलता मिली। जवाब में भोपाल ने 26 ओवर में 5 विकेट खोकर मैच जीत लिया। प्रारब्ध ने नाबाद 70 और पृथ्वीराज ने 69 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। इशान अफरीदी और दीपेंद्र ठाकुर ने 2-2 विकेट लिए।



## महिला राष्ट्रीय रैंकिंग तीरंदाजी में देशभर के तीरंदाजों से साधे निशानें

**भोपाल, खेप्र।** शहर के अंकुर खेल परिसर में खेली जा रही तीसरी महिला राष्ट्रीय रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता में देशभर के तीरंदाज हिस्सा ले रहे हैं। यह प्रतियोगिता भारतीय तीरंदाजी और मप्र मध्यप्रदेश तीरदाजी संघ के तत्वाधान में आयोजित की जा रही है। गुरुवार को सीनियर वर्ग रिकर्व एंव कंपाउंड तीरंदाजी स्पर्धा में भारत की लगभग 130 महिला तीरंदाजी ने भाग लिया। जूनियर वर्ग में 120 तीरंदाजों ने हिस्सा लिया। सब जूनियर वर्ग में 25 खिलाड़ियों ने लक्ष्य को साधा और सर्वश्रेष्ट अंक अर्जित किए। शुक्रवार को प्रतियोगिता के निर्णायक मुकाबले सुबह आठ बजे से खेले जाएंगे। प्रतियोगिता का शुभारंभ खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने किया। इस अवसर पर खेल संचालक राकेश गुप्ता, मप्र तीरदांजी संघ के अध्यक्ष गिरजाशंकर शर्मा और उपाध्यक्ष विनोद प्रधान उपस्थित रहे।



## जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक 8 को

**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में मैन्युअल स्केवेंसिंग जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक 8 मई को कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित की गई है। जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग ने सुबह 11 बजे से आयोजित बैठक में संबंधितों से उपस्थिति का अनुरोध किया है।

## समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम आज

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव दो मई को शाम चार बजे से वीडियो कान्फ्रेंसिंग से आयोजित समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में निर्धारित एजेण्डा बिन्दुओं की समीक्षा करेंगे। बैठक में समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की जाएगी। बैठक में पीएमश्री एयर एंबुलेंस सेवा तथा निवेश संवर्धन केन्द्र की भी समीक्षा की जाएगी।

# 24 घंटे बाद चढ़ना था तिलक युवक की हादसे में चली गई जान

### मातम में बदली खुशियां, आज चढ़ना था तिलक और 6 को थी शादी

जागरण,रीवा

मऊगंज जिले के नईगढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले कटरा-मऊगंज मुख्य मार्ग में लालगंज के समीप सड़क हादसे में एक बाइक सवार 23 वर्षीय युवक की मौत हो गई। वहीं मृतक का भाई घायल हो गया है। बता दें कि युवक की मौत के बाद दो घरों की खुशियां एक साथ मातम में बदल गई, युवक का 2 मई को तिलक था जबकि 6 मई को बारात जानी थी। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीती रात करीब 8 बजे तारी मुजरा गांव निवासी लवकुश कुशवाहा अपने भाई अमित कुशवाहा के साथ नईगढ़ी थाना क्षेत्र के मधवा गांव रिश्तेदारी में मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए जा रहे थे। कटरा मऊगंज मुख्य मार्ग में लालगंज के समीप पीछे से आ रही सफेद रंग की तेज रफ्तार कार के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक चालक को पीछे से टक्कर मार दिया। जिससे बाइक चालक लवकुश कुशवाहा उम्र 23 वर्ष और बाइक में पीछे बैठा भाई अमित कुशवाहा उम्र 20 वर्ष सड़क पर दूर जा गिरे। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची नईगढ़ी पुलिस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नईगढ़ी में भर्ती कराया जहां गंभीर रूप से घायल लवकुश कुशवाहा को परीक्षण के दौरान चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं अमित कुशवाहा को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। मृतक के भाई अमित ने बताया कि भाई लवकुश का 2 मई को तिलक होना था और 6 मई को बारात की तारीख निश्चित की गई थी। लेकिन उससे पहले ही मौत उसे अपने साथ ले गई।

## पीछे से बाइक ने मारी टक्कर, बालिका की मौत

**समान थाना क्षेत्र के रतहरा के समीप हुआ हादसा**

**रीवा।** शहर के समान थाना क्षेत्र अंतर्गत रतहरा के समीप हुए सड़क हादसे में एक 9 वर्षीय बालिका की जान चली गई। जबकि पति-पत्नी सहित एक बच्चा घायल है, जिनका उपचार रीवा के संजय गांधी अस्पताल में चल रहा है। घटना के संबंध में फूलचंद पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि कल बाइक से सभी लोग ग्राम कुइयां कला थाना मनगवां से रीवा उर्रहट मोहल्ले आ रहे थे, इसी दौरान पीछे से आ रहे दूसरे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे सभी लोग सड़क पर जा गिरे। इस दौरान साल्वी पटेल उम्र 9 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे गंभीर अवस्था में उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल लाया गया जहां उसकी मौत हो गई, वहीं घटना में घायल तीन लोगों का उपचार कराया जा रहा है।


चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
कामता मेडिकल ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.) 9399312433 9981287311


## सिटी क्राइम मीटर (अप्रैल)

| थाना | पंजीबद्ध अपराध |
|---|---|
| सिटी कोतवाली | 58 |
| सिविल लाइन | 25 |
| विश्वविद्यायल | 20 |
| चोरहटा | 51 |
| बिछिया | 23 |
| समान | 42 |
| अमहिया | 20 |
| योग | 239 |

दिन 30, मामले 239

## जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन 5 मई तक

रीवा। जिले में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में पंजीकृत किसानों से गेहूं का उपार्जन किया जा रहा है। शासन द्वारा गेहूं उपार्जन के लिए 5 मई अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि गेहूं उपार्जन की अंतिम तिथि समीप आने से खरीदी केन्द्रों में बड़ी संख्या में किसान आ सकते हैं।

# सरपंच सहित ग्रामीणों ने किया शासकीय भूमि पर कब्जा

**जागरण,रीवा।** जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत पुरास में मध्य प्रदेश शासन की एक एकड़ जमीन पर रातों रात सरपंच एवं हरिजन परिवारों द्वारा झोपड़ी तान दी गईं। जिससे मौके पर तनाव की स्थिति बन गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए। सूत्रों की मानें तो इस सरकारी जमीन पर कई वर्षों से ब्राह्मणों का कब्जा था और मामला उच्च न्यायालय जबलपुर में विचाराधीन था। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत पुरास सरपंच राम भजन साकेत द्वारा आराजी नंबर 1043 पर अवैध कब्जा करते हुए मकान निर्माण करवा जा रहा है। वहीं सरपंच की शह पर हरिजन बस्ती के लोग भी इस शासकीय जमीन पर जबरन कब्जा कर भवन निर्माण कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इस जमीन पर ग्रामीणों का एक सपना था कि मध्य प्रदेश शासन की योजना अंतर्गत पंचायत भवन सामुदायिक भवन उप स्वास्थ्य केंद्र जैसे निर्माण कराया जाए। लेकिन हरिजन सरपंच होने के नाते मध्य प्रदेश शासन द्वारा मंजूर किए गए उप स्वास्थ्य केंद्र को एक तालाब पर निर्माण कार्य करने के लिए जमीन अर्जित की गई है, जहां शासकीय तालाब पर कोई निर्माण नहीं होना चाहिए। ग्रामीणों का कहना है कि अगर यह शासकीय जमीन प्रशासन द्वारा मुक्त नहीं कराई गई तो कोई बड़ी घटना घटित हो सकती है और इसके जिम्मेदार आला अधिकारी होंगे।

# नकाबपोश बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश, सरगना पकड़ाया

### चोरी के लाइव वीडियो से हुई गिरोह की पहचान, बाइकें हुईं बरामद

**जागरण,रीवा।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने शातिर बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के सरगना सहित उसके साथी को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से चोरी की बाइक भी बरामद की गई है। पुलिस के मुताबिक पकड़ा गया सरगना अपने गिरोह के साथ बाइक चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था, जिसका खुलासा पुलिस की पूछताछ के दौरान हुआ। कार्यवाही के संबंध में सिविल लाइन थाना प्रभारी कमलेश साहू ने बताया कि 23 अप्रैल की रात आरोपियों ने दुर्गा कॉलोनी में राहुल सिंह के यहां बाइक चोरी की घटना को अंजाम दिया था, जिसमें आरोपी नकाब बांधकर घर के अंदर घुसे थे। फरियादी की शिकायत के बाद नकाबपोश आरोपियों की तलाश शुरू की गई, जिसमें राजू कुशवाहा नामक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जिससे की गई पूछताछ के बाद आरोपी की निशानदेही पर शुभम सोनी के पास से चोरी की बाइक बरामद की गई। बताया जा रहा है कि आरोपी पांच सदस्यों का गिरोह बनाकर विभिन्न स्थानों में चोरी की घटना को अंजाम देते हैं, इसके बाद गाड़ी को ठिकाने लगाते हैं। बताया जा रहा है कि आरोपी चोरी की गाड़ी को काटकर उसका सामान भी अलग-अलग कर बिक्री कर देते थे। फिलहाल पुलिस की पूछताछ में हुए इस खुलासे के बाद अन्य आरोपियों की तलाश में जगह-जगह छापेमार कार्यवाही की जा रही है। मामले में गिरोह के सभी सदस्य नामजद हो चुके हैं, जिसमें से राजू कुशवाहा को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है, साथ ही गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है।

## 48 वाहन चालकों का किया गया ई-चालान

**रीवा।** शहर में ट्रैफिक सिग्नल तोड़ने वालो के खिलाफ पुलिस सख्त है, वाहनों पर ई-चालान सीसीटीवी के माध्यम से किया जा रहा है। बीते दिनों से लगातार यातायात पुलिस द्वारा चालानी कार्यवाही की जा रही है। गुरुवार को भी चालानी कार्यवाही की गई। कॉलेज चौराहा और मार्तंड तिराहा में सिग्नल तोड़ने वाले 48 वाहन चालकों पर ई-चालान काटा गया। उन्हें इस चालान से अवगत करा दिया गया है। वहीं इसके साथ ही कॉलेज चौराहा के समीप हेलमेट न लगाकर बाइक चलाने वाले और मॉडिफाई साइलेंसर लगाने वालों पर चालानी कार्यवाही की गई। यातायात पुलिस की इस चालानी कार्यवाही से वाहन चालकों में खौफ है, वाहन चालक अब ट्रैफिक सिग्नल तोड़ने से कतराते हैं।

## जिला बदर के आरोपी पर हुई कार्रवाई

**रीवा।** जिला बदर के आरोपी अपने घर पहुंचा तो इसकी सूचना होते ही पुलिस ने उसे धर दबोचा। बताया गया कि मनगवां थाना क्षेत्र के अमिरिती वार्ड क्रमांक 10 निवासी आरोपी राहुल मिश्रा पिता संगीता मिश्रा उम्र 28 वर्ष घर जा रहा है। जिसकी सूचना मुखबिर से होते ही पुलिस ने उसे पकड़ लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## दुष्कर्म मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**रीवा।** हनुमना पुलिस ने बलत्कार के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया गया कि इस मामले की शिकायत बीते 29 अप्रैल को पहुंचकर फरियादिया ने की थी। घटना के बाद से आरोपी फरार था और पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी सैफ अली उर्फ अमन अंसारी पिता सरफराज अहमद उम्र 23 वर्ष निवासी हटवा पोस्ट पतुलखी थाना शाहपुर जिला मऊगंज को 24 घंटे के अन्दर गिरफ्तार कर लिया।


लाइफ केयर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
आयुष्मान एवं कैशलेस द्वारा मुफ्त इलाज
कम खर्च दर्द निशान रक्तस्राव
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
संपर्क करें जनता कॉलेज रोड, अनन्तपुर रीवा (म.प्र.) 07662-356125, 8435896118

संपूर्ण हड्डी व जोड़ रोग परामर्श OPD
डॉ. शान्तनु सिंह एम.बी.बी.एस, एम.एस. (आर्थोपेडिक्स)
FIJR, OIJR (अहमदाबाद), फेलोशिप इन ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
पूर्व सर्जन गर्वमेन्ट मेडिकल कालेज सागर
हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
हमारी सेवाएं :- घुटना व कूल्हा प्रत्यारोपण। कमर दर्द / साइएटिका का दर्द। दूरबीन द्वारा लिगामेंट की सर्जरी। बच्चों की हड्डी संबंधित समस्याएं। गठिया व ऑस्टियोपोरोसिस का इलाज। फ्रैक्चर व ट्रॉमा का उपचार।
समय :- प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे तक एवं सायं 4 से 6 बजे तक
कामता मेडिकल ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.) 9399312433 9981287311

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
डॉ. कोम्पल अग्रवाल MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
मो.-7247097637
सौन्दर्य क्लीनिक शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्पलेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

The Maya International School KNOWLEDGE.WISDOM.SUCCESS
Class Play Group to VIII ENROLL NOW ADMISSION OPEN FOR 2025-26
THE MAYA INTERNATIONAL SCHOOL Dwarika Nagar in front of Green Land Marriage Garden, Rewa (M.P.)
07662-355510 +91 9770827277 www.themis.co.in

कामता मल्टी स्पेशलिटी क्लीनिक एन्ड डायग्नोस्टिक, रीवा में
ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग परामर्श OPD 04 मई, रविवार
डॉ. सचिन सिंह MS.,MCh (न्यूरो) PGI नई दिल्ली
कामता मेडिकल ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.) मो.: 9399312433, 9981287311

डॉ. निशा डायलिसिस सेंटर पता- अग्रवाल नर्सिंग होम, खुटेही, रीवा
24/7 Our Services Dialysis (डायलिसिस)
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें 9174566996 7771009417
अन्य सुविधाएं: 24x7 मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. ईशान गोयल, 24x7 स्त्री रोग विशेषज्ञ, वेंटिलेटर एवं Bipap, 24x7 मेडिकल स्टोर

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर) (निः संतान दंपतियों के लिए)
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा स्त्री एवं प्रसूति रोग
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830 खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

BBS MEMORIAL HR. SEC. SCHOOL BBS KIDS ZONE
AZAD NAGAR, REWA (M.P.) 9424777617
ADMISSION OPEN For Nursery to 12th No Admission FEE
100+ student got LAPTOP Rewards from M.P. Board

मिनर्वा द मेडिसिटी मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रीवा
जन्मजात बाल्य हृदय रोग एवं बाईपास सर्जरी आयुष्मान कार्ड के तहत निःशुल्क इलाज
दिनांक: 03, 04, 05 मई 2025
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैंड, रीवा (म.प्र.) 9893516364, 8770288324 टोल-फ्री नंबर:- 18008892250

द हार्ट क्लीनिक डॉ. शिरीष मिश्रा
हृदय रोग विशेषज्ञ
आराध्या मेडिकल स्टोर
व्यवस्थापक :- राहुल तिवारी निरंजन मेडिकल

श्री रामकृष्ण कॉलेज ऑफ फार्मेसी
डी. फार्मा
पता- ग्राम देवरा, गुरुकुल स्कूल के पास, चोरहटा, रीवा (म.प्र.)
मो.: 9584324641,6262084843,7470944611

अप्रैल, मई, जून माह में प्रत्येक ट्रैक्टर खरीदी करने पर 5000 रुपये तक का कूपन फैमिली मार्ट में मुफ्त खरीदी करने के लिये।
855 FE 742 XT 744 FE 744 XT
नियम एवं शर्तें लागू SWARAJ
महामाया ट्रैक्टर्स एण्ड मोटर्स पता :- रिंग रोड रतहरा, रीवा (म.प्र.), Mob. No. 9425035693, 9752649410

नए जोश के साथ हर इंप्लिमेंट के लिए तैयार पेश है नया स्वराज 742 XT
स्वराज 742 XT ट्रैक्टर + स्वराज रोटावेटर अब ले जाईये मात्र रु. 869999/- में
3307 CC Engine Double Clutch Reverse PTO
महामाया ट्रैक्टर्स एण्ड मोटर्स पता :- रिंग रोड रतहरा, रीवा (म.प्र.), Mob. No. 9425035693, 9752649410



जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालय:- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com